गुरुवार

26 सितंबर 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



दाखिल खारिज के आवेदन समय पर मंजूर नहीं किया तो सीओ पर होगी कार्रवाई 2



# बिहार में स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ राजद का आंदोलन छेड़ने का ऐलान

- एक अक्टूबर से पूरे बिहार में प्रखंड स्तर पर होगा आंदोलन
- राजद के प्रदेश अध्यक्ष बोले- बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगा आम जनता को लूट रहा है

**केटी न्यूज/पटना**



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बुधवार को राजद कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य में लग रहे स्मार्ट मीटर को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाकर आम जनता को लूट रहा है। आम जनता परेशान है लेकिन विभाग स्मार्ट मीटर लगाने के मुहिम को और तेजी से बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल इस मुद्दे को लेकर एक अक्टूबर से पूरे बिहार में प्रखंड स्तर पर आंदोलन चलाएगी। जगदानंद सिंह ने कहा कि अन्य राज्यों में इतना तेजी से स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा रहा है। आखिर क्या कारण है कि बिहार में स्मार्ट मीटर बहुत तेजी से लगाया जा रहा है और जो लोग नहीं लगा रहे हैं उन लोगों पर कार्रवाई भी हो रही है। लोगों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। बिहार में कई जगहों पर इसका विरोध हो रहा है और आम जनता इससे परेशान है। इसलिए राष्ट्रीय जनता दल इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर पूरे बिहार में आंदोलन करेगी।

### स्मार्ट मीटर लगाने आनेवालों को गांव में घुसने मत दें

जगदानंद सिंह ने आह्वान किया कि जो बिजली कर्मी स्मार्ट मीटर लगाने आए उन्हें गांव में घुसने मत दो। उन्होंने कहा कि ये आरजेडी का नारा है कि स्मार्ट मीटर लगाने वालों को गांव में प्रवेश न दें और स्मार्ट मीटर को उखाड़ कर फेंक दें। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर लगाने की जो प्रक्रिया है उस पर रोक लगाए, क्योंकि जनता का साफ-साफ मानना है कि जब स्मार्ट मीटर लगा दिया जाता है तो बिजली बिल लगातार बढ़ते चला जा रहा है। जगदानंद सिंह ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के जरिए बहुत बड़ी लूट बिजली कंपनियां बिहार में कर रही है। लोग इसका विरोध भी कर रहे हैं, बावजूद सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

**विद्रोह के कगार पर है बिहार:** जगदानंद सिंह ने कहा यदि डेढ़ दो महीने के भीतर इसमें सुधार नहीं हुआ तो स्मार्ट मीटर उखाड़ कर फेंक दो। स्मार्ट मीटर लूट का आधार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ लूट होती रहे और तेजस्वी देखते रहें इसके लिए राजद नहीं बना है। कहा स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों को जो परेशानी हो रही है उसकी वजह से बिहार विद्रोह के कगार पर खड़ा है।

राजद के वरिष्ठ नेता ने बताया कि गांव तक बिजली पहुंचाने के नाम पर कंपनियां पोल गाड़ने से लेकर तार खींचने तक का चार्ज वसूल रही हैं। जबकि सरकार की तरफ से इन्हें 23 हजार करोड़ रुपए की राशि लोगों तक बिजली पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर प्रदेश में भयानक करप्शन चल रहा है। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 2005 से तुलना की जाती है। लेकिन 2005 की तुलना 2024 में करने से काम नहीं चलता है।

आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने बिजली विभाग की लूट को उजागर करते हुए कहा कि आज बिहार का बिजली विभाग लूट का अड्डा बना हुआ है। उन्होंने तीखी बयानबाजी करते हुए कहा कि जितने भी लुटेरे हैं, वह बिजली विभाग चला रहे हैं। इनके सरदार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। जगदानंद सिंह ने कहा कि सीएम को इस लूट से जनता को बचाना चाहिए। वरना जनता का क्रोध कभी-कभी उबाल जाता है। जिससे बहुत मुश्किल होता है।

## देश के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आगाह किया कि जजों को ऐसी आकस्मिक टिप्पणियों से बचना चाहिए, जो महिलाओं के प्रति द्वेषपूर्ण और किसी भी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रहपूर्ण हों। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने मौखिक रूप से कर्नाटक हाईकोर्ट के जज द्वारा की गई टिप्पणी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, आप देश के किसी भी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकते। यह मूल रूप से राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ है। ज्ञात हो कि हाईकोर्ट के जज ने बेंगलुरु के एक विशेष इलाके को पाकिस्तान कहा था।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन में बुजुर्ग को आया हार्ट अटैक, टीटीई ने बचाई जान



**छपरा।** दरभंगा से लोकमान्य तिलक जा रही गाड़ी संख्या 11062 पवन एक्सप्रेस में ऑन ड्यूटी टीटीई सविंद कुमार की सतर्कता और तत्परता ने एक बुजुर्ग की जान बचा ली। इस बुजुर्ग को ट्रेन में हार्ट अटैक आया तो टीटीई ने तत्काल सीपीआर देकर उनकी जान बचा ली। इसके बाद रेल चिकित्सकों के सहयोग से छपरा में बुजुर्ग को ट्रेन से उतार कर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पवन एक्सप्रेस में सफर कर रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग यात्री ए-वन कोच में अपने भाई के साथ बनारस जा रहे थे। इस दौरान वे बेहोश हो गए। उनके भाई ने रेल मदद पर इसकी जानकारी देकर मदद मांगी। उसके बाद सोनपुर कमर्शियल कंट्रोल से कोच के टीटीई को जानकारी दी गई। इस बीच यात्री के साथ चल रहे उनके भाई ने अपने फैमिली डाक्टर से बात की। बताया कि भाई पूरी तरह बेहोश हैं, सांसें चल रहीं हैं। फैमिली डाक्टर ने सीपीआर देने की सलाह दी। इस बीच टीटीई सविंद कुमार पहुंच गए। सोनपुर-छपरा रेलखंड के बीच बेहोश यात्री को करीब 15 मिनट तक सीपीआर दी। इससे उनकी आंख खुल गई। थोड़ी देर में ट्रेन छपरा स्टेशन पहुंच गई। वहां रेलवे के चिकित्सकीय दल पहले से मौजूद थे। उसके बाद बुजुर्ग को स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस घटना की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद ने टीटीई सविंद कुमार को सम्मानित करने की घोषणा की तथा सीनियर डीसीएम रौशन कुमार ने भी नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की।

### दु:खद: संतान की लंबी आयु के लिए रखे जानेवाले पर्व के दिन हुई बड़ी घटना

# औरंगाबाद में जितिया स्नान के दौरान तालाब में डूबने से आठ बच्चों की मौत

- बारुण प्रखंड के इठहट गांव में पांच और मदनपुर में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत
- नहाने के क्रम में तालाब में डूब रही दो बच्चियों को ग्रामीणों ने बचा लिया
- स्नान के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गए बच्चे

**केटी न्यूज/पटना**



संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखे जानेवाले व्रत जितिया के दिन बिहार के औरंगाबाद जिले में एक ऐसी घटना घट गई, जिसका गम जिंदगी भर सालता रहेगा। दरअसल, औरंगाबाद में जितिया स्नान के दौरान तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से 8 बच्चों की मौत हो गई जबकि एक बच्ची को ग्रामीणों ने बचा लिया। घटना के बाद बारुण और मदनपुर में शोक की लहर दौड़ गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश और एसडीएम संतन कुमार सिंह की उपस्थिति में शवों के पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार बारुण प्रखंड के इठहट गांव में जितिया पर्व को लेकर पांच बच्चे तालाब में स्नान करने गए थे और स्नान के दौरान सभी एक-एककर फिसल गए। स्थानीय बच्चों के शोर मचाए जाने पर कई ग्रामीण तालाब में कूद पड़े, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। स्थानीय गोताखोरों की मदद से सभी बच्चे को निकाला गया। खबर लिखे जाने तक दोनों ही घटनास्थल पर पुलिस और रेस्क्यू टीम भी मौजूद थी। रेस्क्यू टीम एक बच्चे की तलाश में जुटी थी। सभी बच्चों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

मृतक बच्चों की पहचान गौतम सिंह की 9 वर्षीय पुत्री और 11 वर्षीय पुत्री, गुड्डू सिंह की 12 वर्षीय पुत्री, मनोज सिंह की 10 वर्षीय पुत्री शामिल है जबकि धीरज सिंह की 16 वर्षीय पुत्री को बचा लिया गया। वहीं, मदनपुर के तालाब में डूबने से उपेंद्र यादव के 10 वर्षीय पुत्र, वीरेंद्र यादव की 12 वर्षीय पुत्री, युगल किशोर की 13 वर्षीय पुत्री, सरोज कुमार यादव की 12 वर्षीय पुत्री शामिल है जबकि इस हादसे में जयपाल यादव की 13 वर्षीय पुत्री को ग्रामीणों ने बचा लिया।

### गुजरात में तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी, 7 लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में साबरकांठा जिले के हिम्मत नगर में बुधवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेजरफ्तार कार ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे के वक्त कार की स्पीड इतनी थी कि आधी कार ट्रक में घुस गई। इस हादसे में कार में सवार 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। आशंका है कि यह हादसा कार चालक को नींद का झोंका आने की वजह से हुआ। पुलिस के मुताबिक कार में कुल 8 लोग सवार थे और शामलाजी से चलकर अहमदाबाद जा रहे थे। पुलिस ने घायल और मृतक की पहचान करने के बाद उनके परिजनों को सूचित कर दिया है। पुलिस के मुताबिक इस हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। अनुमान है कि हादसे के वक्त की स्पीड 120 किमी प्रतिघंटा से अधिक रही होगी। चूंकि कार का अगला हिस्सा ट्रक में पीछे से अंदर घुस गया था। इसलिए पुलिस और फायर विभाग के कर्मचारियों ने बड़ी मुश्किल से कार को काट कर शवों को बाहर निकाला।

## कांग्रेस ने हरियाणा को दलालों व दामादों को सौंप दिया है: मोदी

**एजेंसी/सोनीपत**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोनीपत में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मतदान का दिन नजदीक आ रहा है, कांग्रेस उम्मीद खोती जा रही है। हरियाणा में भाजपा के लिए समर्थन दिन-ब-दिन बढ़ रहा है। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 5 अक्टूबर को होगा। वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों ने हरियाणा को दलालों और दामादों को सौंप दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जहां भी कांग्रेस ने अपना पैर रखा है, भ्रष्टाचार और 'भाई-भतीजावाद' को बढ़ावा दिया है। कांग्रेस ने सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार को जन्म दिया है। कांग्रेस पार्टी हमारे देश में भ्रष्टाचार की जननी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इनके साथियों को जम्मू कश्मीर में शांति पसंद नहीं हैं। कांग्रेस फिर से धारा 370 वापस लाना चाहती है। आतंक और अलगाववाद को फिर से हवा देना चाहती है। ऐसी कांग्रेस को आप हरियाणा के लोग सबक सिखाएंगे, ये मुझे पूरा भरोसा है।

पीएम ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने कहा था कि दलितों का सशक्तिकरण हमेशा औद्योगिक विकास से निकटता से जुड़ा रहा है। आज बीजेपी सरकार में हरियाणा कृषि और उद्योग के क्षेत्र में देश के शीर्ष राज्यों में शुमार है, जब औद्योगीकरण होता है तो गरीबों, किसानों, दलितों को सबसे ज्यादा लाभ मिलता है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, शोषितों के साथ भी धोखा किया है। 2014 में जब हुड्डा जी यहां सीएम हुआ करते थे, तब ऐसा कोई साल नहीं था जब दलितों के साथ अन्याय नहीं हुआ। अनेक दलितों के साथ अन्याय हुआ। हर कोई जानता था कि दलितों के खिलाफ कांग्रेस खाद-पानी देती है। कांग्रेस ने हमेशा ही गरीब और पिछड़ों को विकास से बाहर रखा है। जब-जब कांग्रेस सरकार से दूर रही है तब-तब गरीबों को उनका हक मिला है, जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है गरीबों और दलितों का हक छीना गया है।

## जम्मू कश्मीर की 26 सीटों पर 54% वोटिंग

### विधानसभा चुनाव दूसरा चरण

**केटी न्यूज/पटना**



जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान बुधवार शाम खत्म हो गया। दूसरे दौर में छह जिलों की कुल 26 सीटों के लिए मतदान कराया गया। इस चरण में 25 लाख से अधिक मतदाता 239 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। दूसरे दौर में श्रीनगर जिले की आठ सीटों पर मतदान हुआ। इसके बाद रियासी में छह, बडगाम में पांच, रियासी और पुंछ में तीन-तीन और गांदरबल में दो सीटों पर मतदान कराया गया। शाम 5 बजे तक जम्मू कश्मीर में 54.00 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 71.81 फीसदी वोटिंग रियासी जिले में तो सबसे कम श्रीनगर जिले में 27.31 फीसदी दर्ज की गई।

कश्मीर घाटी में 15 विधानसभा क्षेत्रों में से खानसाहिब सीट पर 58.2 प्रतिशत मतदान हुआ, इसके बाद कंगन (आरक्षित) में 56.55 प्रतिशत और चरार-ए-शरीफ में 55.04 प्रतिशत मतदान हुआ। आर्टिकल 370 के निरसन के बाद जम्मू-कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार को 26 निर्वाचन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने पहुंचे और विदेशी राजनयिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इसका निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के हिसाब से मतदान में जल्द ही तेजी आयी और पहले चार घंटों में करीब एक चौथाई मतदाताओं ने वोट डाला।

### हमारी सरकार बनते ही जम्मू को राज्य का दर्जा दिलाएंगे: राहुल

**श्रीनगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब तक यहां लेफ्टिनेंट गवर्नर है तब तक सारा काम बाहर के लोगों को मिलेगा। ये लोग चाहते है कि जम्मू कश्मीर को बाहर के लोग चलाएं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में हमारी सरकार बनते ही सबसे पहले राज्य का दर्जा वापस दिलाने का काम करेंगे। राहुल गांधी ने कहा आज देश की सरकार अडानी और अंबानी जैसे अरबपतियों के लिए चलती है। नोटबंदी और गलत जीएसटी ने हिंदुस्तान के लाखों बिजनेस खत्म कर दिए।




### सीएम योगी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, बोले...

# अंत्योदय के प्रणेता महान चिंतक व विचारक थे पं. दीनदयाल



**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चारबाग रोड स्थित केकेसी कॉलेज के समीप दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। सीएम योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव, गरीब, किसान, समाज के दबे-कुचले लोगों व महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि है और उस तबके लिए सहानुभूति है। हर हाथ को काम, हर खेत को पानी उनका उद्घोष था। वे कहते थे कि आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर नहीं, बल्कि सबसे नीचे पायदान पर खड़े व्यक्ति के माध्यम से की जानी चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि 70 वर्ष पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक बनी है। इसी का परिणाम है कि कोरोना महामारी के दौरान से ही देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला योजना का निशुल्क सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को मकान, 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ है। यह दृष्टि समाज को समग्र रूप से विकास के पथ पर अग्रसर करने, सामाजिक विकास के माध्यम से सांस्कृतिक उत्थान व राष्ट्र के समग्र विकास की रूपरेखा को बढ़ाने की है।

# दाखिल खारिज के आवेदन समय पर मंजूर नहीं किया तो सीओ पर होगी कार्रवाई: राजस्व मंत्री

♦ राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने पटना में सीओ के साथ बैठक

केटी न्यूज/पटना



बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने दाखिल खारिज में लापरवाही बरतने वाले अंचल अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है। मंत्री ने कहा कि अगर पदाधिकारियों ने जानबूझकर रैयतों (जमीन मालिकों) के दाखिल खारिज के आवेदन को समय से मंजूर नहीं किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बुधवार को पटना में अंचल पदाधिकारियों (सीओ) के साथ दाखिल खारिज की समीक्षा बैठक की। दिलीप जायसवाल ने बैठक में कहा कि लोगों के राजस्व विभाग की योजनाओं और खासकर म्यूटेशन के आवेदनों को जानबूझकर न लटकाए जाएं। ऐसा करने वाले पदाधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। लोगों को योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद करने की जरूरत है। उन्होंने रैयतों द्वारा के दाखिल खारिज के लंबित ऑनलाइन आवेदनों पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही कहा कि अंचल पदाधिकारी जल्द से जल्द लंबित आवेदनों को निपटाएं।

इस बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अंचल पदाधिकारियों को अक्टूबर अंत तक का समय दिया। उन्होंने कहा कि अगले महीना खत्म होने तक लंबित आवेदनों में कम से कम 50 फीसदी की कमी लाई जाए। अभी दाखिल खारिज के 6 लाख आवेदन लंबित हैं, जिनकी संख्या आगामी महीनों में घटकर 2 लाख होनी चाहिए। एसीएस दीपक कुमार ने बयान जारी कर कहा कि विभाग के अधिकारियों को बिना मंजूर करके लौटाए गए सभी आवेदनों की रैंडम जांच का आदेश दिया गया है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि अंचल पदाधिकारियों ने जानबूझकर इन आवेदनों को खारिज किया है या फिर इनके पीछे कोई वास्तविक कारण था। बुधवार को पटना में हुई राजस्तरीय बैठक में बिहार के 170 अंचल पदाधिकारी शामिल हुए।

## कई जिलों में जमीन रजिस्ट्री के पुराने कागजात गायब, कैसे ऑनलाइन होंगे दस्तावेज

**पटना।** सूबे के मंत्री और देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष यह दावा करते हैं कि हमने जमीन के पुराने दस्तावेज को ऑनलाइन लाने की व्यवस्था कर दी है। लेकिन, शायद मंत्री जी को यह मालूम नहीं या फिर कभी जानने की कोशिश ही न की हो कि उनके नाक के नीचे क्या चल रहा है। या फिर यदि कान तक खबर पहुंची भी हो शायद यह कान झाड़ कर निकल गए हो। क्योंकि एक तरफ मंत्री जी दावा कर रहे हैं कि वो सारे दस्तावेज ऑनलाइन कर देंगे। दूसरी तरफ उनके ही विभाग में पुरानी फाइल गायब हो रही है। बताया जाता है कि, बिहार के कई जिलों में जमीन रजिस्ट्री के पुराने दस्तावेज गायब होने की खबरें सामने आई हैं। पटना, बक्सर और भागलपुर में इस तरह की शिकायतें हर दिन सामने आ रही है। अब सवाल यह है कि जब दस्तावेज रहेगा ही नहीं यानी उनके ही विभाग से जुड़े ऑफिस से फाइल गायब होंगे तो मंत्री जो ऑनलाइन करेंगे क्या?

मालूम हो कि, जमीन सर्वे का काम शुरू होने के कारण बड़ी संख्या में लोग निबंधन कार्यालयों में अपने जमीन की रजिस्टर्ड डीड की सत्यापित प्रति पाने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें कई को महीनों बाद भी सत्यापित प्रति नहीं मिल पा रही है। इसके बाद भी मंत्री जी कहते हैं कि हम काफी तेजी से काम कर रहे हैं, अब इतनी तेजी से वह काम कर रहे हैं तो सवाल यह बनता है कि आखिर फिर एक महीने का समय क्यों लगता है और उसमें भी तय नहीं की आपका काम होगा या नहीं? अभिलेखागार प्रबंधन का कहना है कि बहुत पुराने रिकार्ड बहुत जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। इनका इंडेक्स तक संधारित नहीं किया गया है। अभिलेखागारों की जिम्मेदारी संभाल रहे कई अवर निबंधकों ने जांच में पाया है कि पूर्व के कर्मियों ने सांठ-गांठ कर कई जमीनों के रिकार्ड भी हटा दिए हैं। अब मंत्री से सवाल है कि जब रिकॉर्ड है ही नहीं तो आप उसे वापस लाएंगे कैसे और इसको लेकर वह क्या करेंगे ?

## पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर सीएम नीतीश ने अर्पित की पुष्पांजलि



केटी न्यूज/दरभंगा

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में राजेन्द्र नगर, रोड नम्बर-3 स्थित पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा इस मौके पर प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा, मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, मंत्री महेश्वर हजारी, मंत्री कृष्णनंदन पासवान, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी भी मौजूद थे।

पं. दीनदयाल उपाध्याय महान स्वतंत्रता सेनानी, संघ विचारक, चिंतक और संगठनकर्ता थे। उन्होंने देश को एकात्म मानववाद की विचारधारा दी। वो समावेशी विचारधारा के समर्थक थे। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को जयपुर-अजमेर रेल लाइन के पास धनकिया में हुआ था। उन्होंने दर्शन और अध्यात्म पर कई किताबें लिखी हैं और भारत सरकार ने उनकी स्मृति में डाक टिकट भी जारी किये हैं।

### भोजपुर जिले के गीधा थाने की पुलिस को मिली सफलता

# लूट व रंगदारी कांडों में वांछित चार अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

♦ चारों को सोमवार की रात गीधा गांव में आपराधिक वारदात की साजिश रचने के दौरान किया गया गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के गीधा थाने की पुलिस ने लूट और रंगदारी सहित अन्य कांडों में वांछित चार अपराधियों को हथियार व चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। चारों को सोमवार की रात गीधा गांव में आपराधिक वारदात की साजिश करते गिरफ्तार किया गया है। इनमें गीधा गांव निवासी उजाला कुमार उर्फ करण पासवान, मेहीलाल पासवान, विशाल पासवान और दारा कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से देसी कट्टा, पिस्टल, दो गोली, चाकू और दो मोबाइल बरामद किया गया है। ये चोरी की बाइक से आपराधिक वारदात को अंजाम देते थे। तीन रोज पूर्व एक अखबार की गाड़ी के चालक से मोबाइल और रुपये लूटने में चारों की तलाश थी। इनमें से तीन का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है।

विशाल कुमार के खिलाफ रंगदारी और शराब सहित चार मामले हैं, जबकि उजाला कुमार उर्फ करण पासवान और मेही लाल पासवान के खिलाफ बड़हरा व कोईलवर थाने में एक-एक केस दर्ज है। एसपी राज की ओर से बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात सूचना मिली कि गीधा गांव निवासी उजाला कुमार उर्फ करण पासवान के नये घर में अपराधी किस्म के कुछ लोगों का जमावड़ा लगा है। इनके पास अवैध हथियार है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश की जा रही है। इसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी को सदर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष उमूस सलमा सहित अन्य पुलिसकर्मी की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए उजाला कुमार उर्फ करण पासवान के नये घर की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। मौके से चार लड़कों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक कट्टा, एक पिस्टल, एक चाकू और दो गोली, चोरी की दो बाइक और दो मोबाइल बरामद किये गये। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि चारों ने दो रोज पूर्व कायम नगर बाजार के समीप हथियार के बल पर अखबार की गाड़ी के चालक से मोबाइल और पांच सौ रुपए लूट लिये थे। पूछताछ में भी चारों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की है। एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने सराहनीय काम किया है। इधर, हथियार बरामदगी के मामले में चारों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। छापेमारी टीम में एएसआई सुबोध पासवान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। .



## गोलियों के साथ नाबालिग सहित दो लड़कों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर के उदवंतनगर थाने की पुलिस ने गोलियों के साथ नाबालिग सहित दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 कारतूस बरामद किया गया है। गोलियां लेकर घूमने का वीडियो वायरल होने के बाद दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों लड़के उदवंतनगर थाने के बेलाउर गांव के रहने वाले हैं। इनमें एक मुन्ना चौधरी उर्फ कौशल चौधरी का पुत्र रौशन कुमार है। एसपी राज ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 20 सितंबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें दो लड़के गोलियों के साथ देखे गये थे। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को 12 गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया। गोलियों के बारे में पूछताछ करने के बाद कोर्ट के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एक नजर

## शेखपुरा में मंदिर में प्रवेश करने पर एक बुजुर्ग सहित तीन लोगों की बेरहमी से पिटाई

**शेखपुरा।** शेखपुरा में मंदिर में प्रवेश करने पर एक बुजुर्ग सहित तीन लोगों को बेरहमी से पीटे जाने का मामला सामने आया है। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल शेखपुरा में चल रहा है। यह घटना बाऊघाट थानाक्षेत्र के कोयला गांव में घटित हुई। जानकारी के मुताबिक, घायलों में बलिराम राम, पत्नी मीना देवी और बेटा सिकंदर राम शामिल हैं। जबकि गांव के ही सुरेश महतो, राजीव महतो, धीरज महतो और मनोज महतो पर जाति सूचक शब्द बोलकर गाली देने तथा लोहे की रॉड और लाठी से मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सोनम कुमारी ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्ष से कुल पांच लोग घायल हैं। मामला गांव के एक मजदूर की मौत से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीने पहले धान की मोरी उखाड़ने के दौरान बिजली का करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई थी। इसे लेकर गांव में पंचायत बैठाई गई थी। तब उस पंचायत में घायल बलिराम राम के ऊपर भी 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। जो राशि मृतक मजदूर की विधवा को दी जानी थी। दरअसल, बलिराम राम ने ही बिजली का टोका फंसाया था, इसलिए उसके ऊपर जुमार्ना हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## सहरसा में पूछताछ के नाम पर पुलिस ने रस्सी बांधकर पीटा, अस्पताल में भर्ती

**सहरसा।** सहरसा जिले में पुलिस द्वारा पूछताछ के नाम पर एक पीड़ित को रस्सी से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित मो. मोसिम को पहले रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा और फिर उसे जबरन चलने पर मजबूर किया। पीड़ित फिलहाल सदर अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। यह घटना तीन लाख 60 हजार रुपये की लूट के बाद पूछताछ के दौरान घटी। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की दोपहर सहरसा के भेरधरी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी संचालक मो. हारून के ममेरे भाई मो. मोसिम से तीन लाख 60 हजार रुपये की लूट हो गई थी। तीन बाइक सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की और भागते समय फायरिंग भी की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित मोसिम को पूछताछ के लिए तिवारी टोला स्थित टीओपी वन पुलिस चौकी ले गई। बाद में उसे सदर थाना लाया गया, जहां पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उसे प्रताड़ित किया। पीड़ित मोसिम ने बताया कि पुलिस ने सदर थाने में पूछताछ के दौरान उसे एक कमरे में बंद कर दिया और फिर छत पर ले जाकर उसके पैर को रस्सी से बांधकर डंडों से पिटाई की। इस दौरान पुलिस उससे जबरन यह स्वीकार करवाने की कोशिश कर रही थी कि उसने खुद लूट की घटना को अंजाम दिलवाया है।

## सीएम की बेबसी और लाचारगी पर अफसोस है : रोहिणी

**पटना।** बिहार सरकार मंत्री अशोक चौधरी की 'बढ़ती उम्र' कविता पर सियासी घमासान जारी है। अब राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसा है। रोहिणी ने सीएम नीतीश कुमार को चाचा जी और मंत्री अशोक चौधरी को चाचा जी के चहेते प्यादे कहकर संबोधित किया। रोहिणी ने लिखा कि सीएम की बेबसी और लाचारगी पर अफसोस है। चाचा जी के यहां सिर-फुटव्वल जारी है, विडंबना तो देखिए अब तो चाचा जी की ही बढ़ती उम्र पर उनके ही चहेते प्यादे द्वारा उठाया गया सवाल बड़ा भारी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि जुगाड़ की मदद से खड़े किए गए चाचा जी के खेमे के अब बिखरने की बारी है।

## बिहटा के सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से 4 लोगों की मौत

### एक शव बरामद, 3 लोगों की तलाश जारी

केटी न्यूज/पटना

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के अमनाबाद हलकोरिया चक गांव में स्थित सोन नदी घाट पर बुधवार की शाम जितिया पर्व को लेकर नहाने गए 4 लोग डूब गए। काफी तलाश के बाद एक शव को बरामद किया गया है जबकि 3 लोगों की तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान अमनाबाद गांव के हलकोरिया चक निवासी शिवनारायण राय की पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है। अन्य 3 डूबे हुए लोगों की पहचान ललिता देवी ,सोनी कुमारी और तरेगनी कुमारी के रूप में हुई। फिलहाल अन्य तीनों की तलाश जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी है।

घटना को लेकर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने बताया कि अमनाबाद के हलकोरिया चक इलाके में जितिया पर्व को लेकर लोग सोन नदी के तट पर नहाने गए थे। इस दौरान चार लोगों के डूबने की सूचना मिली थी। तत्काल मौके पर पुलिस की टीम और स्थानीय प्रशासन की टीम के अलावा एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई। अब तक एक शव को बरामद किया गया है जबकि अन्य डूबे हुए लोगों की तलाश की जा रही है।

## पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को मिली 20 वर्ष की कठोर सजा

**सहरसा।** सहरसा जिले के सौरबाजार थानाक्षेत्र में दर्ज पॉक्सो अधिनियम के तहत कांड संख्या-131/22 में दोषी भुवन यादव को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह सजा अपर सत्र न्यायाधीश-06 सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम, कृष्ण कुमार चौधरी की अदालत ने सुनाई। भुवन सौरबाजार थानाक्षेत्र के धोघन पट्टी गांव का निवासी है। मामला 12 मार्च 2022 की घटना से जुड़ा है, जब पीड़िता अपने स्कूल में साप्ताहिक परीक्षा दे रही थी। आरोपी उसे घर ले जाने के बजाय एक कमरे में ले गया और वहां दो दिन तक बंधक बनाकर रखा। इस दौरान डर दिखाकर उससे दुष्कर्म किया।

### सुधांशु त्रिवेदी पहली बार अपने पुरखों के पिंडदान करने पहुंचे गया धाम

# भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने गया में किया पिंडदान

केटी न्यूज/ गया



बिहार के गया धाम में इन दिनों पितरों का महापर्व चल रहा है। देश-विदेश से लाखों तीर्थयात्रियों प्रतिदिन अपने पुरखों के पिंडदान करने गया धाम आ रहे है। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी गया धाम पहुंचे। यहां दामोदर पाण्डेय के नेतृत्व में उनके परिजनों का पिंडदान कराया गया। इस मौके पर विष्णुपद मंदिर प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में और अक्षयवट में मोक्ष और उद्धार की कामना के साथ अपने पूर्वजों का पिंडदान किया है। इसके बाद विष्णुपद मंदिर के गर्भ गृह में विशेष पूजा अर्चना की।

दामोदर पांडेय बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी पहली बार अपने पुरखों के पिंडदान करने गया धाम पहुंचे हैं। उनको विधि विधान के साथ पिंडदान व श्राद्ध कार्य को पूरा कराया गया है। हालांकि पिंडदान और पूजा-पाठ करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि धार्मिक अनुष्ठान में गया धाम आए हैं। कोई राजनीतिक सवाल नहीं करें।

भाजपा सांसद ने बताया कि पिंडदान के बाद एक अलग संतुष्टि और श्राद्ध की अनुभूति हुई। भगवान विष्णु की नगरी मोक्ष धाम गयाजी के पावन धरती पर विष्णुपद धाम का दर्शन और पिंडदान किया है। कर्मकांड करने के बाद एक अलग संतुष्टि की अनुभूति हुई है। यह भारतीय संस्कृति और हिंदू संस्कृति की परंपरा का प्रतीक है। जहां हमलोग फादर डे और मदर डे नहीं मनाते हैं बल्कि अपने समस्त पुरखों, दोस्तों, शुभचिंतकों और सभी जीव जंतुओं के प्रति श्रद्धा के साथ करते हैं। बता दें कि गया में पिछले 17 सितंबर से विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आयोजित है। जो दो अक्टूबर को समाप्त होगा। यही वजह है कि इस पितृपक्ष मेला अवधी के दौरान 15 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।



# माथे पर तिलक व हाथ में रक्षा सूत्र बांध स्कूल पहुंचे पांचवी के छात्र को शिक्षक ने पीटा

- चुरामनपुर में संचालित होने वाले संत कार्मेल स्कूल की है घटना
- छात्र के परिजन ने औद्योगिक थाने में उक्त शिक्षक के खिलाफ दर्ज करायी लिखित शिकायत




केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर के चुरामनपुर में संचालित होने वाले संत कार्मेल स्कूल में पांचवी कक्षा के एक छात्र की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्र की गलती बस इतनी थी कि वह माथे पर तिलक लगा स्कूल गया था। जिस पर स्कूल के शिक्षक विंसेट ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इसकी जानकारी मिलते ही छात्र के परिजन ने औद्योगिक थाने में उक्त शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में स्कूल के प्रिंसिपल का कहना है कि तिलक लगाकर स्कूल में आना प्रतिबंधित है, बावजूद वह छात्र स्कूल को बदनाम करने के लिए तथा अनुशासन तोड़ने के लिए जानबूझकर तिलक लगाकर आया था। पीड़ित छात्र कृष्ण चन्द्र बक्सर के मित्रलोक कॉलोनी निवासी राम राघवेंद्र पंडित का पुत्र है, संत कार्मेल स्कूल के पांचवी क्लास का छात्र है। उसका कसूर मात्र इतना था कि वह माथे पर तिलक तथा हाथ में रक्षा सूत्र बांध स्कूल पहुंच गया था। जिसे देख संस्कृत के शिक्षक विंसेंट उसका बैग फेक दिया तथा घसीटते हुए हाथ पकड़कर क्लास से बाहर निकालने के साथ ही, बेरहमी से पिटाई की। यही नहीं उक्त शिक्षक ने छात्र के माता-पिता को भी अपमानजनक बातें कही और कहा कि तुम्हारे पैरेंट्स कैसे गंवार है, जो तुम्हें तिलक लगा तथा रक्षा सूत्र बांध स्कूल भेज दिए है। शिक्षक ने बच्चें की एक तक नहीं सुनी।

### डीईओ ने डीपीओ को दिया जांच का जिम्मा, मांगी पूरी रिपोर्ट

मुफस्सिल थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बच्चे के परिजन के लिखित शिकायत मिली है, मामले की जांच की जा रही है। सभी बिन्दूओं पर पुलिस जांच कर रही है। ताकि दोषी पाए जाने के बाद उक्त शिक्षक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित छात्र के अभिभावक का आवेदन प्राप्त हुआ है। अभिभावक ने सारी बात बतायी है। साथ ही बालक का मेडिकल रिपोर्ट भी दिया है। बालक का मेडिकल सदर अस्पताल में कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट में चोट की बात सामने आयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीपीओ को जांच का आदेश दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीईओ ने कहा कि किसी भी छात्र के धार्मिक भावना से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। वहीं परिजनों का कहना है कि संबंध में शिक्षक कोई भी बात करने के लिए तैयार नहीं हो रहे है।

## खेल आज एक रोजगार का व्यापक साधन बन गया है : डीएम

**बक्सर।** खेल विभाग बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना तथा जिला प्रशासन बक्सर के सौजन्य से आयोजित राज्य स्तरीय कराटे बालक अंडर-19 प्रतियोगिता 2024 का शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा नगर भवन बक्सर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह वर्द्धन के लिए डीएम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 2024 की उद्घोषणा की गई।

## खबरें फटाफट

### पुलिस ने वाहन जांच अभियान चला वसूला जुर्माना

**डुमरांव।** कोरान सराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के भोजपुर राजवाहा मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कुल 12 वाहनों से 12 हजार रूपए का जुर्माना वसूला। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि वाहन चालकों के हेलमेट के साथ ही डीएल, आरसी, प्रदूषण आदि कागजातों की जांच-पड़ताल की गई। इस दौरान बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों से जुमार्ना भी वसूला गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई थी। कई चालक तो पुलिस टीम को देख पीछे लौट जा रहे थे। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### डीएम ने किया सीओ कार्यालय का निरीक्षण

**भभुआ।** निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अंचल रामपुर अंतर्गत परिमार्जन के मामले पांच महीने से ज्यादा समय से लंबित है। डीएम ने सीओ स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कल 33 भूमिहीन योग्य लाभुक है।

### मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपट्टी मोहल्ले की है घटना, हैवानियत सुन हतप्रभ हैं मोहल्लेवासी

# सनकी पति ने गर्भवती पत्नी को 70 से अधिक बार चाकू और पेचकस से गोदा

- 70 टांके लगाने के बाद भी पूरे शरीर से रिस रहा था खून, पटना रेफर
- महिला की दर्दनाक चीख सुन पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ बचाई जान
- पुलिस ने सनकी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर में एक सनकी युवक ने अपनी लगभग साढ़े आठ माह की गर्भवती पत्नी को कमरा बंद कर चाकू, कैंची तथा पेचकश से गोद अधमरा कर दिया। वह, अभी उसे धारदार हथियारों से गोद ही रहा था कि उसकी चीख पुकार पर पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ उसकी जान बचाई तथा खून से लथपथ महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां, प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पहुंची मुफस्सिल थाने की पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की हालत नाजूक बनी हुई है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सदर अस्पताल में 70 टांके लगाने के बाद भी उसके चेहरे तथा शरीर के कई अंगों से खून रिश रहा था। जख्मी महिला की पहचान तिलक राय के हाता ओपी अंतर्गत बड़का राजपुर गांव निवासी जवाहर चौधरी की पुत्री प्रीति के रूप में हुई थी। पिछले वर्ष ही उसकी शादी काफी धूम-धाम से बक्सर पांडेय पट्टी गांव के तेज नारायण चौधरी के पुत्र रवि चौधरी से हुई थी। वह, करीब साढ़े आठ माह की गर्भवती थी तथा पिछले कुछ महीनों से अपनी मौसी के घर सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव में रह रही थी। मंगलवार को ही रवि उसे लेकर अपने घर आया था।

मिली जानकारी के मंगलवार की रात करीब 11 बजे घर के सभी सदस्य जब खाना खाकर अपने कमरे में सो रहे थे, इसी दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात पर विवाद हो गया तथा विवाद इतना बढ़ गया कि रवि घर में रखे चाकू, कैंची तथा पेचकश से उस पर वार करने लगा। इस दौरान प्रिती आरजू मिन्नत करते रही तथा पेट में पल रहे बच्चें का वास्ता भी दिया, लेकिन उस पर इसका कुछ असर नहीं हुआ। मानो उस पर सनक सवार हो गया था। वह उसे धारदार हथियारों से बूरी तरह से गोदते रहा।

**चीख पुकार सुन पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ बचाई जान:** जल्दी ही प्रिति की आरजू-मिन्नत चीख-पुकार में तब्दील हो गई। पति के वार से अब वह बेसुध होने लगी। उसकी चीख पुकार सुन पड़ोसी उसके घर इकट्ठा हो गए तथा माजरा समझ दरवाजा तोड़ उसे रवि के चंगुल से मुक्त करा तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाए। पड़ोसियों ने ही इसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस तथा डायल 112 टीम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति रवि को गिरफ्तार कर लिया, जबकि परिवार के सदस्य पूरे मामले से किनारा काटते नजर आए, जैसे उनके लिए इस विवाद से कोई लेना देना नहीं हो।



### सदर अस्पताल में इलाज करने वाले डॉक्टर भी हैरान

महिला का इलाज करने वाले सदर अस्पताल के डॉक्टर सरस्वती चंद्र मिश्र भी उसकी हालत देख हैरान थे। उन्होंने बताया कि उसके चेहरे, कंधे तथा शरीर के कई अन्य हिस्सों में धारदार हथियार से गोदा गया था, महिला को 70 टांके लगाए गए, बाजवूद खून रिश रहा था, उसकी हालत बेहद गंभीर है। डॉक्टर ने बताया कि महिला का अगले महीने ही डिलेवरी भी होने वाला है, खून गिरने से डिलेवरी में खतरा बढ़ गया है।इस मामले में पीड़िता की बड़ी बहन रेखा देवी ने मुफस्सिल थाने में पति रवि के अलावे बड़े ससुर जगनारायण चौधरी के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा जानलेवा हमला का अरोप लगा एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में रेखा ने बताई है कि शादी के बाद से ही उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा तथा ससुराल वाले दहेज नहीं मिलने पर उसे घर में रहने भी नहीं दे रहे थे। जिस कारण वह मौसी के घर रह रही थी। रेखा की माने तो उसके बड़े ससुर ही परिवार के मुखिया है तथा उन्हीं के इशारे पर रवि ने ऐसा जघन्य अपराध किया है। जबकि ग्रामीण सूत्रों की मानें तो रवि बेरोजगार था, वह कुछ काम-धंधा नहीं करता था। जिस कारण पति-पत्नी के बीच अनबन रहती थी। माना जा रहा है कि इसी बात को ले रात में दोनों के बीच विवाद हुआ होगा। गर्भवती प्रीती के साथ हुए जघन्य अपराध से जहां मानवता शर्मसार हो रही है वही उसके ससुराल वालों पर इसका कुछ असर नहीं पड़ा है तथा ससुराल वाले उसका इलाज कराने में भी आर्थिक मदद नहीं कर रहे है। स्थानीय वार्ड पार्षद दिलीप कुमार ने बताया कि महिला के ससुराल वाले इलाज में आर्थिक मदद नहीं कर रहे हैं। ऐसे में महिला के इलाज के लिए गांव वालों से चंदा मांगा जा रहा है।

## एक नजर

### सीएसपी संचालक से गन प्वाइंट पर एक लाख नगद व बाइक की लूट, जांच में जुटी पुलिस



**बक्सर।** बेखौफ अपराधियों ने गन प्वाइंट पर एक सीएसपी संचालक से एक लाख रुपए व उसकी बाइक लूट ली है। घटना बुधवार को बन्नी बजार से बाहर वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के पास की है। लूटेरों के जाते ही पीड़ित सीएसपी संचालक ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 तथा धनसोई थाने की पुलिस ने लूटेरों की धर पकड़ के लिए घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की। लेकिन तबतक लूटेरे सुरक्षित ठिकाने पर भाग निकले थे। मिली जानकारी के अनुसार बन्नी बाजार में बैंक ऑफ इंडिया का सीएसपी चलाने वाले भरखरा गांव निवासी बृज बिहारी पांडेय बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे अपने घर से बैग में एक लाख रुपये नगद एवं कई आवश्यक कागज लेकर बाइक से बन्नी बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे भरखरा गांव से बाहर कचरा प्रबंधन हाउस के नजदीक पहुंचे कि उसी समय सुनसान जगह पर पहले से ही एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में अज्ञात अपराधियों ने गन प्वाइंट पर उनकी बाइक रूकवा रूपयों से भरा बैग व बाइक ले भागे।तीनों अपराधी दोनों बाइक लेकर बन्नी के रास्ते भागे है।इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की तत्परता बढ़ गई। इलाके में वाहन चेकिंग अभियान शुरू हो गया। लेकिन लूटेरों का कही पता नहीं चल पाया है। पीड़ित सीएसपी संचालक बृजबिहारी ने इस मामले में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ धनसोई थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। बाजार के दुकानदारों एवं ग्रामीणों से पूछताछ के साथ बाजार के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इलाके की नाकेबंदी कर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जल्दी ही घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। लेकिन, समाचार लिखे जाने तक घटना में शामिल अपराधियों का सुराग नहीं मिला था। इधर इस घटना के बाद सीएसपी संचालकों तथा व्यवसायियों में भय व्याप्त है।

### बक्सर में सरेशाम पौने चार लाख की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

बक्सर। बुधवार का दिन बक्सर पुलिस के लिए चुनौती भरा रहा। पुलिस अभी धनसोई थाना क्षेत्र में हुई लूट मामले में शामिल अपराधियों की शिनाख्त में उलझी थी कि बक्सर में सरेशाम एक व्यक्ति से पौने चार लाख की छिनतई हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस आनन फानन में घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए इलाके की नाकेबंदी कर छापेमारी करने लगी, लेकिन इसके पहले ही अपराधी पैसा लेकर सुरक्षित भाग निकले थे। घटना शाम चार बजे नगर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित ओंकार नाथ राय शहर के बुधन पुरवा इलाके के निवासी हैं। वे मेन रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से तीन लाख 75 हजार रुपये निकालकर घर जा रहे थे। पुराना थाना रोड में जब वे सिद्धनाथ घाट के समीप पहुंचे। तभी दो बाइक सवार अपराधियों ने उनका झोला झपट लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पूछने पर सदर डीएसपी धीरज कुमार ने कहा कि ऐसी घटना हुई है। फिलहाल इसकी जांच चल रही है।

### आजादी की लड़ाई में हुए शहीद के परिजनों को मिलेगा जमीन, आवास व पेंशन का लाभ

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के कई ऐसे परिवार हैं, जिनके पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई में शहीद हो गए थे। उन शहीदों के परिवार आज की तारीख में दर-दर की ठाकेरे खाने पर मजबूर हैं। आज उन्हीं की दिलाई गई आजादी का सुख देशवासी भोग रहे हैं। ऐसे परिवारों के लिए राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 6 डिसमिल जमीन, आवास और पेंशन सुविधा बहाल करने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग को लिखा था। साथ ही इसकी कृत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट देने के लिए भी आदेशित किया था। मुख्यमंत्री के आदेश के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग के परियोजना पदाधिकारी सह उप निदेशक ने डुमरांव नप कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भेजकर कृत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट मांगा है। बता दें की एक शहीद परिवार के सदस्य संजय चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उनसे ऐसे परिवार के परिजनों को 6 डिसमिल जमीन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाते हुए उत्तराधिकारी का प्रमाण पत्र देने की मांग किया था। उसी मांग के आलोक में राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपनी अग्रेत्तर कार्रवाई शुरू कर दिया है। विदित हो कि 1942 के आंदोलन में देश को आजादी दिलाने में क्षेत्र के 21 जवान शहीद हो गए थे। वहीं डुमरांव में भी 16 अगस्त 1942 को थाना पर देश की शान तिरंगा फहराने के दौरान शहर के चार सपूत रामदास सोनार, रामदास लोहार, गोपलजी एवं कपिलमुनी अंग्रेज सरकार के सिपाहियों के गोली के शिकार हो शहीद हो गए थे। उनकी याद में हर साल 16 अगस्त को राजकीय समारोह का आयोजन होता है, जिसमें शहर के लोग भाग लेते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा उन शहीद परिवारों के द्वारा मांग की लाभ देने के लिए अधिकारियों को आदेशित किये जाने पर शहीद परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा का अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर

केटी न्यूज/डुमरांव



जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती नगर के लंगटू महादेव मंदिर में मनायी गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर सहित क्षेत्र कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर वरिष्ठ सदस्यों ले उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए नौजवानों को सीख दी। साथ ही साथ भाजपा ने सदस्यता अभियान भी चलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्य चित्र पर पुष्प चढ़ाते हुए दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा ने किया।

मौके पर प्रोफेसर श्याम नारायण राय, डॉ संजय कुमार सिंह नगर मंत्री, राजू खरवार विस्तारक प्रदेश सदस्य, श्रीमन नारायण दुबे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल प्रमुख, पवन जायसवाल, कोषाध्यक्ष, मुखिया सिंह, नगर मंत्री, पिंकी पाठक भाजपा बिहार सदस्य, मालती देवी, बिंदा देवी, राहुल कुमार गुप्ता, लाल बाबूलाल, लव कुमार रावत, भूषण कुमार, भरत प्रसाद गोंड, मनोज पाठक सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर मौजूद होकर सदस्यता अभियान को चलाएं। नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों पर हमें चलना चाहिए। वही प्रोफेसर श्याम नारायण ने बताया कि हमें भाजपा के हाथ को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाना होगा। डॉ संजय सिंह नगर मंत्री ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय जी देश के लिए एक समर्पित व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं। इसलिए उन्हें याद करना अति आवश्यक है। पिंकी पाठक ने बताया कि हमें किसी भी महापुरुष के बलिदान को भूलना नहीं चाहिए। इसलिए आज हम लोग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म उत्सव मना रहे हैं। साथ ही साथ अन्य वक्ताओं ने भी अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी और सदस्यता के द्वारा अभियान पर विस्तार से चर्चा किया गया और बताया गया कि अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना होगा और माननीय प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना होगा।

## चला जांच अभियान, शहरी क्षेत्र की पीडीएस दुकानें मिलीं बंद

**डुमरांव।** बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिन्हा ने शहरी क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानों की साप्ताहिक जांच की। हालांकि शहरी क्षेत्र के 42 में से कई जन वितरण प्रणाली की दुकान में ताला लटका मिला। इससे पहले उन्होंने शहर में चार राशन दुकानों पर जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान उन्होंने दुकान के स्टॉक की स्थिति, माप तौल लाइसेंस का सत्यापन के अलावा राशन लेने आए लाभुकों का बयान, डीलर से प्राप्त खाद्यान्न के वजन की स्थिति एवं उसके गुणवत्ता की जांच काफी गहराई से की। किसी दुकान पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को न तो कोई शिकायत प्राप्त हुई और न ही डीलर द्वारा की गई कोई गलती पकड़ में आई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि यह जांच साप्ताहिक है तथा इसे प्रत्येक सप्ताह बुधवार और गुरुवार को नियमित रूप से किया जाएगा।

## माध्यमिक शिक्षक संघ ने नये डीईओ को किया सम्मानित

केटी न्यूज/बक्सर

बुधवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ बक्सर ने जिले के नये जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार पांडेय समेत सभी डीपीओ के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया। इस समारोह में शिक्षक नेताओं ने डीईओ तथा डीपीओ को फूल माला व अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर डीईओ अमरेन्द्र ने कहा कि शिक्षकों को किसी तरह की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। डीईओ ने शिक्षकों से कहा कि आपकों परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप नियमित रूप से अपने विद्यालय जाए तथा वेतन या अन्य किसी तरह की समस्या की जानकारी दें, तुरंत उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का अविलंब समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता ब्रजेश कुमार राय एवं जिला सचिव शंकर प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित



इस सम्मान समारोह में संघ के जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार, कथराई प्रभारी धनंजय कुमार, अनुमंडल सचिव लक्ष्मण सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, शिवजी सिंह, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, मनीष कुमार शशि आदि दर्जनों शिक्षकों ने अंगवस्त्र, माल्यार्पण और बुके द्वारा नवपदस्थापित डीईओ अमरेंद्र पांडेय सहित सभी डीपीओ का आदर सहित स्वागत एवं सम्मान किया। शिक्षक नेताओं ने उम्मीद जताया कि नये जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा तथा बक्सर जिला पूरे राज्य में अव्वल स्थान पर रहेगा।

### खराब सोलर लाइट ठीक होने तक भुगतान पर रोक लगाने का दिया निर्देश, पीएचईडी करें लिकेज दूर

# डुमरांव अंचल कार्यालय की व्यवस्था में सुधार से संतुष्ट नजर आए उपनिदेशक

- बिहार विकास मिशन के उप निदेशक ने की प्रखंड के विभिन्न योजनाओं की जांच

केटी न्यूज/डुमरांव

बिहार विकास मिशन के उपनिदेशक अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को डुमरांव प्रखंड के विकास योजनाओं की गहराई से जांच की। उन्होंने अंचल कार्यालय की व्यवस्था में हुए सुधार तथा जनता के कार्यों के निष्पादन में आई तेजी से संतुष्ट दिखे तो ग्रामीण सोलर लाइट योजना में गड़बड़ी पर नाराजगी दिखाई। उपनिदेशक ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी को खराब सोलर लाइट ठीक होने तक भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इससे पहले उन्होंने प्रखंड प्रांगण स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद की साफ सफाई तथा चिकित्सा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा की आपूर्ति व्यवस्था ठीक है। उपनिदेशक द्वारा की गई पूछताछ में मरीजों ने भी किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की है। उपनिदेशक सबसे ज्यादा संतुष्ट अंचल कार्यालय की व्यवस्था में हुए सुधार से थे। उन्होंने बताया कि पहले की अपेक्षा खाता खेसरा की स्थिति ठीक पाई गई है। सरकार द्वारा परिमार्जन प्लस एप लागू किए जाने के बाद परिमार्जन के मामले में शिकायतें बहुत कम हुई है। उन्होंने निरीक्षण में उपस्थित सीआई संजय यादव को जनता के कार्यों के निष्पादन में और अधिक तेजी लाने का निर्देश दिया। उपनिदेशक ने प्रखंड का सबसे पहले नल जल योजना की जांच नंदन पंचायत जाकर की। नंदन पंचायत के वार्ड संख्या चार में लोगों ने पानी आवश्यकता से काफी कम फ्लो प्राप्त होने की शिकायत की गई। तत्काल की गई पड़ताल में यह बात सामने आई कि कम वोल्टेज आपूर्ति के कारण बोरिंग ठीक से नहीं चल पा रही है। उपनिदेशक ने मौके पर उपस्थित पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता अवधेश कुमार सिंह से तत्काल जांच प्रतिवेदन मांगी है। उन्होंने बताया कि वोल्टेज में सुधार के लिए बिजली विभाग को पत्र लिखा गया है। पंचायत में कुछ जगहों पर नल जल योजना का लीकेज पाया गया। सभी लीकेज दूर करने का निर्देश सहायक अभियंता पीएचईडी अवधेश कुमार सिंह को दिया गया है। उपनिदेशक की सबसे अधिक नाराजगी पंचायत में लग रहे सोलर लाइट पर जताई है। सोलर लाइट लगने के डेड दो माह के अंतराल में ही खराबी आना गंभीर चिंता का विषय है। नंदन पंचायत के चार वार्डो में लगाए गए 40 सोलर लाइट में से एक दर्जन से अधिक सोलर लाइट खराब पाया गया। उपनिदेशक ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी को जब तक खराब लाइट ठीक नहीं हो जाता है तब तक इस मद की राशि के भुगतान रोक कर रखने का निर्देश दिया है इस मौके बीडीओ संदीप कुमार पांडे, बीपीआरओ रोहिण कुमारी, संजय यादव सहित अन्य मौजूद थे।





# दिल्ली पुलिस कि सूचना पर आठ वर्षीय बच्ची हुई बरामद, किडनैपर गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस के डीसीपी की सूचना पर बक्सर आरपीएफ व जीआरपी ने बच्ची को किया बरामद
- बच्ची को बेचने ले जा रहे थे किडनैपर

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर आरपीएफ और जीआरपी ने ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत एक किडनैपिंग का मामला सुलझाया है। जिसमें बक्सर आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त अभियान चला कर एक आठ वर्षीय अपहृत बच्ची को बरामद करते हुए अपरहणकर्ता को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपहरणकर्ता समस्तीपुर जिला के वासरीगंज निवासी रोहित कुमार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बक्सर आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि रेल उपाधीक्षक दानापुर और दिलदारनगर आरपीएफ इंस्पेक्टर से सूचना मिली थी कि ट्रेन इंदौर पटना एक्सप्रेस से एक किडनैपर एक आठ वर्षीय बच्ची को दिल्ली से किडनैप करके समस्तीपुर ले जा रहा है।

**सूचना मिलते ही आरपीएफ व जीआरपी हुआ सक्रिय:** सूचना मिलते ही उक्त गाड़ी में आरपीएफ व जीआरपी जवान बक्सर स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही बोगियों की तलाशी लेने लगे। लेकिन, उन्हें कुछ हाथ न लगा। इसी बीच दिल्ली पुलिस के डीसीपी ने सूचना दी कि वो अपहरणकर्ता और अपहृत बच्ची डाउन मादला टाउन स्पेशल फेयर ट्रेन में है। जिसके बाद आरपीएफ और



जीआरपी की टीम हरकत में आ गई। सूचना के आधार पर पर मादला टाउन स्पेशल फेयर ट्रेन का लोकेशन ट्रैक किया गया। इस बीच गाड़ी रघुनाथपुर पहुंची। जहां पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ट्रेन में चढ़ी। जिसके बाद जवानों ने एक एक बोगी की तलाशी शुरू की। सर्च अभियान के दौरान अपहरणकर्ता और अपहृत बच्ची दोनों को बरामद किया गया। इस दौरान आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने बच्ची और अपहरणकर्ता रोहित कुमार को दबोच लिया। जिसके बड़ा दोनों की तस्वीर व्हाट्सएप पर दोनों की भेज दिल्ली पुलिस से सत्यापन करण बाद अपहरणकर्ता और अपहृत बच्ची को आरपीएफ पोस्ट बक्सर लाया गया।

**किडनैपर दिल्ली में रहकर करता था काम:** आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस के अनुसार किडनैपर दिल्ली में रहकर काम करता था। इसने अपने मित्र के साथ मिलकर इस बच्ची को कुछ रुपए के लिए अपने मित्र के रिश्तेदार को बेचने के लिए अपरहण किया था। जिनका कोई बच्चा नहीं था। बच्ची को बहला-फुसलाकर इसे अपने साथ लेकर निकला था। ताकि किसी तरह का हंगामा नहीं करें। लेकिन दिल्ली पुलिस की सूचना तथा आरपीएफ व जीआरपी टीम की तत्परता से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। टीम में उप निरीक्षक दिनेश चौधरी, हेड कांस्टेबल बृजेश राय, कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह यादव, सिपाही रंजय कुमार (जीआरपी शामिल थे)। बच्ची के अपहरण की घटना को लेकर दिल्ली के फतेहपुर बीरी थाना में मामला पंजीकृत है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के आने के बाद उन दोनों को सुरक्षित सौंपा गया।

### पुराना भोजपुर में गंदगी को लेकर लोगों ने सड़क पर उतरकर किया था विरोध प्रदर्शन

# लोगों के आक्रोश के बाद पहली बार नप ने शुरू करायी नाली की सफाई

- नगर परिषद ने दिया बहुत जल्द सड़क एवं नाली निर्माण करने का आश्वासन
- दो दर्जन से अधिक लोगों ने नाली और गली निर्माण न होने को लेकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर में टूटी फूटी सड़क पर बह रहा नाली एवं शौचालय के गंदा पानी से निजात की उम्मीद बढ़ी है। स्थानीय लोगों के बढ़ते विरोध के आगे नगर परिषद को अपनी जिद से समझौता करना पड़ा है। नगर परिषद के एनजीओ को पहली बार पुराना भोजपुर में नाली की सफाई के लिए मजदूरों को लगाना पड़ा। लोगों के विरोध के तेवर को देख नगर परिषद ने भी काम जल्दी से निपटाने के लिए अपना जेसीबी भेजना पड़ा।

सफाई सुपरवाइजर अतुल दुबे स्वयं उपस्थित रहकर मजदूरों से नाली की सफाई कराते रहे। नाली का सिल्ट निकासी शुरू हो गया है। प्रयास यह की नाली एवं शौचालय का गंदा पानी बीच सड़क पर गिरना बंद हो जाय। दूसरी तरफ कार्यपालक पदाधिकारी मनीष



कुमार ने पुराना भोजपुर के लोगों विरोध को कम करने के लिए आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द सड़क तथा नाली निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बताया गया है कि नाली की सफाई होने से गंदे पानी से निजात मिलेगी। नगर परिषद की कार्यशैली का विरोध हो चुका है। पुराना भोजपुर निवासी पूर्व प्रखंड प्रमुख आशा देवी ने सबसे पहले नगर परिषद की कार्यशैली पर आवाज उठाते हुए कार्यपालक पदाधिकारी के अलावा जिला पदाधिकारी बक्सर तथा नगर विकास एवं आवास विभाग पटना को आवेदन देकर विकास योजनाओं के चयन में भेदभाव एवं भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। दूसरी तरफ भाजपा नेता रोहित सिंह के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक लोगों ने नाली और गली निर्माण न होने को लेकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया था। लोगों का कहना था कि नाली निर्माण न होने से शौचालय का गंदा पानी वार्ड संख्या 2 स्थित गली में बह रहा है। चुनाव पूर्व नगर परिषद के जीते हुए प्रतिनिधियों ने वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद पुराना भोजपुर के वार्ड संख्या 2 स्थित बाजार से गोरिया बाबा स्थान तक सबसे पहले इसी गली का निर्माण होगा लेकिन नगर परिषद की विकास योजनाओं से यह गली गायब हो गई।

**नाली की सफाई से मिलेगा गंदे पानी से मुक्ति**

नगर परिषद फिलहाल नाली की सफाई शुरू कर दिया है। तुर्रा यह की नाली का सफाई हो जाने से बीच सड़क पर गिर रहा नाली एवं शौचालय का गंदा पानी से होकर लोगों को गुजरना नहीं पड़ेगा। लोगों का विरोध भी थम जाएगा। चंद दिनों बाद ही पवित्र नवरात्र शुरू होने वाला है। माहौल पूजा पाठ एवं भक्ति भाव का रहेगा। ऐसे में गंदगी से मुक्ति मिलेगी तो निश्चित है कि लोगों को आक्रोश नहीं झेलना पड़ेगा। सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य योजना तैयार है।

सफाई सुपरवाइजर हिमांशु शर्मा, बीर बहादुर साह बताते हैं कि बड़े नाली की सफाई कराने से सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी सीधे नाली के सहारे बाहर निकल जाएगा। इससे गंदगी से निजात मिलेगी। नगर परिषद के मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता के प्रतिनिधि सुमित गुप्ता का कहना है कि पुराना भोजपुर में सड़क एवं नाली निर्माण की आवश्यक कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भीम पूरा होते ही नाली निर्माण का कार्य तेज कर दिया जाएगा।

## शराब बेचने की सूचना पुलिस को देने पर महिला सहित तीन लोगों को पीटा

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के चिकसिल गांव में शराब बेचने से मना करने व पुलिस को इसकी जानकारी देने का आरोप लगाते हुए शराब धंधेबाजों ने एक महिला सहित उसके परिवार के तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज गोडारी सीएससी में कराया गया। घायल लोगों का बयान दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि चिकसिल गांव निवासी पूजा देवी के पड़ोस का एक युवक अवैध शराब की बिक्री करता हैं। इस बीच पूजा देवी ने शराब बेचने का विरोध करते हुए बीते 20 सितंबर को लिखित रूप से सूचना पुलिस को दे दी । जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की लेकिन पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा और पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब धंधेबाज मौके से फरार हो गए । जिसके बाद बुधवार की सुबह करीब सात बजे शराब धंधेबाजो ने पुलिस को सूचना देने का आरोप लगाते हुए घर में घुस कर मिहिला सहित परिवार के तीन लोगों को जानकर पिटाई कर घायल कर दिया । जिसके बाद पीड़ित महिला अपने परिवार के साथ थाना पहुंच मामला दर्ज कराया । महिला द्वारा कुल सात लोगों को नामजद बनाया गया है । चिकसिल गांव निवासी नंदकिशोर पासवान के पुत्र रवि रंजन पासवान और चितरंजन पासवान सहित सात लोगों पर मारपीट करने की आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराया गया हैं।

## एक नजर

### डीएम ने अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, मिली कई खामियां

**भभुआ।** कैमूर के डीएम ने अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अंचल रामपुर अंतर्गत परिमार्जन के मामले पांच महीने से ज्यादा समय से लंबित है। जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कल 33 भूमिहीन योग्य लाभुक है। जिन्हें भूमि की अनुपलब्धता के कारण आवास नहीं दिया गया। इस संबंध में शीघ्र ही अग्रेतर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रखंड कृषि कार्यालय में पूर्वाह्न 11:24 बजे में ताला लगा है। सहायक तकनीकी प्रबंधक अमन सिंह कार्यालय के बाहर उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कृषि कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारी कर्मी से जिला कृषि पदाधिकारी, कैमूर को स्पष्टीकरण करने एवं नो वर्क नो पे के सिद्धांत पर बुधवार 25 सितंबर का वेतन मानदेय कटौती करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण को लेकर प्रखंड अंचल कार्यालय में सरगर्मी देखी गई। उन्होंने प्रखंड के कई योजनाओं और चल रहे विकास के कार्यों का भी भौतिक निरीक्षण किया।

### विद्युत कर्मियों ने काला पट्टी बांध किया प्रदर्शन

**बिक्रमगंज।** विद्युत कनीय अभियंता संघ के बैनर तले स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन कार्य में सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय विद्युत अभियंताओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार मारपीट की घटनाओं के खिलाफ प्रबंधन एवं प्रशासन द्वारा न तो कोई संज्ञान लिया जा रहा है और न ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है । जिसके विरोध में विद्युत कनीय अभियंता संघ बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड पटना के ज्ञापांक संख्या 33 तिथि 23 सितंबर के आलोक में पूरे बिहार में समस्त कनीय विद्युत अभियंताओं द्वारा काला पट्टी बांध कर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध- प्रदर्शन किया जा रहा है।

### वृद्ध ने रेलवे ट्रैक पर सिर को रख दे दी जान

**बिक्रमगंज।** बुधवार को करीब दोपहर में आरा-सासाराम रेलखंड पर बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर वृद्ध ने अपना सिर रखकर दे दी जान । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बुधवार को करीब दोपहर में बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन पर दो गाड़ियों को क्रॉस कराना था । स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सासाराम की ओर जाने वाली ट्रेन लगी हुई थी। यह घटना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर हुई है । घटित घटना जब आरा की ओर जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर जैसे ही पहुंची तो उक्त दौरान उसी नंबर पर एक वृद्ध ने ट्रैक पर अपने सिर को रखकर जान दे दी। वृद्ध की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जयश्री गांव के रहने वाले मूल निवासी बिक्रमा साह के रूप में की गई है। खबर लिखे जाने तक घटना का मूल कारण स्पष्ट नहीं हो पाया था।

### 9 पीडीएस दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द

**बिक्रमगंज।** एसडीएम अनिल बसाक ने नगरपरिषद बिक्रमगंज सहित विभिन्न प्रखंडों के नौ पीडीएस दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने का आदेश जारी किया है। एसडीएम ने बताया कि पिछले दिनों नगरपरिषद बिक्रमगंज, प्रखंड बिक्रमगंज के शिवपुर, संझौली के मझौली, राजपुर के पड़रिया, काराकाट के काराकाट, बेनसागर तथा दावथ के दावथ और सेमरी में पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया गया था। जिसमें की अनियमितताएं पाई गई थीं। इन लोगों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर इनकी अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने का आदेश जारी किया गया है। नगरपरिषद बिक्रमगंज के वार्ड संख्या 23 के दुकानदार रामाधार राम, बैजन्ती देवी बिक्रमगंज प्रखंड के शिवपुर के रामनारायण राम, काराकाट प्रखंड के काराकाट के दीनदयाल मुसहर, बेनसागर के सत्येन्द्र कुमार सिंह, संझौली प्रखंड के मझौली के दिलीप कुमार गुप्ता, राजपुर प्रखंड के पड़रिया के विश्वनाथ राम, दावथ प्रखंड के दावथ के रामध्यान प्रसाद तथा सेमरी के उषा देवी शामिल हैं। इन सभी पीडीएस दुकानदारों पर खाद्यान्न का न्यूनतम वितरण, खाद्यान्न की कालाबाजारी करने तथा ई-केवाईसी में रूचि नहीं लिए जाने का आरोप है।

### बीडिओ ने स्वच्छता रथ को किया रवाना

**संझौली।** संझौली प्रखंड मुख्यालय से बुधवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बीडीओ प्रभा कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस दौरान बीडीओ ने पंचायत के सभी वार्डो में स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ रहने की बात कहीं। पंचायत में नियुक्त स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि लोहिया स्वच्छता अभियान को गांव के सभी वार्डो में जन-जन तक स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ रहने को कहा गया।

## होनहार व हुनरमंद हैं डुमरांव के युवा : एसडीएम राकेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के युवा होनहार व हुनरमंद है। इनके अंदर अपरा प्रतिभा छिपी है। जरूरत है उसे सही मंच व मागदर्शन देकर उभारने की। उक्त बातें डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार ने बुधवार को नगर भवन के सभागार में कही। अवसर था अनुमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का। इसके पूं एसडीम के नेतृत्व में अधिकारियों व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने तथा जिला स्तरीय युवा महोत्सव के स्क्रीनिंग के लिए अनुमंडल प्रशासन द्वारा अनुमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान अलग-अलग विधाओं में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान बक्सर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का भी चयन किया गया।



उद्घाटन के मौके पर बीडीओ संदीप कुमार पांडेय, निर्णायक मंडल के अनुराग मिश्रा, ब्रजेश चौबे, मनीष कुमार शशि व अनिता यादव मौजूद थे। रितम दूबे व रूपम दूबे नामक बहनों ने शास्त्रीय संगीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया।महोत्सव के दौरान अनुमंडल के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे 50 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया। इन प्रतिभागियों ने प्रदर्श कला से लेकर समूह लोक नृत्य, समूह गायन लोकगीत, एकल लोकगाथा, लघुनाटक , शास्त्रीय गायन सहित विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया।

## बेलगाम बालू लदे ट्रक ने मासूम बच्चे को रौंदा, मौके पर मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर की आगजनी
- चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक पर बुधवार की सुबह घटी घटना

**केटी न्यूज/आरा**

सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक पर बुधवार की सुबह बेलगाम बालू लदे ट्रक ने बड़ी बहन के सामान खरीदने गए एक मासूम बच्चे को रौंद दिया। हादसे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत बालक चांदी थाना क्षेत्र के नरवीरपुर गांव निवासी रणजीत पंडित का 3 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार है। उधर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया। इसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने मृत बच्चे के शव को चांदी चौक पर सड़क के बीचों-बीच रख जाम कर दिया। सड़क जान के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा टायर जलाकर आगजनी भी की गई। उनके द्वारा करीब छह घंटे तक सड़क जाम रखा गया। जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। वही सड़क जाम की सूचना पाकर चांदी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उक्त चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को भी जब्त कर लिया। इसके बाद पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में जुट गई। पुलिस के काफी मशक्कत करने के बाद लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर मृत बच्चों के दादा रामू पंडित ने बताया कि बुधवार की सुबह अपनी बड़ी बहन शिबू कुमारी के साथ चांदी चौक पर सामान खरीदने गया था। सामान खरीद कर जैसे ही वह सड़क पर चढ़ किनारे से जा रहा था। तभी पीछे से आ रही बेलगाम बालू लदे ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृत बच्चा अपने दो बहन व एक भाई में छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। मृत बच्चे के पिता पेशे से ट्रैक्टर चालक है। उसके परिवार में मां रिंकू देवी व दो बहन शिबू कुमारी एवं आनंदी कुमारी है। घटना के बाद बच्चों के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृत बच्चे की मां रिंकू देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आरा सांसद सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में माले का धरना प्रदर्शन, अपनी मांगों को लेकर अड़े

# बड़हरा, शाहपुर, कोईलवर को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र किया जाए घोषित : सांसद

**केटी न्यूज/आरा**

- 12 सूत्री मांग को लेकर भाकपा-माले ने भोजपुर डीएम के समक्ष दिया एकदिवसीय धरना

जिले में बाद का पानी अब कम ही रहा है, जिले में गंगा के किनारे वाले 3 प्रखंडों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने समहित 12 सूत्री मांग को लेकर भाकपा-माले ने भोजपुर जिलाधिकारी के समक्ष एकदिवसीय धरना पर भाकपा-माले के सांसद सुदामा प्रसाद अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ धरना पर थे। इस दौरान माले के नेताओं और कार्यकर्ता बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। और सरकार कर जिला प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए है। बाढ़ पीड़ितों के बीच बाढ़ राहत अभियान तेज करने और भूधारी और बंटाईदार किसानों को प्रति एकड़ पचास हजार रुपए फसल छती मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद सांसद सुदामा प्रसाद ने डीएम से मिलकर अपनी मांग पत्र सौंपी है। सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि शाहपुर, बड़हरा, कोइलवर, आरा मुफस्सिल को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर आज जिला कमेटी द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। लोकसभा में



हमने 1 जुलाई 24 को यह सवाल उठाया था। शाहपुर प्रखंड के ज्वईनिया गांव और गंगा नदी के किनारे जो भी गांव है, उन पर बाढ़ का खतरा हर साल रहता है। स्थायी ठोकर बांध का निर्माण बड़हरा से लेकर शाहपुर तक के किनारों को पक्का किया जाए। पक्कीकरण नहीं करने की वजह से ज्वईनिया कटाव होने के कारण दर्जनों घर गंगा में समा गई है। गांव के सामने एक किलोमीटर तक लक्ष्मीपुर गांव के पास यूपी सरकार ने ठोकर बांध बनवाया है। गंगा हमारे जिले की तरफ साढ़े 3 किलोमीटर भोजपुर की तरफ आ गई है। करीब 10 हजार एकड़ जमीन गंगा के पानी में समा गई है। जब हम ज्वईनिया गांव में गए थे, तभी देखा था कि गांव के चारों तरफ पानी ही पानी है। हमारे जाने के बाद तत्काल नाव की व्यवस्था प्रशासन की तरफ से की गई। इससे पहले गांव के पीड़ित ग्रामीण बाढ़ का दंश झेल रहे थे। सांसद सुदामा प्रसाद ने बाढ़ राहत सामग्री की जांच की मांग की है। तत्काल युद्ध-स्तर पर राहत कार्य संचालित किया जाए। शाहपुर के जवईनिया के विस्थापितों को 5 डिसमिल जमीन व पक्का मकान बनाकर मुहैया कराया जाए। जीविका सहित तमाम किस्म की सभी कर्ज को माफ किया जाए। बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मकान को मरम्मत कराया जाए। बाढ़ खत्म होते ही तमाम किस्म की बीमारियों से बचाव के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और सभी पंचायतों में मेडिकल कैंप की व्यवस्था की जाए।



# युवाओं में जागरूकता लाकर तंबाकू की लत छुड़ाने का आह्वान

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान के शुभारंभ जिले के सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार के द्वारा तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज के प्रांगण फीता काटकर एवम हस्ताक्षर अभियान का चलाकर किया गया।

उक्त अभियान की योजना के अनुसार जिले के लगभग समस्त विद्यालयों ,ग्राम सभाओं एवं अन्य प्रतिष्ठानों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने के प्रयास में यह जागरूकता कार्यक्रम किया गया। उक्त के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा बच्चों को अपने भविष्य के उत्तम सपनों को साकार करने हेतु इस प्रकार के दुष्प्रभाव से दूर रहने हेतु एवं अपने अभिभावक के सपनों को पूरा करने के लिए तंबाकू एवं धूम्रपान से दूरी बनाए रखने की एक अपील की गई ,साथ ही साथ हर जनमानस को इस मुहिम का हिस्सा बनने हेतु किए जा रहे हैं प्रयास के लिए सहयोग के लिए कहा क्योंकि बच्चे परिवार एवं देश का भविष्य होते हैं इसलिए स्वस्थ शरीर से स्वस्थ देश का विकास संभव है। इसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा वहा उपस्थित समस्त बच्चों एवं मौजूद शिक्षकों के समक्ष तंबाकू न करने की शपथ कराई गई।



इसी क्रम में जिले के स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल सीएमओ डा संजय गुप्ता द्वारा तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाली समस्त बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। इन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से होने वाले कैंसर एवं अन्य गैर संचारी बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस आयोजित तंबाकू मुक्त युवा अभियान में शिक्षा विभाग द्वारा जनपद के 800 विद्यालयों को तंबाकू मुक्त करने एवं पंचायत विभाग द्वारा 300 ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है ,साथ ही साथ पुलिस विभाग एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा एनफोर्समेंट गतिविधियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिले के सलाहकार डा अश्विनी कुमार सिंह द्वारा जिले में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित चलाए जा रहा है विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया गया तथा जिले में चलाया जाता है अभियान के बारे में भी बताया। डा अश्वनी कुमार सिंह द्वारा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख लोग तंबाकू के सेवन से अकाल मृत्यु का शिकार हो जाते हैं एवं प्रतिनिधि 5500 युवा तंबाकू का उपयोग प्रारंभ करते हैं जिससे कि आने वाले समाज से स्वस्थ समाज की संरचना करना दुर्लभ होता है इन्होंने बताया कि तंबाकू से लोग श्वसन रोग एवं मुख एवं आहार नाल का कैंसर प्रमुख रूप से पाया जाता है। सहयोगी संस्था उत्तर प्रदेश हेल्थ वॉलंटरी से आए हुए दिलीप कुमार पांडे द्वारा देश एवं प्रदेश के समक्ष प्रस्तुत हुए विभिन्न तंबाकू एवं धूम्रपान पर किए गए सर्वे पर डाटा को सबके समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें यह देखने में आया की विश्व में सबसे ज्यादा तंबाकू का उपयोग हमारे देश भारत एवं राज्य स्तर पर सबसे ज्यादा तंबाकू का उपयोग राज्य उत्तर प्रदेश में पाया गया।

## खबरें फटाफट

### दुष्कर्म के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**बलिया।** गड़वार थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को बुधवार की दोपहर हनुमान मंदिर तिराहा फेफना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम कार्तिक राजभर पुत्र बदन राजभर निवासी ग्राम सिंहाचवर थाना गड़वार जिला है। आरोपी के खिलाफ गड़वार थाने में बीते दिनों मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### करंट लगने से महिला की मौत

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पार्वती देवी (22) पत्नी कन्हैया लाल ठठेरा निवासिनी ग्रामसभा ओड़राई की विद्युत चपेट में आने से मौत हो गई। कन्हैया लाल ठठेरा एक पैर से विकलांग हैं, जो किसी तरह से बर्तन बेच कर अपनी जीविका चलाते हैं। बहुत ही गरीब परिवार के है। इन लोगों के पास किसी प्रकार की जमीन जायदाद नहीं है। कठिन से कठिन मेहनत करके यह अपना जीवन व्यतीत करते हैं। यह खबर सुनते ही पूरे गांव में गम का बादल छाया हुआ है।

### दुर्गा माता मंदिर गौहरपुर में फल का वितरण

**मऊ।** मऊ के दुर्गा माता मंदिर गौहरपुर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीवित पुत्रिका व्रत के उपलक्ष्य में माता जी के आशीर्वाद एवम फलाहारी बाबा की कृपा से माताओं को फल वितरण कर पूजा पाठ किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी अखिलेश ब्रह्मचारी अमरेश यादव पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य समाजसेवी कृष्णानंद यादव कमलेश यादव अवध राज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## रोज होती है 30-40 गायों की तस्करी, नाव से गायों को पहुंचाया जाता है बिहार

# उत्तर प्रदेश में तस्करों का पुलिस से मेल जमकर चल रहा गो तस्करी का खेल

**तिलक कुमार/बलिया**

सिर्फ गो माता की जय और गो माता को चारा खिलाने से अब बात नहीं बनेगी। गौ माता की रक्षा के लिए भी सबको आगे आना होगा। वरना बलिया पुलिस के मेल से महावीर घाट पर चल रहा गो तस्करी का ?खेल यूं ही जारी रहेगा। हैरत तो तब और लगती जब गोभक्त मुख्यमंत्री योगी के राज में इस तरह का खेल चल रहा है। सूत्र की मानें तो रोजाना 30 से 40 की संख्या में गायो की तस्करी की जाती है।

तस्करी के मामले में शहर कोतवाली के बिचला घाट चौकी अंतर्गत महावीर घाट पहले से ही बदनाम है। अभी तक तो सिर्फ यह घाट शराब तस्करी और अवैध खनन को लेकर बदनाम था। लेकिन अब तो खुलेआम यहां गो तस्करी भी होने लगी है और वह भी पुलिस की मिलीभगत से। अभी इधर लगातार दो दिन गो तस्करी का वीडियो वायरल होने के बाद जब बिचला घाट चौकी इंचार्ज से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लोग खरीदकर ले जा रहे हैं, लेकिन इंचार्ज साहब को यह बात कौन समझाए कि अभी जिस रास्ते से पिकप में लादकर गायों को ले जाया जा रहा है, वह सड़क अभी दो दिन पहले तक बाढ़ के पानी में डूबा था और उससे भी मजे की बात यह है कि सड़क महावीर घाट तक ही जाकर समाप्त हो जाता है। उसके बाद आती है मां गंगा और उस पार बिहार तो इससे आम आदमी भी सहज ही अंदाजा लगा सकता है कि गो माता को आखिर कहां और कैसे ले जाया जा रहा है।





### सीसी टीबी कैमरा का मुहं कर दिया नीचे

बलिया। पुलिस की मिलीभगत को इस बात से और भी ज्यादा बल मिलता है, जो महावीर घाट के रास्ते मां काली का मंदिर है, वहां सीसी टीबी कैमरा लगा हुआ है और इसकी मानीटरिंग शहर कोतवाली और बिचला घाट से होती है। लेकिन अफसोस सीसी टीबी कैमरा का मुहं जिधर और जैसे होना चाहिए, वैसा नहीं है बल्कि उसको जानबूझकर नीचे कर दिया गया है, जैसा कि आप फोटो में भी देख सकते हैं। इससे पुलिस की मिलीभगत के आरोप को बल मिल रहा है।

### चार से छह हजार तक रेट फिक्स्ड

**बलिया।** सूत्र की मानें तो इस मिलीभगत में चार से छह हजार का रेट फिक्स्ड है। बड़ी साइज की गाय छह हजार और छोटे साइज का रेट चार हजार है। नरहीं की तरह यहां भी यदि एडीजे मोडिया जी और डीआईजी वैभव कृष्ण की नजर इनायत हो जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो सकता है। क्योंकि इस खेल में भी नीचे से उपर तक सब मिले हुए हैं। जैसा कि नरहीं ट्रक वसूली कांड है।

### क्या बोले अपर पुलिस अधीक्षक

**बलिया।** इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। जांच करवाता हूं, जल्द ही एक्शन लिया जाएगा।

## जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रदेश में तीसरे स्थान पर मऊ

♦ कुपोषण के रोकथाम हेतु चलाए जा रहा है पोषण अभियान

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के कुशल मार्ग दर्शन में बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचातीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग इत्यादि कन्वर्जेन्स विभागों के सहयोग एवं प्रयास से जनपद मऊ सम्भव अभियान में प्रदेश में तीसरे स्थान तथा पूर्वांचल के जनपदो में प्रथम स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा पूरे देश में दिनांक 1 से 30 सितम्बर, 2024 तक 7वाँ राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। बच्चों में बौनापन, नाटापन आदि कुपोषण के प्रकार है। 11 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों व प्रजनन योग्य अहिलाओं में खून की कमी एक व्यापक समस्या है, जिससे मातृत्व मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर की समस्या बनी रहती है। कुपोषण न केवल गरीबी से जुड़ा है बल्कि कुरीतियों, सामुदायिक व्यवहारों व आदतों से भी जुड़ा है। इसी को देखतें हुए भारत सरकार इस समस्या को समाप्त करने के लिए राज्य सरकारों के संग मिलकर विभिन्न आयामों में प्रयास कर रही है। कुपोषण की रोकथाम एवं सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन हेतु पिछले कई वर्षों से पोषणएक जन आन्दोलन अभियान चलाया जा रहा है। यह आन्दोलन कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय से मनाया जा रहा है। 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक 7वा राष्ट्रीय पोषण माह पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसका लक्ष्य बच्चों में नाटापन, अल्प वजन व महिलाओं में एनिमिया की दर में कमी लाना है। पोषण अभियान एक बहुविभागीय कन्वर्जेन्स का अभियान है, जिसमें बाल विकास विभाग नोडल विभाग है, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, आयुर्वेदिक विभाग एवं जल निगम आदि कन्वर्जेन्स विभागों के सम्मलित प्रयासों से कुपोषण मुक्त भारत हेतु विशेष अभियान माह सितम्बर, 2024 में चलाया जा रहा है।

## स्वच्छता कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगों ने लोगों को किया जागरूक

♦ दिव्यांगों की स्वच्छता जागरूकता रैली को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**केटी न्यूज/मऊ**

स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम पूरे देश में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर के मध्य चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति/सामाजिक वानिकीय प्रभाग मऊ द्वारा बुधवार को अमरवाणी स्कूल मऊ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं डीएफओ द्वारा भी प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मूख बाधित छोटे- छोटे छात्र/छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं दिव्यांग बच्चियों द्वारा पर्यावरण पर गीत प्रस्तुत की गई। इस



दौरान दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 में समस्त जनपद वासियों को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के साथ ही अपने आसपास की साफ सफाई करने का आह्वान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों का यह कर्तव्य है कि अपने आसपास, घर के अंदर बाहर एवं जहां पर भी गंदगी दिखे उसकी सफाई अवश्य करें। उन्होंने वहां उपस्थित सभी दिव्यांग एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आसपास एवं घर के अंदर जब साफ सफाई होगी तभी पढ़ने में मन लगेगा। आसपास गंदगी रहने की वजह से चिड़चिड़ापन होता है और पढ़ाई में मन भी नहीं लगता है। इसलिए हम सभी लोगो का यह कर्तव्य है कि अपने आसपास जहां पर भी गंदगी दिखे उसकी सफाई अवश्य करें एवं जो व्यक्ति गंदगी फैलता है उसको रोकते हुए गंदगी से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें एवं सभी लोग अपने आसपास के लोगों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में भी जागरूक करें एवं कूड़े को कूड़ेदान डालने की सलाह दे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वहां पर उपस्थित सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी के साथ दिव्यांग एवं मूख बाधित बच्चों द्वारा अमरवाड़ी स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

## एक नजर

### राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर पेड़ गिरने से आवागमन हुआ बधित



**सिंहपुर।** फेफना-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर विशालकाय सेमर का पेड़ गिर जाने के कारण आवागमन बधित हो गया ।पुलिस और ग्रामीणों के प्रयास के बाद रोड़ पर गिरा पेड़ हटाऐ जाने के बाद आवागमन बहाल किया गया। बात दें कि क्षेत्र के हर घर जल योजना के अंतर्गत भूमिगत पाइप बिछाया जा रहा है जिसको लेकर कपूरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के किनारे बुधवार की शाम पाइप का कार्य किया जा रहा था कि अचानक किनारे लगा विशालकाय सेमर का पेड़ गिर गया और पेड़ गिरने के कारण कार्य कर रहे पोकलेन का अगला हिस्सा उसी में दब गया विशालकाय पेड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर जाने के कारण आवागमन बाधित रहा,और रोड़ के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। संयोग अच्छा रहा कि कोई हताहत नहीं हुआ। सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग पेड़ हटवाने के एक घंटे बाद आवागमन शुरू हो सका।

### स्कूली वाहनो की चेकिंग अभियान में 4 वाहन थाना में बंद ,7 वाहनों का हुआ चालान



**मऊ।** स्कूली वाहनों के प्रति चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.09.2024 को स्कूली वाहनों की चेकिंग की गयी जिसमें प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) श्री सुहेल अहमद एवं यात्रीकर अधिकारी, अरविन्द कुमार जैशल द्वारा 35 वाहनों को चेक किया गया जिसमें से बिना फिटनेस पायी गयी 04 स्कूली वाहनों को विभिन्न थानों में बन्द एवं 07 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही स्कूली वाहनों के प्रति चेकिंग का कार्य निरन्तर जारी रहेगा।

### चितबड़ागांव की पुलिस ने चार गोवंश के साथ एक बाल अपचारी गिरफ्तार को पकड़ा



**बलिया।** चितबड़ागांव थाने की पुलिस ने बुधवार की तड़के सुबह धमार्पुर चौराहे के पास से एक बाल अपचारी को पकड़ने के साथ ही उसके कब्जे से पिकप गाड़ी में लदी चार गोवंश बरामद किए। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर एक आरोपी भाग खड़ा हुआ। पुलिस सुजायत गेट पर आपस में अपराध तथा अपराधियो के बारे मे बात-चीत कर रहे थे कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक पिकअप पर कुछ गोंवश लादकर मुहम्मदाबाद की तरफ से आ रहे है, जो धमार्पुर होते हुए नरहीं के रास्ते बिहार वध हेतु ले जाने वाले हैं । यदि शीघ्रता किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इसके बाद धमार्पुर चौराहे पर पुलिस पहुंचकर वाहन का इन्तजार करने लगे कि, कुछ देर बाद एक सफेद पिकअप मुहम्मदाबाद गाजीपुर की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। पास आने पर पिकअप को पुलिस वाले रोकने का इशारा किये किन्तु चौराहे से कुछ दूर पहले ही पिकअप पर बैठे दोनों व्यक्ति उतरकर भागने लगे, जिससे पुलिस वाले द्वारा कुछ दुर पीछा कर एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

### कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान बोले... बलिया में बहुत जल्द होगा जेल का निर्माण

**बलिया।** चितबड़ागांव में एक कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश सरकार के कारागर मंत्री दारा सिंह चौहान ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि बलिया में बहुत जल्द ही जिला जेल का निर्माण होगा। बताते चले कि जिला मुख्यालय पर बने जिला कारागर की क्षमता 900 कैदियों की है साथ ही वहां पर जल निकासी न होने के कारण जल जमाव की स्थित पैदा हो जाती है और हर साल बरसात के दिनों में कैदियों को मऊ एवं आजमगढ़ जेल में शिफ्ट करना पड़ता है। 2022 में बलिया बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री ने बलिया में मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा की थी। उसके लिए जिला जेल भवन को तोड़कर मेडिकल कालेज का निर्माण कराया जाएगा जबकि जिला जेल बलिया से दस किमी दूर नरायनापाली गांव के समीप 80 एकड़ में बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है जहां पर तीन हजार कैदियों की रखने की क्षमता होगी।

## श्रद्धा और विश्वास के साथ सुना व्रत कथा, संतान की लंबी आयु के लिए की प्रार्थना

# जीवित्पुत्रिका व्रत... मंदिरों में उमड़ी व्रतियों की भीड़

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बुधवार की शाम 24 घंटे के कठिन निराजल जीवित्पुत्रिका व्रत के बीच व्रती माताओं ने अपने-अपने क्षेत्र स्थित मंदिरों पर संतान की लंबी आयु के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान महिलाओं ने व्रत के महत्व से जुड़ी कथा का श्रवण किया और आस्था का जलता दीपक लेकर घर लौटीं।

तीन दिवसीय जीवित्पुत्रिका व्रत के दूसरे दिन बुधवार की शाम को 24 घंटे तक अन्न जल त्याग के कठिन व्रत के बीच, बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं क्षेत्र स्थित विभिन्न मंदिरों पर बैंड बाजे के साथ पहुंची। यहां पहुंचकर महिलाओं ने धूमधाम से आस्था और विश्वास के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत की पूजा किया।



**माताओं ने सुनी व्रत के महत्व को दशार्न वाली कथा, आस्था का दीपक लेकर लौटीं घर :** अलग-अलग दर्जनों टोलियों में पूजा कर रही महिलाओं ने जीवित्पुत्रिका व्रत के तेज और फल की महिमा को प्रदर्शित करने वाली कथाओं को सुना। जिसमें उन्होंने राजा जिमूतवाहन कथा, कृष्ण अश्वत्थामा कथा तथा चील्ह और सियारिन की कथा का श्रद्धा पूर्व श्रवण किया। इसके उपरांत महिलाओं ने ईश्वर से संतान की लंबी आयु की प्रार्थना किया। यहां से आस्था का दीपक जलाकर माताएं अपने पूजित जितिया के साथ घर लौटीं।

### इस तरह होता हैं खर जितिया व्रत

माताएं बुधवार की भर से ही अन्य जल का त्याग कर 24 घंटे का व्रत रखे हुए हैं। वे गुरुवार को सूर्योदय होने पर अपना व्रत तोड़कर पारण करेंगीं। इसमें एक मान्यता यह भी है कि जो जितना कठिन जीवित्पुत्रिका व्रत रहता है, उसके पुत्रों की उतनी ही लंबी आयु होती है। इसलिए ज्यादातर महिलाएं पारण मुहूर्त के घंटो बाद अपना व्रत तोड़ती है। जिसे खर जितिया के नाम से भी जाना जाता है।

### व्रती महिलाओं से पटा रहा रेलवे स्टेशन

**पीडीडीयू नगर।** जीवित्पुत्रिका पर्व पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर गंगा स्नान करने वाली महिलाओं की भीड़ उमड़ी। ट्रेनों से आने वाले महिला यात्रियों को संभालने में पुलिस को पसीने बहाने पड़े। मंगलवार की रात और बुधवार को दिन भर स्टेशन महिला यात्रियों से पटा रहा। आरपीएफ, जीआरपी और वाणिज्य विभाग की टीम महिलाओं को सुरक्षित ढंग से ट्रेन में चढ़ाने और ट्रेन से उतरी महिलाओं को रास्ता दिखाने में जुटे रहे। तीन अक्तूबर 2007 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भीड़ अधिक होने से फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियों पर भगदड़ मच गई थी। इस घटना में 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। उसके बाद प्रतिवर्ष जीवित्पुत्रिका के मौके पर प्लेटफामों पर सुरक्षा बलों को विशेष टीम लगाई जाती है।



# सर्पदंश से बीएसएफ के रिटायर्ड सहायक कमांडेंट की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सुहवल थाना क्षेत्र अंतर्गत ताड़ीघाट खेत में जानवरों के लिए चारा काटते समय सर्पदंश से बीएसएफ के रिटायर्ड सहायक कमांडेंट परमानंद यादव (65) की मौत हो गई। उक्त घटना के चलते परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि सर्पदंश की घटना के बाद गांव सहित मुहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। उधर सांप के काटने से हुई मौत के बाद पत्नी नागेश्वरी देवी सहित अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। सहायक कमांडेंट की मौत के चलते गमजदा परिजनों को अगल -बगल के लोग सांत्वना देने में लगे हुए है। इलाके के गणमान्य लोगों का श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा हुआ है।सर्पदंश से मृत



बीएसएफ के सहायक कमांडेंट परमानंद यादव की पत्नी ने बताया कि उसके पति रोज की तरह भोजन कर कुछ देर आराम करने के बाद जानवरों को चारा लाने के उद्देश्य से खेत में गये थे। बताया खेत में चारा काटते समय उन्हें एक जहरीले सर्प ने शरीर के एक हिस्से पर काट लिया था। पत्नी ने बताया कि इसकी सूचना मिलने पर परिजन तत्काल खेत में पहुंचकर वाहन से उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। उनकी हालात गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया। इसके बाद वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही उसके पति ने दम तोड दिया।मृतक बीएसएफ के सहायक की पत्नी ने बताया कि इसके बाद उसके पति के शव को घर लेकर परिजन चले आए। बताया कि उसके तीन पुत्र हैं। जिसमें सबसे बड़ा विनोद यादव बीएसएफ में पंजाब के अमृतसर में तैनात हैं। उसे भी उसके पिता की मौत की सूचना दे दी गई है।

## उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का किया शुभारंभ

# उप्र के लिए गेम चेंजर साबित हुए हैं मुख्यमंत्री योगी इससे देश को काफी मदद मिल रही है: उप राष्ट्रपति

**केटी न्यूज/ग्रेटर नोएडा/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी जी इस राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24\7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। यह बातें बुधवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के शुभारंभ के अवसर पर कहीं। इससे पहले उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां बने विभिन्न हॉल में लगाए गये स्टालों का अवलोकन किया। साथ ही मणिदीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

### यूपी तेजी से बन रहा 'उद्यम प्रदेश

उप राष्ट्रपति ने कहा कि पूरे देश को इस आयोजन के बारे में जानकारी होनी चाहिए। संसद टीवी के जरिए इसका प्रदर्शन होना चाहिए। प्रदर्शनी के जरिए प्रदेश की तकनीकी, सांस्कृतिक संपदा, एक जिला-एक उत्पाद आदि को दशार्या जा रहा है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच कार्यों के क्रियान्वयन का तालमेल बेजोड़ है। इसमें भ्रष्टाचार और अकुशलता के लिए कोई जगह नहीं है। सीएम योगी के निरंतर प्रयासों से यूपी तेजी से 'उद्यम प्रदेश' बन रहा है।



### उप राष्ट्रपति ने योगी आदित्यनाथ को दी बधाई

उप राष्ट्रपति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोजन में आकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने पर ऐसा लगा कि वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। उन्होंने कहा, "यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं।

### वियतनाम सही जगह पर है, यहां सर्वश्रेष्ठ लोगों से जुड़ने का अवसर मिलेगा

उप राष्ट्रपति ने इस बात को लेकर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में दक्षिण एशिया में प्रभावशाली जीडीपी वाला देश वियतनाम 'भागीदार देश' के रूप में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि वियतनाम को इस बात के लिए आश्वस्त होना चाहिए कि वह 'सही जगह' पर है क्योंकि वे यहां 'सर्वश्रेष्ठ लोगों' से जुड़ सकते हैं। हम भारत और यूपी के साथ-साथ वियतनाम की समृद्ध संस्कृति का भी अनुभव यहां प्राप्त कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच समानता अद्भुत है। अपने अनूठे स्वाद के लिए प्रसिद्ध वियतनामी व्यंजनों का लुत्फ यूपी और देश भर के आगंतुक यहां उठा सकते हैं। यह हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के लिए फायदेमंद होंगे। यह पीएम मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है कि उन्होंने ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद किया है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और यहां आने वाला हर कोई अपने साथ खुशी के पल की अनुभूति लेकर जाएगा।

**हर क्षेत्र में योगी इफेक्ट स्पष्ट रूप से दिखाई देता है :** उप राष्ट्रपति ने कहा कि यूपी 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने की आकांक्षा रखता है। यहां बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर ध्यान केंद्रित करना इसे शक्तिशाली राज्य बनाता है। इन सबमें योगी इफेक्ट स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नोएडा ने यूपी के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत का योगदान दिया है। यह शहर कौशल से भरपूर है। यह राज्य विकास का इंजन है और देश को आगे ले जाने के लिए तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रभावित हैं।

**यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभी के लिए अवसरों की टोकरी है :** उप राष्ट्रपति ने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभी के लिए अवसरों की टोकरी है। यह कार्यक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्थानीय से वैश्विक' के मंत्र को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत बड़ा महायज्ञ हो रहा है, जो 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करेगा, इसमें हम सभी को भी आहुति देनी होगी।

उद्घाटन समारोह में जीतन राम मांझी, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', राकेश सचान, स्वतंत्रदेव सिंह, संजय निषाद, दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री बृजेश सिंह, जसवंत सैनी, सांसद महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार सहित देश-प्रदेश से आए उद्यमी, हस्तशिल्पी, एग्जीबिटर्स, बायर्स आदि मौजूद रहे।

### निवेशकों का चहेता डेस्टिनेशन बन चुका है उत्तर प्रदेश : मांझी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। उन्होंने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ओडीओपी योजना की सराहना करते हुए कहा कि देश में औद्योगिक वातावरण बनाने में यूपी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के आर्थिक विकास का रास्ता यूपी से जाता है। यहां योगी सरकार द्वारा विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर देने की वजह से उत्तर प्रदेश निवेशकों का चहेता डेस्टिनेशन बन चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से यूपी को एमएसएमई सेक्टर के लिए हरसंभव मदद दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारत से निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है।

### 70 देशों का होगा प्रतिभाग, 4 लाख फुटफॉल की संभावना

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रक्षा, कृषि, ई-कॉमर्स, आईटी, जीआई, शिक्षा, अवस्थापना, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, डेयरी उद्योग आदि के 25 सौ स्टॉल लगाए गये हैं। एमएसएमई क्षेत्र को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इस ट्रेड शो का आयोजन लगातार दूसरे साल किया जा रहा है। इस वर्ष यूपीआईटीएस में 70 देशों का प्रतिभाग और 4 लाख फुटफॉल की संभावना है। इसके अतिरिक्त यूपीआईटीएस में खादी के परिधानों का फैशन शो और कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। ट्रेड शो में प्रदेश के निर्यातकों, ओडीओपी और महिला उद्यमियों का प्रतिभाग बड़े स्तर पर हो रहा है। इससे छोटे उद्यमियों को ग्लोबल शोकेस मिलेगा।

### उप राष्ट्रपति के भाषण के महत्वपूर्ण अंश

- सीएम योगी के निरंतर प्रयासों से तेजी से 'उद्यम प्रदेश' बन रहा है उत्तर प्रदेश
- वियतनाम को इस ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ लोगों से जुड़ने का अवसर मिलेगा
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुशासन के लिए फ्रंट फुट पर बल्ले से खेल रहे हैं
- यूपी सभी क्षेत्रों में विकास और नवाचार की गतिविधियों से भरा हुआ है
- हर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है योगी इफेक्ट
- यह एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सभी के लिए अवसरों की टोकरी है

### यूपी के सभी क्षेत्रों में विकास और नवाचार

उप राष्ट्रपति ने कहाकि यूपी सभी क्षेत्रों में विकास और नवाचार की गतिविधियों से भरा हुआ है। दो साल में हमारी अर्थव्यवस्था जर्मनी और जापान से आगे बढ़कर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। सीएम योगी के प्रयासों से प्रदेश में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे व हाईवे को सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में देखा जा रहा है। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में 12 नए औद्योगिक क्षेत्र शुरू हुए हैं, एआई ने अपनी जगह बनाई है। विश्व बैंक और आईएमएफ हमारी प्रशंसा कर रहे हैं। हमारा डिजिटलीकरण और तकनीकी पैठ बहुत बढ़िया है।

### यूपी अब देश की बहुत बड़ी ताकत बन गया है

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कानून और व्यवस्था से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाला राज्य है, जहां कानून-व्यवस्था की चुनौतियां, भय का माहौल और विकास की संभावनाएं कम थीं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व अब यह राज्य विकास की ओर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। यह परिवर्तन अकल्पनीय है। एक तरह से यूपी का पूरा कायाकल्प हो गया है। मेक इन इंडिया के एक दशक ने विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम दिए हैं और यूपी इसमें अग्रणी है। भ्रष्टाचार अब यूपी में अतीत की बात हो गई है। सबसे बड़ा राज्य यूपी अब देश की बहुत बड़ी ताकत बन गया है।

### सुशासन के लिए फ्रंट फुट पर खेल रहे आदित्यनाथ

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता होने पर गर्व है, लेकिन हम बीच में कहीं खो गए थे, हालांकि अब हमने इसे फिर से गति दी है। इससे अधिक संतोषजनक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुशासन के लिए फ्रंट फुट पर खेल रहे हैं। एक दशक आर्थिक स्थिति लड़खड़ा रही थी, लेकिन वर्तमान में 360 डिग्री का बदलाव बेहतरी का संदेश है और यह दुनियाभर के लिए निवेश का पसंदीदा वैश्विक गंतव्य बन चुका है। नोएडा ने यूपी के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत का योगदान दिया है। यह शहर कौशल से भरपूर है।

## कार्यकर्ताओं व जनता के स्नेह ने बनाया सांसद : बाबूसिंह कुशवाहा

- कार्यकर्ता ही ताकत और हिम्मत : शैलेंद्र यादव ललई

**केटी न्यूज/जौनपुर**

समाजवादी पार्टी की सदर विधानसभा इकाई द्वारा कार्यकर्ता मिलन एवं सम्मान समारोह गुलाबी देवी महाविद्यालय में कल शाम 3 बजे आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जौनपुर के सांसद बाबूसिंह कुशवाहा तथा, विशिष्ट अतिथि गण क्रमशः पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई तथा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अरशद खान ने किया तथा संचालन समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र सदर जौनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने किया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सांसद बाबूसिंह कुशवाहा तथा विशिष्ट अतिथि गण पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई एवं सपा जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य का बुके देकर कार्यकताओं ने सम्मान किया। तत्पश्चात कार्यक्रम आयोजक पूर्व विधायक राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद



अरशद खान एवं विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि गण पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य एवं वरिष्ठ सपा नेता लालचंद यादव लाले का स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर के सम्मान किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने अपने ऐतिहासिक सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि जौनपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पार्टी कार्यकताओं एवं जनता के अपार स्नेह के कारण मुझे सांसद बनने का अवसर प्राप्त हुआ। अब मुझे जौनपुर की जनता का सेवा का अवसर जो मिला है मैं पूरी ईमानदारी से अपने संसदीय क्षेत्र की जनता का सेवक बनकर उनके द्वारा दिए गए अपार स्नेह और समर्थन का हर संभव प्रयास करूंगा कि मेरे द्वारा हमारे क्षेत्र की जनता का और पार्टी कार्यकताओं का सम्मान सदैव सर्वोपरि रहेगा।

## केंद्र संचालक से लूटपाट करने वाले दो बाल अपचारी गए जेल

**चंदौली।** विगत दिनों पूर्व सकलडीहा स्थित नोनार गांव में ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक के साथ छिनैती करने वाले दो बाल अपचारी और बदमाशों को पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने फुल्ली गांव के समीप धर दबोचा जिनके पास से 1,91,000 रुपये के साथ एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। उक्त मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में किया। बताया कि फुल्ली गांव निवासी सुनील कुमार प्रजापति अपने मित्र सेवालाल के साथ यूनियन बैंक पौनी से चार लाख रूपए निकालकर अपने ग्राहक सेवा केंद्र तुलसी आश्रम लोनार लेकर जा रहा था। उसी समय बदमाशों ने रुपये छिनैती करने के नियत से तुलसी आश्रम नोनार स्थित अस्पताल के बगल में योजना बनाकर सुनील का इन्तजार कर रहे थे। सुनील जब बैंक से पैसा लेकर चला तो बदमाश सुहेल खान ने अपने दोस्तों को इसकी सूचना दिया। और बैंक से ही अपने पल्सर बाइक से सुनील के पीछे लग गया। बदमाशों ने नागनपुर नहर पटरी के पास पेड़ के बगल में सुनील की मोटर साइकिल रोकते हुए असलहा दिखाकर रुपयो से भरा बैग छिन लिया गया।

## होटल आंत्रप्रेन्योर्स के लिए नोएडा में 'ड्रीम प्लॉट्स' की योजना लायी योगी सरकार

- 10 अक्टूबर को प्री बिड मीटिंग के जरिए तय होगी रूपरेखा, 17 से ऑनलाइन जमा करा सकेंगे आवेदन

**केटी न्यूज/नोएडा/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने नोएडा को अर्बन डायनेमिक सिटी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में. सीएम योगी के विजन अनुसार नवीन ओखला विकास प्राधिकरण नोएडा परिक्षेत्र में होटलों की स्थापना के लिए एक नवीन स्कीम लेकर आई है। नोएडा क्षेत्र में होटल आंत्रप्रेन्योर्स के लिए ड्रीम प्लॉट्स की स्कीम सीएम योगी के विजन अनुरूप लाई गई है। इस स्कीम के जरिए विभिन्न बजट व स्टार होटल्स के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार, नोएडा के सेक्टर 93बी, 105, 142 तथा सेक्टर 135 में ई-ऑक्शन के माध्यम से योजना के अंतर्गत प्लॉट्स का आवंटन किया जाएगा। खास बात ये है कि 2,000 स्क्वेयर मीटर से लेकर 24,000 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र तक के इन 6 प्लॉट्स के लिए 44.08 करोड़ से लेकर 410.70 करोड़ के बीच टोटल रिजर्व प्राइस निर्धारित किया गया है।

**सेक्टर 93बी में होगी बजट होटल्स की स्थापना :** नवीन ओखला विकास प्राधिकरण द्वारा होटल आंत्रप्रेन्योर्स के लिए लायी गई ड्रीम प्लॉट्स की स्कीम के अंतर्गत, नोएडा के सेक्टर 93बी में बजट होटल्स की स्थापना के लिए प्लॉट आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। योजना के अंतर्गत सेक्टर 93बी में कॉम2 व कॉम 2ए के अंतर्गत 2000 स्क्वेयर मीटर के दो प्लॉट्स के लिए आवेदनकर्ता आवेदन कर सकते हैं।



### 3 स्टार केटेगरीज के होटल्स का होगा निर्माण

ड्रीम प्लॉट्स स्कीम के अंतर्गत 3 अलग अलग केटेगरीज के स्टार होटल्स के निर्माण का भी मार्ग प्रशस्त होगा। योजना के अंतर्गत सेक्टर 105 के प्लॉट एसडीसी-एच-2 के लिए भी होटल आंत्रप्रेन्योर्स ई ऑक्शन के माध्यम से बोली लगा सकेंगे। 7500 स्क्वेयर मीटर वाले इस प्लॉट के लिए टोटल रिजर्व प्राइस 138.18 करोड़ रखी गई है। इसी प्रकार, सेक्टर 142 के प्लॉट नंबर 11बी की टोटल रिजर्व प्राइस 98.83 करोड़ निर्धारित की गई है। ये प्लॉट 5200 स्क्वेयर मीटर प्रसार वाला होगा। वहीं, योजना के अंतर्गत सेक्टर 135 में स्थित प्लॉट एच2 को सबसे बड़ा और सबसे बड़ी रिजर्व प्राइस वैल्यू वाला प्लॉट माना जा रहा है।

## एक नजर

### बैंड बाजा के साथ सरोवर तटों पर पहुंचीं माताएं, व्रत रख की पूजा अर्चना



**चंदौली।** जनपद में बुधवार को जीवित्पुत्रिका का व्रत पूजा पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। माताओं ने पुत्र की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। इस पर्व पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों के पोखरों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली ।यहीं नहीं मुख्यालय स्थित सावजी व प्राचीन काली माता मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों के पोखरों पर धूमधाम के साथ निर्जला व्रत रखी महिलाएं बैंड बाजा के साथ पर पहुंची और स्नान कर पूजा पाठ किया। बताते हैं कि अश्विन महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका के व्रत के तौर पर किया जाता है। व्रत के बारे में कई कथाएं प्रचलित हैं। इस व्रत की कथा महाभारत काल से जुड़ती है ।कहा जाता है कि उत्तरा के गर्भ पर अश्वत्थामा ने बांण चलाया और उसके गर्भ को नष्ट कर दिया तब भगवान श्रीकृष्ण ने जीवित किया और उस वक्त यही तिथि थी। इसके अलावा ये भी कहा जाता है कि द्रौपदी के पुत्र जब महाभारत युद्ध के दौरान मारे गए तब द्रौपदी उनका सिर लेकर भगवान श्रीकृष्ण के पास जाती है और तब श्रीकृष्ण उन्हें जीवित्पुत्रिका की कहानी बताते हैं। एक कथा गंधर्व के राजकुमार जब अपने ससुराल गए तो इन्हें रात में रोने की आवाज आई पूछा तो पता चला कि नागवंशी कन्या ने कहा मेरा एक पुत्र है और गरूण रोजाना हमारे वंश के पुत्रों का बारी बारी से नाश कर रहा इस बार मेरे पुत्र की बारी है जब व्यथा सुनी तो खुद जाने की बात कही और चले गए जब इनका सामना गरूण से हुआ। गरूण इनको खाने लगा तब पूछा कि आप कौन हो इन्होंने जब अपने बारे में बाताया तब गरूण ने इनकी उदारता पर प्रसन्नता दिखाई और इनसे वरदान मांगने को कहा इन्होंने वरदान में मृत नागवंशियों का जीवन मांगा और गरूण ने ये भी कहा कि जो भी महिला आज के दिन व्रत रखेगी उसका पुत्र दीघार्यु को प्राप्त करेगा।

### प्राकृतिक व औद्यानिक खेती अपनाने पर दिया बल

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को भारत सरकार के उपक्रम नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की ओर से एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 60 कृषकों ने प्रतिभाग किया। इसमें किसानों को प्राकृतिक व औद्यानिक खेती अपनाने पर बल दिया गया। वहीं अधिकारियों ने कंपनी के उत्पाद के प्रयोग करने की जानकारी दी। केविके के विज्ञानियों ने कहा कि वर्तमान में परिवेश प्राकृतिक खेती अपनाने से मृदा की सेहत में तो सुधार होगा ही व्यक्ति का स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा। केवीके प्रभारी डा नरेंद्र रघुवंशी, मनीष सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार, विनोद सिंह आदि उपस्थित थे।

### हाइकोर्ट के आदेश से अधिवक्ताओं में आक्रोश डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**जौनपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे कलेक्ट्रेट के अधिवक्ताओ ने हाई कोर्ट के आदेश के बाद जौनपुर में कलेक्ट्रेट के अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को रखा और उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट कंडोलेंस कर सकता है तो हम लोग क्यों नहीं कर सकते। इसी बात से नाराज कलेक्ट्रेट के तमाम अधिवक्ता डीएम कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी करते रहे। नारेबाजी के दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि कलेक्ट्रेट और दीवानी के अधिवक्ता अपनी मर्जी से कंडोलेंस नहीं कर सकते और कोई स्ट्राइक नहीं कर सकते। इसी मांग को लेकर हम लोग अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी अधिवक्ता दो दिन स्ट्राइक पर रहेंगे और नैतिकता के बल पर उनको अपना आदेश वापस लेना होगा।

### पंडित दीनदयाल की पहचान गंभीर दार्शनिक, पत्रकार, गहन चिंतक होने के साथ-साथ समर्पित संगठनकर्ता के तौर पर होती है: पुष्पराज सिंह

## भाजपा कार्यालय में मनाया गया पं. दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिवस

**केटी न्यूज/जौनपुर**

भारतीय जनता पार्टी जौनपुर मे खरका कालोनी मे स्थित दीनदयाल पार्क मे पंडित दीन दयाल उपाध्याय के मूर्ति पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व मे माल्यार्पण हुआ। माल्यार्पण करने के उपरांत जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने उनके जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। बचपन में उनके घर आए ज्योतिषी ने दीनदयाल की जन्मकुंडली देखी और भविष्यवाणी करते हुए कहा कि, ये बालक आगे चलकर महान विद्वान और विचारक बनेगा, ये विलक्षण प्रतिभा का धनी होगा और इसकी गिनती देश के अग्रणी राजनेताओं में होगी, लेकिन ये विवाह के बंधन में कभी नहीं बंधेगा। आगे चलकर ज्योतिषी द्वारा कही गई सभी बातें सही सिद्ध हुईं।



दीनदयाल उपाध्याय ने अल्पायु में ही अपने माता-पिता को खो दिया था, जिसके चलते ननिहाल में उनका पालन पोषण हुआ। बचपन से ही उनका दिमाग पढ़ाई-लिखाई में खूब चलता था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हाई स्कूल की शिक्षा राजस्थान के सीकर में प्राप्त की। पढ़ाई लिखाई में बहुत अच्छा होने के चलते सीकर के तत्कालीन नरेश ने उन्हें एक स्वर्ण पदक, किताबों के लिए 250 रुपये और दस रुपये की मासिक छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया।

जन्मदिवस मनाने के उपरांत कटघरा मे बूथ संख्या 391 पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व मे सदस्यता अभियान चलाया गया उक्त अवसर पर जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव रामसूरत मौर्य डी सी एफ चेयरमैन धनंजय सिंह मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव आई टी संयोजक रोहन सिंह सभासद विष्णु सिंहे विपिन सिंह राजेश गुप्ता नीरज मौर्य अवधेश सोनकर राजेश कन्नौजिया पंकज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने खुशहाल समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए अंत्योदय का सपना देखा था

भारतीय राजनीति के पुरोधा पुरुष पंडित दीनदयाल वर्ष 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ से जुड़े रहे। इनकी पहचान गंभीर दार्शनिक, पत्रकार, गहन चिंतक होने के साथ-साथ समर्पित संगठनकर्ता और नेता के तौर पर होती है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्टी के वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा-स्रोत रहे हैं। इनके अंत्योदय के सिद्धांत पर आज भी भाजपा के घोषणा पत्र तक तैयार होते हैं। कहा जाए तो आज भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यों में दीनदयाल के सोच का असर दिखाई पड़ता है। वे भारत माता के ऐसे सपूत थे जिन्होंने अपने कार्यों और विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने आजादी के बाद खुशहाल समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए अंत्योदय का सपना देखा था, जिसके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। उनके अत्योदय के सिद्धांत का मतलब भारत के अंतिम व्यक्ति को समृद्ध करना ही था। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनके जीवन के बारे में बात करना बेहद महत्वपूर्ण है।

# जब सियासत का केंद्र बने देवानंद साहब

## सुभाषितम्

ईश्वरीय शक्ति के सम्मुख मानवीय शक्ति बली नहीं है।

- दंडी

## सरकारी बही खातों में पिछले 6 सालों में घटी बेरोजगारी

सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे का आंकड़ा प्रकाशित हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार 28 राज्यों में गोवा में सबसे ज्यादा 8.5 फीसदी बेरोजगारी है। वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम एक फीसदी से भी कम बेरोजगारी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के ठीक 11 दिन पहले यह रिपोर्ट जारी की गई है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बेरोजगारी होने की बात विपक्षियों द्वारा कही जा रही है, जो इस रिपोर्ट ने गलत साबित कर दी है। सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है, पंजाब में वर्ष 2023-24 में 5.5 फीसदी, राजस्थान में 4.2 फीसदी, हरियाणा में 3.4 फीसदी, महाराष्ट्र में 3.3 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 3.0 फीसदी, बिहार में 3.0 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 2.5 फीसदी, दिल्ली में 2.1 फीसदी, झारखंड में 1.3 फीसदी, गुजरात में 1.1 फीसदी और मध्यप्रदेश में मात्र 0.9 फीसदी बेरोजगारी के आंकड़े सामने आए हैं। लेबर फोर्स की सर्वे रिपोर्ट में 3.2 फीसदी की औसत बेरोजगारी देश में है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में यह बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी। 2022-23 में 3.2 फीसदी थी। वर्ष 2023-24 में भी 3.2 फीसदी औसत बेरोजगारी की दर रही है। सरकार महंगाई एवं बेरोजगारी के मामले में विपक्ष के आरोपों को नकारती आ रही है। सरकार का मानना है, महंगाई और बेरोजगारी पहले की तुलना में कम हुई है। बेरोजगारी की हालत में लगातार सुधार हुआ है। विपक्षी दल जनता को गुमराह कर रहे हैं लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट में सबसे ज्यादा बेरोजगारी राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य में घटी है। दिल्ली में भी 7.6 फीसदी बेरोजगारी कम हुई है। इस सर्वे रिपोर्ट को तीन वर्गों में बांटा गया है। एक वर्ग स्वरोजगार दूसरा वर्ग नौकरी पैसा और तीसरा दिहाडी मजदूरों का है। स्वरोजगार के मामले में यूपी में सबसे ज्यादा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। नौकरी पैशा के क्षेत्र में दिल्ली का नंबर सबसे उपर है। दिहाडी मजदूरों की बात करें, तो बिहार का नंबर सबसे ऊपर है। बहरहाल सरकार की रिपोर्ट में जो जानकारी दी गई है। उससे ऐसा लगता है कि भारत में बेरोजगारी कोई समस्या नहीं है। पढ़े-लिखे युवा जिस तरीके से करोड़ों की तादाद में बेरोजगार रहते हुए यहां से वहां नौकरी के लिए भटक रहे हैं। मजदूरों का पलायान एक राज्य से दूसरे राज्यों में हो रहा है। चपरासी की नौकरी के लिए लाखों आवेदन प्रस्तुत हो जाते हैं। बहुत बड़ी युवा आबादी काम की तलाश में यहां से वहां भटक रही है। सरकार के जो आंकड़े आए हैं, सरकार को उनकी एजेंसियों द्वारा जो आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं, उसमें स्पष्ट रूप से सरकार को जो बताया जा रहा है, उसमें और वास्तविकता में साफ अंतर नजर आ रहा है। विपक्षी दलों द्वारा जो बात कही जा रही है। जनता उसे मान रही है तो, इसका मतलब है कि सरकार के पास या तो सही जानकारी नहीं है या सरकार जानते हुए भी अनजान बनी रहना चाहती है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनो में चुनाव होने वाले हैं। बेरोजगारी जैसे मसले पर यदि सरकार अपनी एजेंसियों के भरोसे और विश्वास करती रही। इससे भारतीय जनता पार्टी को भारी नुकसान होना तय माना जा रहा है। सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए जिस तरह से कृत्रिम आंकड़ों का सहारा ले रही है। उससे सरकार को नुकसान होना तय है। हाल ही में जो रिपोर्ट प्रकाशित की गई है, वह बेरोजगारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। इस रिपोर्ट से सरकार के खिलाफ नाराजी और भी बढ़ेगी। नवीन रिपोर्ट से बेरोजगारों का गुस्सा बढ़ना तय है। यही कहा जा सकता सरकार जो कहती है, उसे सही मानना सभी की विवशता है। सरकार की कही हुई बातों को असत्य नहीं माना जा सकता है। सरकार वस्तिविकता को जिस तरह से अनदेखी कर रही है उसके परिणाम सरकार और भाजपा के लिये बेहतर नहीं होंगे।

## चिंतन-मनन

### प्रयत्न में ऊब नहीं

**संसार में गति के जो** नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है! कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता तो ऊब जाते। महावीर भी चालीस साल जिंदा रहे ज्ञान के बाद। निरंतर उसी ज्ञान में रमे रहे, कभी ऊबे नहीं! कभी चाहा नहीं कि कुछ और मिल जाए। परमात्मा की यात्रा पर प्राप्ति के बाद कोई ऊब नहीं है। इसलिए कृष्ण कहते हैं कि बिना ऊबे श्रम करना कर्त्तव्य है, करने योग्य है। अर्जुन कैसे माने और क्यों माने अर्जुन तो जब प्रयास करेगा, तो ऊबेगा, थकेगा। कृष्ण कहते हैं, इसलिए धर्म में ट्रस्ट का, भरोसे का एक कीमती मूल्य है।

**दिलीप कुमार पाठक**

**आज अभिनेताओं का नेता** बन जाना ऐसे ही है जैसे कपड़े बदल लेना, इन्हें कोई मुश्किल नहीं होती. वहीं राजनीतिक पार्टियों को भी चमकते चेहरे मिल जाते हैं. अभिनेताओं का राजनीति में आना स्मार्टनेस का गेम है, जो अपने फैन्स से वोट लेकर आसानी से जीत जाते हैं. जिसे स्मार्ट गेम फॉर सरवाइवल कहा जाए तो उचित होगा. फि ल्मों में सबको न्याय दिलाने की इनकी छवि होती है, और जैसे ये राजनीति में आएंगे सारी समस्याएं हल कर देंगे. जबकि इनका जब असलियत में कठिनाइयों से सामना होता है तो अधिकांश सिल्वर स्क्रीन की तरफ लौट जाते हैं. अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, बहुतेरे ऐसे उदाहरण हैं, हालांकि कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने खूब राजनीति को जिया, सुनील दत्त, विनोद खन्ना, शत्रुघ्न सिन्हा आदि. वैसे तो अभिनेता से नेता बनने वाले नेताओ की लम्बी लिस्ट है किसी का राजनीति में अनुभव अच्छा है किसी का बुरा है. अधिकांश राजनीति में फिट नहीं बैठते. सनी देओल को ही ले लीजिए, एक भी दिन सदन नहीं पहुंचे.. गौतम गंभीर क्रिकेटर से राजनेता बने थे लेकिन फिर लौट गए अपनी क्रिकेट की दुनिया में.. कुछ ऐसे भी होते हैं चाहकर भी नहीं लौट सकते. 'चिराग पासवान' को ही ले लीजिए. मुश्किल से एक फिल्म में काम किया होगा, आज माननीय सांसद कहे जाते हैं. वैसे सिल्वर स्क्रीन पर इनके लिए कोई खास गुंजाइश बची नहीं है. कुछ ऐसे भी होते हैं जिनकी स्थिति नाजुक होती है जैसे कंगना रानावत पिछले पांच - साल से फ्लॉप - पर फ्लॉप देने वाली कंगना भी मजबूरी में राजनीति में संभावना तलाश रही हैं. आज कोई भी अदाकार असानी से अपनी लोकप्रियता के कारण राजनीतिक पार्टियों में घुस जाते हैं, लेकिन एक ऐसा भी दौर था जब हिन्दी सिनेमा के सितारों ने अपना राजनीतिक दल खड़ा कर दिया था जिसका नाम नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया था. पार्टी की बागडोर देवानंद साहब के हाथ आई. एक ऐसा अभिनेता जो सिर्फ. प्यार करना जानता था, जिसने अपनी ज़िन्दगी के साथ भी रोमांस किया वो राजनीति की पेचोखम में उलझ गया. सिल्वर स्क्रीन पर एक अभिनेता अभूतपूर्व परिवर्तन कर देता है, फि र राजनीति के धरातल पर उतरते ही उनका वाकफा यथार्थ से होता है. 1977 में आम चुनाव की घोषणा होती है तब रामजेठमलानी ने देवानंद साहब से आग्रह किया 'आप इन्दिरा गांधी के विरुद्ध अपनी आवाज बुलन्द करते हुए जय प्रकाश नारायण का साथ दीजिए और हमारा मंच साझा कीजिए और इंदिरा गांधी के विरुद्ध एक भाषण दीजिए. देवानंद साहब ने राजनेताओं की अकड़ सीधा करने एवं मुँहतोड़ जवाब देने के लिए जनता पार्टी न जॉइन करते हुए खुद 'नेशनल पार्टी ऑफ इन्डिया' बना डाली. देवानंद साहब ने कल्पना किया जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज शामिल हों. जब साउथ के अभिनेता 'एमजी रामचंद्रन' अपनी पार्टी बनाकर तमिलनाडु में अपना जादू दिखा सकते हैं तो मैं देश में क्यों नहीं कर सकता'. पढ़े लिखे शिक्षित, विजन वाले लोगों को देश की संसद में ले जाने का अब समय आ गया है. 1980 के लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर देवानंद साहब देश के लिए बड़े - बड़े ख्वाब देख रहे थे. देशहित के विचार देवानंद व्यक्त भी




करते रहते थे. देवानंद साहब भारत के ऐसे गांवों की कल्पना करने लगे जहां साफ - सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के साथ गांव शहरों के लिए साथ जुड़ें. गांवों एवं शहरों के लोग सब इंग्लिश बोलें. मजदूर किसान हर कोई गाडियों में घूमें. समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण हो. देवानंद साहब ने अपनी आत्मकथा इस पर लिखा है - ̄ये सब एक एक नागरिक होने के नाते मेरी यूटोपिक दूरदृष्टि थी मैं राजनीति में शामिल होकर इसे यथार्थ के धरातल पर उतारना चाहता था. देवानंद साहब के ये विचार अचानक नहीं आए ये सब आपातकाल के दौरान की बेचैनी थी. देश में जब आपातकाल लगा उस दौर में इंदिरा गांधी के सूचना प्रसारण मंत्री विद्या चरण शुक्ल की तानाशाही के किस्से खूब सुनाए जाते थे. विद्या चरण शुक्ला अपनी मनमानी हिन्दी सिनेमा पर भी थोपना चाहते थे, जिसका नमूना था शुक्ल ने फिल्मी हस्तियों की एक बैठक बुलाई , जिसमें कहा गया कि आप सभी हमारी सरकार का प्रचार कीजिए. प्रचार करना तो बहुत दुर की बात है, देवानंद साहब इस बैठक में शामिल भी नहीं हुए. बैठक में शामिल न होने का परिणाम देवानंद साहब को भुगतना पड़ा. शुक्ल ने अगला आदेश दे दिया किसी भी सरकारी मीडिया से देवानंद साहब के गाने एवं फि ल्मों का प्रसारण पर बैन लगा दिया. देवानंद साहब दिल्ली पहुंचे शुक्ल से मुलाकात करते हुए कहा - ̄ये लोकतांत्रिक देश है आप अपनी मनमानी बंद कीजिए, आप हिन्दी सिनेमा पर अपनी मनमानी करना चाहते हैं, आप भूल रहे हैं मेरा नाम देवानंद है, मैंने अपना भरपूर समय सिनेमा में जी लिया है, गर आपने यह तानाशाही नहीं छोड़ी मैं आपके विरुद्ध सड़कों पर उतर जाऊँगा. देवानंद साहब मुंबई नहीं पहुंच पाए और उनकी फि ल्मों से बैन हट गया. आपातकाल से प्रभावित होकर देवानंद साहब ने सरकार के विरुद्ध कई भाषण दिए जिसकी चर्चा देश - विदेश में हुई. आपातकाल के बाद देश की राजनीति में बहुत बदलाव आया. देश में जनता पार्टी की सरकार बनी. जनता पार्टी को देवानंद साहब सहित फिल्मी हस्तियों का खूब समर्थन मिला. लेकिन पार्टी में आपसी कलह के कारण यह सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकी. देवानंद साहब का जनता पार्टी से मोह भंग हो गया. नए चुनाव का एलान हुआ फिल्मी हस्तियों में एक डर व्याप्त था कि आपातकाल के बाद गर इन्दिरा गांधी फिर से पीएम बनेगी तो हमारे लिए यह अच्छा नहीं होगा. फिल्मी हस्तियों ने इंदिरा गांधी के विरुद्ध एक अभियान चलाया उस अभियान के नेता देवानंद साहब बने. 04 सितंबर 1979 को मुंबई के ताज होटेल में फिल्मी हस्तियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, जिसमें देवानंद साहब ने नई पार्टी का एलान कर दिया. इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में देवानंद साहब ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया साथ ही एक रू वाला की सदस्यता वाला फॉर्म भी जारी किया जिसमें देवानंद साहब का चित्र था. पार्टी का मुख्यालय राज कमल स्टूडियो को बनाया गया लेकिन पार्टी का संचालन देवानंद साहब अपने स्टूडियो से ही करते थे. मुंबई के शिवाजी पार्क में देवानंद साहब की नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया की एतिहासिक रैली का आयोजन किया गया. जिसमें ग्रेट प्राण साहब, संजीव कुमार, डैनी, शत्रुघ्न सिन्हा, धर्मेंद्र, विजय आनन्द, प्रकाश मेहरा, सुबोध मुखर्जी, राजेन्द्र नाथ, श्रीराम बोहरा, शर्मिला टैगोर, दारा सिंह सहित लगभग पूरा का पूरा हिन्दी सिनेमा इकट्टा हुआ. इस रैली में तब तक कि सबसे ज्यादा जनता एकत्र हुई थी. रैली की भीड़ देखकर पक्ष - विपक्ष के नेताओ की नींद उड़ गई. यह पहला मौका था जब फिल्मी हस्तियां स्क्रिप्ट, ऐक्टिंग, रोमांस, गीत संगीत से हटकर राजनीति की बातें कर रहे थे. शिवाजी पार्क की रैली में पंडित नेहरू जी की बहन विजयालक्ष्मी पंडित भी शामिल हुईं. सफल रैली के आयोजन के बाद बारी थी प्रत्याशियों को मैदान में उतारने की जिसमें चौधरी चरण सिंह के विरुद्ध धर्मेंद्र, भोपाल से शर्मिला टैगोर को, अमृतसर से दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया गया. इस तरह देवानंद साहब की नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया ने बहुत से अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे. जमीन पर उतर रही पार्टी से घबराकर सभी पार्टियों ने पार्टी में सेंधमारी शुरू कर दी. कांग्रेस ने विश्वास दिलाया कि अब देश में पुनः कभी आपातकाल जैसी स्थिति पैदा नहीं होगी. इंदिरा गांधी ने नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया का कांग्रेस में विलय करने का आग्रह किया. देवानंद साहब ने आमंत्रण अस्वीकार कर दिया, परिणामस्वरूप पार्टी के लोगों पर दबाव भी बनाए गए, तब ही दो लोगों ने देवानंद साहब को झटका दिया. नेहरू जी की बहन विजयालक्ष्मी पण्डित और ननी पालकीवाला ने चुनाव लड़ने से ही इंकार कर दिया. दूसरी ओर नेताओ की ओर से अभिनेताओं को धमकी मिलने लगीं तो पार्टी फायनेंशरो ने भी धीरे धीरे पार्टी से किनारा कर लिया. पार्टी कमजोर होते देख कई अभिनेताओं ने पार्टी छोड़ कांग्रेस को ही जॉइन कर लिया. सबकुछ देवानंद साहब बर्दास्त कर रहे थे. इतना सब गुजर जाने के बाद देवानंद साहब को ज्ञात हुआ कि राजनीति हमारे जैसे कोमल हृदय के लोगों के लिए नहीं है. फिर देव साहब ने राजनीति को छोड़कर पुनः अपना रुख फि ल्मों की तरफ मोड़ लिया... कभी न रोने वाले देवानंद साहब ज़िन्दगी में तीन बार ही रोए... अपने पिता, अपनी प्रेमिका सुरैया जी, और अपने पसन्दीदा नेता नेहरू जी के देहांत पर रोए थे. देवानंद साहब नेहरू जी के सपनों का भारत बनाना चाहते थे, अफसोस उनका सपना पूरा न हो सका. आज अधिकांश अभिनेताओं को राजनीति पर उतरा देखकर देवानंद साहब की बातें गूंजने लगती हैं 'राजनीति हम जैसे कोमल भावनाओं के लोगों के लिए नहीं है।

## गरीबों के संरक्षक थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर

**योगेश कुमार गोयल**

**बंगाल पुनर्जागरण के प्रमुख स्तंभ** तथा नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को समाज सुधारक, दार्शनिक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक इत्यादि अनेक रूपों के स्मरण किया जाता रहा है, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं। ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर 1820 को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में धार्मिक प्रवृत्ति के एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका बचपन का नाम ईश्वर चंद्र बंदोपाध्याय था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि उन्हीं के अनथक प्रयासों तथा दृढ़संकल्प के चलते ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेज वर्ष 1856 में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित करने को विवश हुए थे। उसी के बाद भारतीय समाज में विधवाओं को नए सिरे से जीवन की शुरूआत कर ससम्मान जीने का अधिकार मिला था। उनके अथक प्रयासों से ही कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर कई बालिका विद्यालयों की स्थापना हुई थी और उन्होंने कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन कॉलेज की स्थापना भी की थी। ह्यअपना काम स्वयं करोह्ण सिद्धांत के प्रवर्तक ईश्वर चंद्र विद्यासागर नारी शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। अपने क्रियाकलापों से उन्होंने लोगों को हमेशा स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की सीख दी। अपने समाज सुधार अभियान के तहत उन्होंने स्थानीय बांग्ला भाषा तथा लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ कलकत्ता में मेट्रोपोलिटन



कॉलेज की स्थापना भी की थी। नारी शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास करते हुए उन्होंने बैठुने स्कूल की स्थापना की तथा कुल 35 स्कूल खुलवाए, जिनके संचालन के लिए पूरे खर्च की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं अपने कंधों पर ली। स्कूलों के खर्च के लिए वह विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए बंगाली में लिखी गई किताबों की बिक्री से फंड जुटाते थे। समाज सुधार कार्यों की बदौलत उन्हें जीवन पर्यन्त गरीबों और दलितों का संरक्षक माना जाता रहा। अपने इसी प्रकार के समाज की भलाई के लिए किए जाने वाले कार्यों के चलते ही उन्हें एक समाज सुधारक के रूप में जाना जाने लगा था। सदैव समाज की भलाई के लिए ही सोचने और समाज के लिए कुछ न कुछ नया करते रहने के कारण ही नैतिक मूल्यों के संरक्षक विद्यासागर को महान समाज सुधारक के रूप में राजा राममोहन राय का उत्तराधिकारी भी माना जाता है। ब्रिटिश शासनकाल में ऐसे कॉलेज विरले ही होते थे, जिनका संचालन पूर्ण रूप से भारतीयों के ही हाथों में हो और जहां पढ़ाने वाले सभी शिक्षक भी भारतीय ही हों किन्तु ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने सन 1872 में कोलकाता में विद्यासागर कॉलेज की स्थापना कर यह कारनामा भी कर दिखाया था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर वास्तव में एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्होंने न केवल नारी शिक्षा के लिए व्यापक जनान्दोलन खड़ा किया बल्कि अंग्रेजों को विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराने को भी विवश किया। उन्हीं की बदौलत विधवाओं को समाज में सम्मान से जीने का अधिकार मिला। दरअसल उस समय हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक थी। इसीलिए उन्होंने विधवा पुनर्विवाह के लिए लोकमत तैयार किया और उनके इन अटूट प्रयासों की बदौलत ही ह्यविधवा पुनर्विवाह कानूनह्ण पारित हो सका। कानून पारित होने के तीन माह बाद ही उन्होंने एक विधवा कमलादेवी का विवाह प्रतिष्ठित घराने के एक युवक के साथ कराया, जो बंगाल का पहला विधवा विवाह था। 1856-60 के बीच उन्होंने 25 विधवाओं का पुनर्विवाह सम्पन्न कराया। इतना ही नहीं, अपने इकलौते बेटे नारायण की शादी एक विधवा से कराकर समस्त भारतीय समाज के समक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने अविस्मरणीय मिसाल भी पेश की थी। नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्होंने बहुपत्नी प्रथा तथा बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई। 29 जुलाई 1891 को यह महान हस्ती सदा-सदा के लिए अटल शून्य में विलीन हो गई।

## पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य-स्वास्थ्य संभव

**ललित गर्ग**

**हर साल दुनियाभर में 26 सितंबर को** विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है। 26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है।

**तुला** आपके सोचे गए सभी कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृषभ** आज कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको धन के मामले में लाभ होगा।

**वृश्चिक** आपको हर मामले में विजय प्राप्त होगी। दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है।

**मिथुन** आज कार्य पूर्ण होने से आपको धन संपत्ति की प्राप्ति होगी। आपका दिन आनंद में बीतेगा।

**धनु** आज धन में वृद्धि का है और आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में पैसा मिलने से हर्ष होगा।

**कर्क** आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मकर** आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको अपने कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है।

**सिंह** करियर में भाग्य वृद्धि के योग बन रहे हैं। सफलता मिलेगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**कुंभ** आज प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अन्त में आपकी हर मामले में जीत होगी।

**कन्या** आज करियर में लाभ और सफलता से भरा दिन होगा और आपको हर मामले में भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन** मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है और आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

## राजकाज

### गृहमंत्री अमित शाह का भविष्य दांव पर

**जम्मू कश्मीर और हरियाणा में** विधान सभा के चुनाव हो रहे हैं। इन चुनावों में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का राजनीतिक भविष्य दांव पर लग गया है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृहमंत्री अमित शाह के बीच की तनातनी, चुनाव परिणाम को कहां लेकर जाएगी। इसको लेकर भाजपा में संस्य है। वहीं जम्मू कश्मीर मैं धारा 370 खत्म करने से लेकर कानून व्यवस्था की सारी स्थिति के बारे में निर्णय गृह मंत्री अमित शाह ने लिये है। ऐसी स्थिति में दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम उनके राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। वह भारतीय जनता पार्टी के चाणक्य बने रहेंगे, या उनकी ताकत चुनाव परिणाम के बाद घट जाएगी। इसको लेकर चचाएंभाजपा के अंदर हो रही हैं।

### महाराष्ट्र और झारखंड को लेकर भाजपा हाईकमान चिंतित

**भारतीय जनता पार्टी को जम्मू कश्मीर** और हरियाणा से ज्यादा चिंता, अब महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर हो रही है। महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन में जिस तरह की तकरार देखने को मिल रही है। उससे निपटने की जो कोशिश करते हैं, उससे निपट नहीं पाते हैं। नई-नई चुनौतियां रोजाना सामने आ जाती हैं। संघ और भाजपा के अंदर से भी नई-नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। कुछ यही स्थिति झारखंड में बनने लगी है। चंपई सोरेन को भाजपा में प्रवेश देने के बाद पुराने भाजपा के नेता नाराज हैं। भारतीय जनता पार्टी एक को साधती है, तो दूसरा नाराज हो जाता है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1766 ब्रिटिश रसायनशास्त्री जान डाल्टन का जन्म. 1824 ईश्वरचंद्र विद्यासागर का जन्म. 1854 फ्रांस में प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया. 1919 भारतीय रोटरी क्लब की पहली बैठक कोलकत्ता में हुई थी. 1975 महिला और पुरुष को एक समान वेतन देने का अध्यादेश जारी हुआ. 1976 अफ्रीका के पांच देशों ने रोडेशियाई योजना को अस्वीकार कर दिया. 1977 प्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर का निधन. 1984 चीन और ब्रिटेन में हांगकांग लौटाने के बारे में समझौता हुआ. 1988 बर्मी मंत्रिमंडल के एक मंत्री की हत्या हुई. 1989 सोवियत संघ ने रासायनिक हथियारों को नष्ट करने में सहयोग का आश्वासन राष्ट्रसंघ में दिया. 2004 बिहार के मुजफ्फरपुर शहर में पंजाब नेशनल बैंक के एक कर्मचारी के पांच वर्षीय पुत्र की अपहरण पश्चात हत्या की खबर से सड़कों पर उतरी भीड़ को नियंत्रित करने चलाई गई पुलिस की गोली से 6 लोग मारे गए.

## दैनिक पंचांग

**26 सितम्बर 024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.24 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक | 09.39 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.55 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 14.00 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.47 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 17.20 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.50 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 20.30 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 22.28 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.42 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | सिंह | 02.58 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 05.10 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 270 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 12.26 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 23.34 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 23.41 बजे को समाप्त। **करण** गर 12.26 बजे तदनन्तर वणिज 00.49 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 21' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872114 **जूलियन दिन** 2460579.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 22 **विशेष** दशमी श्राद्ध, विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | | रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 | से | 07.22 | बजे तक | अमृत | 05.40 | से | 07.11 | बजे तक |
| रोग | 07.22 | से | 08.51 | बजे तक | चर | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक | रोग | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| चर | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक | काल | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| लाभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक | लाभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| अमृत | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक | उद्वेग | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.43 | से | 04.11 | बजे तक | शुभ | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| शुभ | 04.11 | से | 05.40 | बजे तक | अमृत | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# ग्रेजुएशन कर चुके युवा डिजिटल मार्केटिंग में बनाएं शानदार कॅरियर

**युवाओं के लिए हमेशा से रोजगार एक बड़ा मुद्दा रहा है। एक सर्वे के मुताबिक देश में कॉलेज पास करने वाले हर दो युवाओं में सिर्फ एक युवा ही रोजगार के योग्य है। करीब 48.75 फीसदी युवा रोजगार के योग्य नहीं हैं। ऐसे में युवाओं के पास डिग्री होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिल रही हैं। इसलिए आप डिग्री के अलावा अन्य स्किल्स पर भी काम कर सकते हैं।**

एक सर्वे के मुताबिक मौजूदा कर्मचारियों में करीब 50 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं, जिनको डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। क्योंकि आज के समय में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी में हर कंपनी में डिजिटली काम होने लगा है। वहीं साल 2026 तक देश को करीब 3 करोड़ से अधिक डिजिटली स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी। ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं, तो आप प्रोफेशनल सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग और एडवांस सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स की सहायता ले सकते हैं। बता दें कि यह दोनों ही प्रोग्राम भविष्य में रोजगार को ध्यान में रखते हुए एक्सपर्ट द्वारा तैयार किए गए हैं। इन कोर्स को घर बैठे कोई भी युवा, प्रोफेशनल, छात्र या गृहिणी कर सकते हैं। जिससे वह बड़े पैकेज की नौकरियां पा सकते हैं। ऐसे में आप इन कोर्सेज के लिए रजिस्टर कर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

### कोर्स के फायदे

- 100 घंटे की लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेज
- 25+ लाइव प्रोजेक्ट्स एवं केस स्टडीज
- 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग
- एक्सपर्ट द्वारा इंटरव्यू प्रिपरेशन
- ई-बुक्स, प्रोग्राम नोट्स और मॉक टेस्ट
- गूगल सर्टिफाइड मेंटर्स द्वारा पढ़ाई
- 10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
- 40+ लर्निंग टूल्स
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

### बनाएं अपना कॅरिअर

अगर आप भी ग्रेजुएशन कर चुके हैं और करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में युवा कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज कर सकते हैं। आप घर बैठे खुद को किसी फील्ड का प्रोफेशनल बनाकर अपने करियर को एक दिशा दे सकते हैं।





# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शॉर्ट टर्म कोर्स कर पाएं लाखों कमाने के मौके

इन दिनों बहुत सारे लोग नौकरी, बिजनेस या फिर पढ़ाई करते हुए कई दूसरे स्किल भी सीख रहे हैं। ऐसे में जिन लोगों के पास समय नहीं होता है, वह शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। बता दें कि यह कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होते हैं।

इन दिनों बहुत सारे लोग नौकरी, बिजनेस या फिर पढ़ाई करते हुए कई दूसरे स्किल भी सीख रहे हैं। लेकिन रेग्यूलर कोर्स करने के लिए आपको किसी संस्थान में जाना होता है, इसके लिए आपके पास पर्याप्त समय होना चाहिए। ऐसे में जिन लोगों के पास समय नहीं होता है, वह शॉर्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं। बता दें कि यह कोर्स पूरी तरह से ऑनलाइन होते हैं। वहीं इनमें से बहुत सारे कोर्स ऐसे भी होते हैं, जिनको करने के लिए आप किसी खास या तय समय पर कंप्यूटर के सामने नहीं बैठना पड़ता, बल्कि आप अपने समयानुसार इन कोर्स को कर सकते हैं।

राज्य और केंद्र सरकार के अलावा Google, IBM, Reuters जैसी कंपनियां भी इन कोर्सेज को कराती हैं। इन कोर्स की फीस 500 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक हो सकती है। इनमें से कुछ कोर्स फ्री होते हैं, लेकिन सर्टिफिकेट लेने के लिए कुछ पैसे देने पड़ते हैं।

### AI कोर्स

आपको बता दें कि गूगल समेत कई कंपनियों की तरफ से कई तरह के AI कोर्स जारी किए गए हैं। यह कोर्स ऑनलाइन और पूरी तरह फ्री हैं। करियर में आगे बढ़ने के लिए यह कोर्स आपकी मदद कर सकते हैं। हालांकि यह कोर्स अंग्रेजी में होते हैं और आपको थोड़ी-बहुत कंप्यूटर की जानकारी होनी चाहिए। बाकि इन कोर्स को करने के लिए किसी खास तरह की योग्यता की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आप यह कोर्स को अपनी रेज्यूमे में जोड़कर अच्छी नौकरी की तलाश पूरी कर सकते हैं।

### लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स

इस कोर्स को करने के बाद आप भी ChatGPT जैसा प्लैटफॉर्म बना सकते है। इस कोर्स में आपको यह सिखाया जाता है कि किस तरह से ChatGPT जैसे प्लेटफॉर्म पर इमेज और कंटेंट क्रिएट किया जाता है। आप इस कोर्स को करने के बाद किसी भी टॉपिक पर आर्टिकल बना सकते हैं। यह किसी भी कंटेंट को दूसरी भाषा में ट्रांसफर कर सकते हैं। मिनटों में लंबे असाइनमेंट या प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं। लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स कोर्स में यह भी बताया व सिखाया जाता है कि आप किस तरह प्रॉम्प्ट ट्यूनिंग की मदद से आउटपुट पर कंट्रोल पा सकते हैं। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है।

### इमेज जनरेटर

इमेज जनरेटर का कोर्स कर आप AI की मदद से कैसा भी कोई भी फोटो जनरेट कर सकते हैं। इस कोर्स में आप यह भी सीख सकते हैं कि कम रिजॉल्यूशन वाली फोटो को हाई रिजॉल्यूशन में कैसे बदलें। इस कोर्स को करने के बाद आप किसी का चेहरा भी डिजाइन कर सकते हैं और लैंडस्केप इमेज भी तैयार कर सकती हैं। इस कोर्स में टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के आधार पर इमेज, स्केच और कार्टून आदि बनाने की ट्रेनिंग दी भी जाती है। इस कोर्स की अवधि 8 घंटे की है।

### 6 महीने का समय

इन कोर्स को करने का समय 3 घंटे से लेकर 6 महीने तक का हो सकता है। कोर्स को कब करना है, कितने बजे से कितने बजे तक करना है, यह फिक्स नहीं होता है। अपनी सुविधानुसार आप किसी भी समय इस कोर्स को कर सकते हैं।



## AI में कैसे जॉब पाएं?

जबसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तबसे यह हर एक सेक्टर में काफी डिमांड में आ गया है। आज के समय AI तकनीक से कई सारे काम संभव हो रहे है। अगर आप AI में अपना करियार बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए है। AI जॉब के लिए टेक्निकल एजुकेशन होना काफी जरुरी है। AI से संबंधित जॉब देने वाली कंपनियां कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, मैथ्स और एप्लाइड साइंस को कुछ मेन डिग्री है, जिनकी उन्हें तलाश रहती है। आज के डिजिटल युग में नई-नई तकनीक से काफी विकास हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने से तकनीक क्षेत्र लेकर मीडिया लाइन में इसका काफी प्रयोग हो रहा है। यह आज के समय में काफी डिमांड में है। AI क्षेत्र में नौकरियां भी काफी तेजी से बढ़ रही हैं। AI को करियर के रुप में देखा जा रहा है। बड़ी-बड़ी कंपनियां AI पर फोकस कर रही हैं, इसी तरह लोग भी AI बेस्ड नई नौकरी पाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। आपको बता दें कि, AI में कई नौकरियां शामिल हैं जैसे मशीन लर्निंग इंजीनियर, प्रॉम्पट इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट या AI रिचर्स इत्यादि। अगर आप इसे करियर बनाना चाहते हैं तो आपको बता दें किस तरह की पढ़ाई करनी है और कंपनियां को किस तरह की प्रोफाइल वाले रिज्यूम पसंद आते हैं।

### टेक्निकल पढ़ाई

दरअसल, बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ रिक्रूटर्स का कहना है कि AI जॉब के लिए टेक्निकल एजुकेशन होना काफी जरुरी है। उनका मानना है कि अक्सर AI बेस्ड जॉब देने वाली कंपनियां कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, मैथ्स और एप्लाइड साइंस को कुछ मेन डिग्री के रुप में देखते हैं।

### कानून की समझ हो

टैलेंट फर्म कैरेक्स कंसल्टिंग ग्रुप के एक टेक्निकल रिक्रूटर एंड्री मेंडोजा ने कहा कि क्योंकि AI एक नया फील्ड है, इसलिए इसकी ट्रेनिंग एक अच्छा ऑप्शन है। आगे उन्होंने बताया कि कानून की गहरी समझ होना जरुरी है और बेस्ट सिक्योरिटी प्रैक्टिस भी होनी जरुरी है। लेकिन शुरुआत में इतना काफी नहीं है। अगर आप इस नई फील्ड में अपनी जगह बनाने चाहते हैं तो आपका टेक्निकल बैकग्राउंड से होना बहुत जरुरी है। जो लोग अलग-अलग पढ़ाई या करियर वाले स्कूल से आत हैं, उन्हें AI में नौकरी नहीं मिल सकती है।

### प्रोग्रामिंग लैंग्वेज आना चाहिए

अगर आप AI में नौकरी पाना चाहते हैं तो AI की स्पेफिक टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी और इंजीनियर होना बहुत जरुरी है, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज आना भी जरुरी है। AI में नौकरियों के लिए आवेदकों के लिए पायथन या जावास्क्रिप्ट की समझ होनी चाहिए।

### कोडिंग की समझ भी जरुरी

एक्सपर्ट के मुताबिक, कोडिंग सर्टिफिकेट्स नौकरी पाने की संभावनाएं बढ़ा देते हैं। अगर AI में बेहतरीन नौकरी चाहिए तो कोडिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए।



# फार्मासिस्ट बनकर कॅरियर को दें नई ऊंचाइयां

फार्मासिस्ट बनकर आपको समाज की सेवा करने का भी मौका मिलता है। ऐसे में यदि आप भी फार्मासिस्ट बनना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी सभी डिटेल्स के बारे में आपको जानकारी होना जरूरी है।

अक्सर छात्र अपने करियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। क्योंकि मेहनत के साथ ही सही कोर्स का चुनाव करना भी जरूरी होता है। ऐसे में आप फार्मासिस्ट बन करने करियर को नई दिशा दे सकते हैं।

फार्मासिस्ट बनकर आपको समाज की सेवा करने का भी मौका मिलता है। ऐसे में यदि आप भी फार्मासिस्ट बनना चाहते हैं, तो इससे जुड़ी सभी डिटेल्स के बारे में आपको जानकारी होना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस कोर्स की सारी डिटेल्स बताने जा रहे हैं।

### क्वालिफिकेशन

फार्मासिस्ट बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं है। छात्र को फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी या मैथ्स विषय से 12वीं पास होना चाहिए। 12वीं के बाद बैचलर ऑफ फॉर्मेसी की डिग्री हासिल करनी होगी। बी फार्मा का कोर्स 4 साल का होता है। वहीं आप चाहें तो मास्टर ऑफ फार्मेसी भी कर सकते हैं, यह दो साल का कोर्स होता है। इसमें पीएचडी का भी एक ऑप्शन होता है, पीएचडी कर आप शोध और शिक्षण के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

### चयन प्रक्रिया

बी.फार्मा में एडमिशन के लिए अधिकतम राज्यों और विश्वविद्यालयों द्वारा एंट्रेंस एग्जाम आयोजित कराए जाते हैं। तो वहीं कुछ प्रमुख परीक्षाओं में CUET और राज्य स्तरीय परीक्षाएं आदि भी शामिल हैं। एंट्रेस एग्जाम के बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर काउंसलिंग की जाती है।

झइन जगहों पर कर सकते हैं नौकरी

- अस्पताल और क्लीनिक
- फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री
- रिटेल फार्मेसी
- रेगुलेटरी अफेयर्स
- शिक्षण

### सैलरी

फार्मासिस्ट की सैलरी अनुभव, कार्यक्षेत्र और नौकरी की लोकेशन आदि पर निर्भर करती है। बता दें कि एक फार्मासिस्ट की औसत सैलरी 2.5 लाख से 4 लाख रुपए प्रति वर्ष हो सकती है। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती जाती है। अनुभवी फार्मासिस्ट की सैलरी 8 लाख से 12 लाख रुपए प्रति वर्ष या इससे भी ज्यादा हो सकती है।



# सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों के लिए टिप्स

सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) एक महत्वपूर्ण प्रमाणन है जो पेशेवरों को विविध और अत्यधिक मांग वाले कौशल सेट से लैस करता है। यह योग्यता न केवल शैक्षणिक ज्ञान और नौकरी की आवश्यकताओं के बीच अंतर को पाटती है बल्कि वैश्विक स्तर पर करियर के अवसरों को भी बढ़ाती है।

सीपीए परीक्षा, अमेरिकन इंस्टीट्यूटऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (एआईसीपीए) द्वारा विकसित और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्टेट बोर्ड्स ऑफ अकाउंटेंसी (एनएएसबीए) द्वारा प्रशासित एक व्यापक चार-भागीय परीक्षा, यूएस आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) और यूएस आम तौर पर विशेषज्ञता रखती है। स्वीकृत लेखापरीक्षा मानक (जीएएएस)। कई छात्रों के लिए व्यस्त कामकाजी जीवन को संतुलित करना और यूएस सीपीए प्रमाणन प्राप्त करना भारी पड़ सकता है। हालाँकि, सही रणनीतियों और मानसिकता के साथ, वित्तीय रिपोर्टिंग और ऑडिटिंग में उन्नत पेशेवर स्थिति हासिल करना पूरी तरह से संभव है।

**अपनी योग्यता का निर्धारण करें**

- किसी प्रतिष्ठित संस्थान से स्नातक की डिग्री प्राप्त करें।
- परीक्षा में बैठने के लिए 120 क्रेडिट घंटे पूरे करें; लाइसेंस के लिए 150 क्रेडिट घंटे आवश्यक हैं।
- अतिरिक्त राज्य-विशिष्ट आवश्यकताओं की समीक्षा करें।

**अपना मूल्यांकन करें**

- सभी शैक्षणिक प्रतिलेख अपने चुने हुए राज्य लेखा बोर्ड को जमा करें।
- आवश्यक शुल्क का भुगतान करें।

**अपना परीक्षा आवेदन और शुल्क जमा करें**

- सीपीए परीक्षा के लिए आवेदन करें और आवश्यक दस्तावेज जमा करें।
- आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

**परीक्षण के लिए प्राधिकरण प्राप्त करें (एटीटी)**

- राज्य बोर्ड से एटीटी प्राप्त करें और 90 दिनों के भीतर परीक्षा के लिए साइन अप करें।
- परीक्षा अनुभाग शुल्क का भुगतान करें।

**शेड्यूल के लिए अपना नोटिस सत्यापित करें (एनटीएस)**

एनटीएस प्राप्त करें और सत्यापित करें, जो आपको अपने परीक्षा अनुभागों को शेड्यूल करने की अनुमति देता है।

**अपनी परीक्षा शेड्यूल करें**

- प्रोमेट्रिक परीक्षण केंद्र पर अपने परीक्षा अनुभागों को शेड्यूल करें।
- अपनी पसंदीदा तिथि, स्थान और परीक्षा अनुभाग चुनें।

**यूनिफॉर्म सीपीए परीक्षा उत्तीर्ण करें**

- सीपीए परीक्षा के सभी चार अनुभागों को सफलतापूर्वक पूरा करें।

**यूएस सीपीए लाइसेंस प्राप्त करें**

- आवश्यक 150 क्रेडिट घंटे और प्रासंगिक कार्य अनुभव पूरा करें।
- अपने राज्य के लिए आवश्यक नैतिकता परीक्षा उत्तीर्ण करें।

**कुछ अध्ययन टिप्स**

– एक विस्तृत अध्ययन योजना बनाएं

- अपने कार्य शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए एक व्यवहार्य अध्ययन दिनचर्या विकसित करें।
- परीक्षा पाठ्यक्रम को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और यथार्थवादी समय सीमा निर्धारित करें।

**गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री चुनें**

- विश्वसनीय समीक्षा पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्री चुनें।
- तैयारी के लिए अच्छे विशेषज्ञ व्याख्यान, ऑनलाइन संसाधनों और अध्ययन समूहों पर विचार करें।

**प्रभावी समय प्रबंधन**

- अपने अध्ययन सत्र को प्राथमिकता दें और ध्यान भटकाने से बचें।
- अध्ययन के समय के लिए कार्य अवकाश, सप्ताहांत और सुबह-सुबह का उपयोग करें।
- उत्पादकता बढ़ाने के लिए अध्ययन सत्र के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें।

**सीखें और दोहराएं**

- पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझें और विशेष रूप से अपने कमजोर क्षेत्रों की पहचान करें।
- बुनियादी अवधारणाओं से शुरुआत करें और धीरे-धीरे अधिक कठिन विषयों की ओर बढ़ें।
- अपनी शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन रिवीजन करें।

**मॉक टेस्ट के साथ अभ्यास करें**

- मुख्य परीक्षा के दौरान अच्छी तैयारी के लिए नियमित मॉक टेस्ट शेड्यूल करें।
- अपने प्रदर्शन का स्वयं मूल्यांकन करें और गलतियों की पहचान करें।

**अध्ययन समूहों में शामिल हों**

- आभासी अध्ययन समूहों के माध्यम से साथी छात्रों से जुड़ें
- दूसरों का दृष्टिकोण जानने के लिए चुनौतीपूर्ण विषयों और प्रश्नों पर चर्चा करें।

**प्रेरित रहो**

- अपने लक्ष्य को ध्यान में रखें और अपनी तैयारी के दौरान प्रेरित रहें।
- छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाएं और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### मलेशिया में फंसे झारखंड के 70 मजदूर, वतन वापसी की लगायी गुहार

**गिरिडीह, एजेंसी।** झारखंड के प्रवासी मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है. एक बार फिर मलेशिया में झारखंड के 70 मजदूर के फंसे होने का मामला सामने आया है. मलेशिया में फंसे मजदूर झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं. मजदूरों ने सोशल मीडिया



के माध्यम से वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है. मजदूरों ने वीडियो में बताया है कि पिछले चार माह से कंपनी ने उनको वेतन नहीं दिया है. जिसकी वजह से उनके समक्ष आर्थिक संकट के साथ–साथ खाने–पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है. मजदूरों ने बताया कि कंपनी ने उनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया है. मजदूरों ने केंद्र और राज्य सरकार से बकाया वेतन के भुगतान कराने और वतन वापसी की गुहार लगाई है. सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों की मदद करने की अपील की प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने भारत सरकार और राज्य सरकार से मलेशिया में फंसे झारखंड के 70 मजदूरों की मदद करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि झारखंड में रोजगार की कमी के कारण आये दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं. प्रदेश के विभिन्न जिलों के मजदूर रोजी–रोटी कमाने विदेश जाते हैं, जहां वह प्रताड़ना का शिकार होते हैं. मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए राज्य सरकार को रोजगार की व्यवस्था करने की जरुरत है.

### कोलकर्मी की मौत के डेढ़ साल बाद भी पत्नी को नहीं मिली बेनेवोलेंट फंड की राशि

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल प्रबंधन की उदासीनता के कारण पूर्वी झरिया एरिया की सुदामडीह एएसपी कोलियरी में कार्यरत दिवंगत कर्मी दिनेश भुइयां के परिजनों को मृत्यु के डेढ़ साल बाद भी बेनेवोलेंट फंड की राशि नहीं मिल पायी है, जबकि यह राशि श्राद्ध कर्म के लिए तत्काल दी जाती है. दिनेश के परिजन राशि के लिए कोलियरी व क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं.

एएसपी कोलियरी में कार्यरत दिनेश भुइयां की बीमारी के कारण आठ मई 2023 को मृत्यु हो गयी थी. उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी ने बेनेवोलेंट फंड की राशि का भुगतान के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है. प्रबंधन का कहना है कि दिनेश भुइयां के सेवा अभिलेख में उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी का नाम नहीं है. जबकि लक्ष्मी देवी ने मृतक की पत्नी होने का दावा करते हुए दस्तावेज के रूप में प्रखंड कार्यालय से निर्गत पारिवारिक सूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड व कंपनी में कार्यरत दो कर्मियों को गवाह के रूप में प्रस्तुत करते हुए कार्यालय में आवेदन जमा किया है. प्रबंधन द्वारा दिये गये दस्तावेज व अतिरिक्त बिंदुओं की जांच के लिए छह माह पूर्व एक टीम बनायी गयी थी. लेकिन टीम जांच तक करने नहीं पहुंची. इस दौरान टीम में शामिल एक सदस्य का स्थानांतरण भी हो गया. इससे जांच अधर में लटक गयी.

इस संबंध में स्थानीय मजदूर नेता व समाजसेवी मौसम महांति ने इजे एरिया के महाप्रबंधक को पत्र लिख कर अविलंब दिनेश भुइयां की पत्नी को बेनेवोलेंट फंड की राशि भुगतान करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि यह कोई एकलौता मामला नहीं है. एएसपी कोलियरी के ही कर्मी समीर सेन की आठ माह पहले मृत्यु हुई थी. लेकिन आज उनके परिवार को राशि का भुगतान नहीं किया गया है.

इस संबंध में सुदामडीह एएसपी कोलियरी के पीओ अनिल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है. मृत कर्मी दिनेश भुइयां की संचिका मंगायी गयी है. किस कारण से अब तक बेनेवोलेंट फंड की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, उसकी जांच की जायेगी. मामले की जांच कर जल्द आश्रित को राशि भुगतान का भुगतान किया जायेगा.

**झारखंड के चीफ जस्टिस बने एमएस रामचंद्र राव**

# राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिलाई शपथ

**रांची, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस रहे एमएस रामचंद्र राव अब झारखंड के चीफ जस्टिस होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में उनकी अधिसूचना जारी की है। आज राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। वे राज्य के 16वें चीफ जस्टिस होंगे। झारखंड में 19 दिसंबर 2023 से चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। फिलहाल जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे थे। शपथ ग्रहण के बाद अब एमएस रामचंद्र राव जिम्मेदारी संभालेंगे।

**न्याय क्षेत्र से जुड़ा है परिवार-** झारखंड के नए चीफ जस्टिस का नाम ममिदान्ना सत्या रत्ना रामचंद्र राव है। इनका पूरा परिवार न्याय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। इनके पिता न्यायमूर्ति एम जगन्नाथ राव सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश थे। वहीं इनके दादा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव को साल 2012 में 29 जून को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में प्रोमोट किया गया था। इसके बाद वर्ष 2021 में 31 अगस्त को वे तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त हुए। झारखंड आने से पहले वह हिमाचल प्रदेश के चीफ जस्टिस की भूमिका निभा रहे थे।

**लॉ में गोल्ड मेडलिस्ट रहे हैं जस्टिस एमएस रामचंद्र राव-** जस्टिस एमएस रामचंद्र राव लॉ की पढ़ाई में गोल्ड मेडिलिस्ट रहे हैं। उन्होंने साल 1989



में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद से एलएलबी पास किया है। इस परीक्षा में सबसे अधिक अंक हासिल करने के लिए सीवीएसएस आचार्युलु गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था।

लॉ करने से पहले उन्होंने उस्मानिया यूनिवर्सिटी से गणित में बीएससी (ऑनर्स) किया। इसमें उन्होने टॉप किया है। बतौर एडवोकेट साल 1989 में नामांकन हुआ। उन्होंने साल 1991 में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। न्यायमूर्ति राव के पास सिविल लॉ, मध्यस्थता, कंपनी लॉ, प्रशासनिक और संवैधानिक कानून, श्रम और सेवा कानून के क्षेत्र में वकालत का अनुभव है।

### इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे राव

बता दें कि जस्टिस एम एस राम चंद्र राव इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को उनके ट्रांसफर की सिफारिश की थी. जस्टिस राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था. उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित (ऑनर्स) की पढ़ाई की. इसके बाद वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से एलएलबी पास किया. जस्टिस राव को एलएलबी के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए. वर्ष 1991 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की.जस्टिस राव को 29 जून 2012 को आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था. इसके बाद स्थायी न्यायाधीश बने. इन्होने तेलंगाना हाइकोर्ट, पंजाब व हरियाणा हाइकोर्ट में भी अपनी सेवा दी है. पदोन्नति मिलने के बाद 30 मई 2023 को जस्टिस राव को हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया. जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाथ राव भारत सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे. जस्टिस राव के दादा एमएस रामचंद्र राव भी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे.

## टाटा से लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी, चलेगी त्योहारी स्पेशल ट्रेन



**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर से लखनऊ के बीच त्योहारी स्पेशल ट्रेन का दो फेरा चलेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा जारी आदेश के तहत 04223 टाटानगर-लखनऊ स्पेशल 17 व 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रवाना होगी, जो दूसरे दिन सुबह चार बजकर 55 मिनट पर लखनऊ पहुंचेगी। 04224 लखनऊ-टाटा डाउन ट्रेन 16 व 20 अक्टूबर को चलेगी। यह ट्रेन दोपहर तीन बजकर 10 मिनट पर लखनऊ से रवाना होकर दूसरे दिन सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर टाटानगर आएगी। यह स्पेशल ट्रेन गोमो, गया, सहरसाराम, प. दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी, अमेठी व राय बरेली जैसे स्टेशनों पर रूकेगी। मालदा टाउन मंडल के जमालपुर-भागलपुर रेलखंड के अंतर्गत गंगा नदी में जल स्तर बढ़ जाने के कारण, ट्रेन संख्या 08604 भागलपुर-रांची परीक्षा स्पेशल सोमवार को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग भागलपुर, गुमानी, रामपुरहाट, सांईथिया, आसनसोल होकर चली। इसकी सूचना यात्रियों को एसएमएस को दी गई। दक्षिण पूर्व रेलवे ने खड़गपुर रेल मंडल के गिधनी रेलवे स्टेशन में 12 से 18 अक्टूबर तक इस्पात एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों का एक मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गिधनी स्टेशन में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की 137वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। रेलवे ने समारोह में शामिल होने वाले श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के अनुयायी सुविधा के लिए गिधनी स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया है। ट्रेन नंबर 12813 व 12814 हावड़ा-टाटानगर-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस।ट्रेन नंबर 12871/12872 हावड़ा-टिटलागढ़-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस।ट्रेन नंबर 22861/22862 हावड़ा-कंटाबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस।ट्रेन नंबर 22891/22892 हावड़ा-रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस।

## सदर सीट से कांग्रेस के पांच प्रमुख दावेदारों के नाम तय

**हजारीबाग, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में हुई. इसकी अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की. इस दौरान प्रभारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मनोज मेहता, महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष परवेज अहमद, अधिवक्ता इजहार हुसैन, महानगर उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग सदर सीट से 34 कांग्रेसजनों ने अपनी दावेदारी पेश की है. हजारीबाग नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 34 नामों पर गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श के बाद अंत में पांच नाम पर सर्वसमिति बनी. इन पांचों उम्मीदवारों के नाम बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपे गये. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी के नगर के पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्षों ने रणनीति बनाई.

**कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं: निसार खान-** बैठक को संबोधित करते हुए महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भारत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और वार्ड के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण तन मन से लग जाए और मजबूत संगठन ही कांग्रेस का मूल मंत्र है. इस अवसर पर प्रभारी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता निसार खान में कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं. संगठन को वार्ड और बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करना एक-एक कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है. हम लोगों को दोबारा सभी के प्रयास से नगर क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराना है.

## झारखंड के पांच स्वर्ण ब्लॉक नीलामी के लिए तैयार, जल्द शुरू होगा खनन



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जल्द ही पांच स्वर्ण ब्लॉक से खनन आरंभ होगा। सभी ब्लॉक नीलामी के लिए तैयार हैं। इसकी प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। झारखंड राज्य भू-तात्विक पर्षद की बैठक में मंगलवार को खान निदेशक शशिरंजन ने यह जानकारी दी।

उन्होंने खनन पट्टा क्षेत्रों के सीमांकन के लिए आधुनिकतम तकनीक के उपयोग पर बल दिया गया। यह सुनिश्चित करने को कहा कि नीलामी के समय दो खनिज ब्लॉक के मध्य ओवरलैपिंग का मुद्दा सामने ना आए। इसके पूर्व खान सचिव जितेंद्र सिंह ने अधिक राजस्व वसूली पर फोकस करते हुए काम करने का निर्देश दिया।

खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने राज्य भू-तात्विक कार्यक्रम पर्षद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नीलामी के लिए खनिज ब्लॉक तैयार करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि सरकार को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो।

बैठक में क्षेत्रीय सत्र 2023-24 में संपादित भूतात्विक अन्वेषण कार्यों की प्रगति तथा आगामी सत्र 2024-25 में प्रस्तावित खनिज अन्वेषण कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अपने संबोधन में सचिव ने कहा कि राज्य के समग्र विकास एवं राजस्व संग्रहण में तीव्रता के लिए खान एवं भूतत्व विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय बने रहना चाहिए।

सचिव ने विभागीय पदाधिकारियों को खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में उपलब्ध आधुनिकतम तकनीक की जानकारी प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट भूतात्विक प्रतिवेदन तैयार करने का सुझाव दिया। इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध कराने की बात कही।

# लाखों की संख्या में घुसपैठिए झारखंड आ चुके हैं, आदिवासियों को हो रहा नुकसान: बाबूलाल

**हजारीबाग, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को तोरपा और बरही में परिवर्तन यात्रा के दौरान झारखंड की जनता से परिवर्तन की अपील की. इस दौरान उन्होंने पिछले पांच वर्षों में हेमंत सरकार को जो काम करना चाहिए था, वह नहीं किया. इसके बजाय, ये लोग केवल अपने लिए कमाई करने में लगे रहे. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए की रकम बरामद हुई है, और एक मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए मिले हैं. ये पैसा झारखंड की जनता का लूटा हुआ धन है. पूरे पांच साल इस सरकार ने झारखंड के लोगों को लूटने का काम किया है.

मोदी की सरकार बनी तो झारखंड में भी पहुंची बिजली

एक समय झारखंड के लोग राशन और केरोसिन तेल पाने के लिए संघर्ष करते थे. लोग अंधेरे में जीवन यापन करते थे. लेकिन जब भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब देश के साथ-साथ झारखंड में भी बिजली पहुंचाई गई. उन्होंने कहा, जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो रांची और देश की राजधानी की तरह झारखंड के गांव-गांव में बिजली और सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. यहां के लोगों को घर बनाने में कठिनाई होती है. जब झारखंड बना था, तब बालू मुफ्त मिलती थी, लेकिन अब बालू भी लूटी जा रही है. हेमंत सोरेन जल, जंगल, जमीन की बात करते हैं, लेकिन इस सरकार ने सेना



की जमीन को भी नहीं छोड़ा. इस सरकार ने केवल पांच सालों तक लूट की है. आज झारखंड में रोटी, बेटी और माटी पर संकट है. हमें इसे बचाना है, और परिवर्तन लाना है.

### घुसपैठियों को बाहर करेंगे

लाखों की संख्या में घुसपैठिए झारखंड में आ चुके हैं. पिछले 5 वर्षों में इनकी संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है, जिससे झारखंड के आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है. लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हम घुसपैठियों को ढूंढ़ कर बाहर करेंगे. हेमंत सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने गरीबों को साल में 72 हजार रुपये देने का वादा किया था. बहनों के लिए चूल्हा खर्च में 2000 रुपए देने का झूठा वादा किया और सरकार बनाई. लड़कियों की शादी के लिए सोने के सिक्के देने का वादा किया, लेकिन आज न सोना मिला और न ही चांदी का सिक्का.

**झारखंड के नौजवानों के पांच साल बर्बाद हुए हैं-** झारखंड के नौजवानों का पांच साल बर्बाद हुआ है. इसका जवाब कौन देगा? हेमंत सोरेन ने कसम खाई थी कि 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ. जॉब के नाम पर पुलिस भर्ती में युवकों को दौड़ाया गया, जिससे उनकी मौत हो गई. युवाओं को जॉब नहीं मिली, बल्कि मौत मिली. भाजपा की सरकार बनने पर जल, जंगल, जमीन और रोटी, बेटी और माटी सब सुरक्षित रहेंगे.

### पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में झारखंड चैंपियन

**रांची, एजेंसी।** पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा खेलगांव के हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित बीसीसीएल कप पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनो वर्गों में झारखंड कि टीम चैंपियन बनी. मंगलवार को पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले



में झारखंड ने राजस्थान को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया, जबकि हरियाणा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. फाइनल में कांटे के टक्कर देखने को मिली, झारखंड ने राजस्थान को 15-13, 15-12, 11-15 एवं 15-10 से मात दिया. बता दें महिला वर्ग में झारखंड ने राजस्थान को 2 -0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था. प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर रमेश सिंह समाजसेवी, निर्मला रावत, निदेशक पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर अल्बर्ट प्रेम कुमार, सुधा लील्हा, निशा मेहता, मंजीत सिंह, कमल कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों को कप के साथ व्यक्तिगत पदक एवं नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई.प्रतियोगिता के आयोजन में सरिता सिन्हा, आम्रपाली, नेहा, पतरस तिर्की, मुन्ना प्रसाद, तथा दीपशिखा के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा.

### पूर्व वित मंत्री यशवंत सिन्हा 29 को शहर में, भव्य स्वागत की तैयारी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यसवंत सिन्हा 29 सितंबर को जमशेदपुर आएंगे. वे यहां एक परिचर्चा में शामिल होंगे. साथ ही विचार गोष्ठी को संबोधित करेंगे. इस संबंध में जानकारी देते हुए छात्र नेता समाजसेवी संजीव आचार्य ने बताया कि राष्ट्रपति पद के पूर्व उम्मीदवार एवं अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा काफी दिनों बाद जमशेदपुर आ रहे हैं. इसलिए उनके स्वागत की व्यापक तैयारी की गई है. पारडीह काली मंदिर से तिरंगा यात्रा के रुप में उनका काफिला माइकल जॉन सभागार में पहुंचेगा. जहां वे विचार गोष्ठी में शामिल होंगे. उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बहरागोड़ा की पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, पुलिस एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रगुप्त सिंह, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, वरिष्ठ नागरिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह के अलावे अर्का जैन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉक्टर एसएस. रज्जी, ब्रह्मर्षि विकास मंच विकास सिंह, जेपी आंदोलनकारियों में सुरेश दत्त पांडे, अवधेश पाठक सहित शहर के कई आंदोलनकारी बुद्धिजीवियों व्यक्ति इस सभा को संबोधित करेंगे.

### जमशेदपुर के इस विधानसभा के लोगों की हुई चांदी, विधायक ने ताबड़तोड़ 17 योजनाओं का किया शिलान्यास

**जमशेदपुर, एजेंसी।** 15वां वित आयोग पंचायत समिति मद से बनने वाले 17 योजनाओं का शिलान्यास मंगलवार को जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने प्रखंड स्थित पंचायत भवन में नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब सभी पंचायत व जन प्रतिनिधि एक साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतों में ऐसी कई छोटे-छोटे विकास कार्य है जिसे विधायक मद से करना संभव नहीं है। ऐसे में पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि वे उस कार्य को पूरा करें ताकि जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना ना पड़े।



शिलान्यास के मौके पर जिप उपाध्यक्ष पंकज, जिप सदस्य कविता परमार, प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उपप्रमुख शिव हांसदा, बीडीओ सुधा वर्मा, सीओ मनोज कुमार, रैना पूर्ति समेत अन्य उपस्थित थे।

# 10700 फर्जी कंपनियों ने की 10179 करोड़ की कर चोरी, फर्जी पंजीकरण रोकने के लिए अफसर चला रहे दूसरा अभियान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फर्जी पंजीकरण के खिलाफ जीएसटी अधिकारियों की ओर से देशभर में चलाए जा रहे अभियान में करीब 10,700 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जिन्होंने 10,179 करोड़ रुपये की कर चोरी की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को कहा, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ 16 अगस्त से शुरू हुआ दूसरा अखिल भारतीय अभियान 15 अक्तूबर तक चलेगा। इस अभियान में कर अधिकारियों ने 67,970 जीएसटीआईएन (माल एवं सेवा कर पहचान संख्या) की पहचान की है। इनमें से 59 फीसदी या 39,965 जीएसटीआईएन का सत्यापन 22 सितंबर तक हो चुका है।

सीबीआईसी सदस्य ने कहा, इनमें 27 फीसदी ऐसी कंपनियां पाई गई हैं, जो अस्तित्व में ही नहीं हैं। फीसदी के लिहाज से यह संख्या पिछले अभियान की तुलना में करीब समान है। उन्होंने बताया, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पहला अभियान 16 मई से 15 जुलाई, 2023 के बीच चलाया गया था। इसमें जीएसटी पंजीकरण वाली कुल 21,791 ऐसी कंपनियां




पाई गई थीं, जो अस्तित्व में नहीं थीं। इस अभियान में 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी पकड़ी गई थी।

### 2,994 करोड़ की आईटीसी रोकी, वसूली 22 करोड़

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के कार्यक्रम में शशांक प्रिय ने कहा, दूसरे अभियान में 2,994 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को रोका गया है। साथ ही, 28 करोड़ रुपये की वसूली भी की गई है। उन्होंने कहा, जीएसटी व्यवस्था में बेमेल आंकड़ों की समस्या है। इस कारण 2023-24 में कर अधिकारियों ने 1,12,852 कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। सीबीआईसी अधिकारी ने कहा, प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी संभव तरीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। कर अधिकारी भविष्य में नए करदाताओं पर उनके जोखिम 'प्रोफाइल' के आधार पर कुछ पाबंदियां भी लगा पाएंगे। वे एक महीने में कितने बिल जारी कर सकते हैं, हम भविष्य में उसपर भी कुछ पाबंदियां लगा सकते हैं।

### 20 राज्यों में शुरू होगा आधार प्रमाणीकरण

जीएसटी पंजीकरण के लिए आधार प्रमाणीकरण पहले से ही 12 राज्यों में लागू है। चार अक्तूबर तक अन्य चार राज्य को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इस तरह, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सहित 20 राज्य आधार प्रमाणीकरण शुरू करेंगे।

### खुदरा विक्रेताओं के लिए ई-बिल का डिजाइन ढांचा तैयार

माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) के सीईओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा, खुदरा विक्रेताओं के लिए जीएसटी ई-इनवॉयस (बिल) को लागू करने के लिए डिजायन ढांचा लगभग तैयार है। उद्योग विशेषज्ञ इसकी जांच कर रहे हैं। ई-इनवॉयस बी2बी (कंपनियों के बीच) क्षेत्र में पहले से ही मौजूद है। जीएसटी परिषद की इसी महीने हुई बैठक में प्रायोगिक आधार पर बी2सी (कंपनियों से ग्राहकों तक) क्षेत्र में भी ई-इनवॉयस लागू करने का फैसला किया था। एसोचैम के कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा, उद्योग जगत से चर्चा के बाद हम इस बारे में एक दस्तावेज जारी करेंगे कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए। साथ ही, जिन व्यवसायों को ई-इनवॉयस जारी करना आवश्यक होगा, उनके लिए सीमा तय करने की प्रक्रिया चल रही है। जीएसटी कानून के तहत एक अक्तूबर, 2020 से 500 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों को बी2बी लेनदेन के लिए ई-इनवॉयस अनिवार्य कर दिया गया था। बाद में इसका दायरा बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार वाली कंपनियों तक कर दिया गया।

## बैंक में जमा की वृद्धि दर सुस्त, बॉन्ड से 1.3 लाख करोड़ उगाही की योजना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** धीमी जमा वृद्धि से बैंकों को अब दूसरे रास्तों से पैसे जुटाने होंगे। रेटिंग एजेंसी इक्रा का मानना है कि चालू वित्त वर्ष में बैंकों को बॉन्ड जारी करके 1.3 लाख करोड़ रुपये जुटाने होंगे। बॉन्ड के जरिये जुटाई जाने वाली यह रकम अब तक की सबसे ज्यादा रकम होगी। जमा और कर्ज वृद्धि के बीच जारी अंतर को कम करना होगा। इक्रा ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा, लगभग 85 फीसदी बॉन्ड सरकारी बैंक जारी करेंगे। यह बॉन्ड इंफ्रा क्षेत्र के होंगे। तरलता की विकट स्थिति और कर्ज वृद्धि लगातार जमा वृद्धि से अधिक होने के कारण बैंकों द्वारा वैकल्पिक स्रोतों से धन उगाहना जरूरी हो गया है। बैंकों ने 2023-24 में बॉन्ड से एक लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे पहले 2022-23 में रिकॉर्ड 1.1 लाख करोड़ रुपये जुटाए थे। बैंकों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक बॉन्ड से 76,700 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में इसी अवधि के दौरान जुटाई गई रकम से यह काफी ज्यादा है। 30 जून, 2024 तक बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बैंकों की अग्रिम राशि 13-14 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। सरकारी बैंकों का इसमें 75 प्रतिशत हिस्सा है। एसबीआई चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा, बैंक को उद्योग जगत से चार लाख करोड़ के कर्ज की मांग मिल चुकी है। इससे पता चलता है कि 2024-25 की दूसरी छमाही में निजी क्षेत्र के पूंजीगत खर्च में तेजी आएगी। इन्फ्रा के लिए फंडिंग, सड़कों, नवीकरणीय उर्जा व कुछ रिफाइनरियों से आ रही है।

## भारत के सबसे बड़े आईपीओ को सेबी की हरी झंडी, अक्टूबर में दे सकता है बाजार में दस्तक




**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश का सबसे बड़ा आईपीओ आने वाला है। सेबी ने हुंडई मोटर इंडिया के 25,000 करोड़ रुपये के बिक्री प्रस्ताव के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस को मंजूरी दे दी है। हुंडई मोटर के आईपीओ को अक्टूबर में लॉन्च होने की उम्मीद है। हुंडई का आईपीओ एलआईसी के 2.7 अरब डॉलर की लिस्टिंग का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। हुंडई मोटर साउथ कोरिया की ऑटोमोबाइल कंपनी है। दूसरी ओर सेबी से हरी झंडी मिलने के बाद स्विगी को अपने आईपीओ का साइज बढ़ाकर 1.4 अरब डॉलर (लगभग 11,700 करोड़ रुपये) करने की उम्मीद है, जिससे यह देश का 5वां सबसे बड़ा इश्यू बन जाएगा। सूत्रों ने टीओआई से कहा कि स्विगी को अब सेबी के पास एक अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करना होगा और ऑफर साइज को बढ़ाने के लिए अक्टूबर के पहले सप्ताह में शेयरधारकों की एक बैठक की योजना बनाई गई है। स्विगी का आईपीओ अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी जोमैटो के 9,375 करोड़ रुपये के इश्यू से बड़ा होगा जिसे 2021 में लॉन्च किया गया था।

## महंगे लोन से जल्द मिलेगी राहत!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के लिए अच्छी खबर है। जल्दी ही आपकी लोन की किस्त में कमी आ सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का ग्रोथ अनुमान 6.8 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही उसने उम्मीद जताई है कि आरबीआई अपनी अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देगा। एशिया प्रशांत के आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसमें कहा गया कि भारत में ठोस वृद्धि से भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को अपने लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा।

## आईटी कंपनी की नौकरी छोड़ लौट आए गांव, अब 1 एकड़ से 10 लाख टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जितेंद्र मान दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस में नौकरी करते थे। काम करते समय उन्हें प्रदूषण और केमिकल वाले खाने का अपने स्वास्थ्य पर बुरा असर दिखाई देने लगा। उन्होंने अपनी पत्नी सरला मान से गांव वापस लौटने की बात की। सरला इस बात पर राजी हो गई। साल 2017 में पेशे से इंजीनियर जितेंद्र ने टीसीएस में नौकरी छोड़ दी। दोनों हरियाणा के सोनीपत जिले के महमूदपुर गांव आ गए। वहां, जितेंद्र के परिवार के पास दो एकड़ जमीन थी। इस पर पति-पत्नी ने मोरिंगा की खेती करने का फैसला किया। उनका यह निर्णय सही साबित हुआ। दोनों आज हसबैंड वाइफ फार्म ब्रांड के तहत मोरिंगा के कई प्रोडक्ट बेचते हैं। वह अपने इस कारोबार से लाखों कमा रहे हैं। आइए, यहां जितेंद्र मान और सरला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

मोरिंगा एक ऐसा पेड़ है जो जल्दी बढ़ता है। सूखे को सहन कर सकता है। इसकी पत्तियों में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, पोषक तत्व और औषधीय गुण होते हैं। मोरिंगा की पत्तियां और उनका पाउडर अपने स्वास्थ्य लाभों के कारण सुपरफूड माने जाते हैं। सहजन की फली, मोरिंगा के पेड़ की लंबी, पतली फलियां होती हैं। इनका उपयोग सांभर और



करी में किया जाता है। जितेंद्र मान और उनकी पत्नी सरला ने मोरिंगा की पत्तियों को पाउडर और कैप्सूल में बदलकर बेचना शुरू किया। वे सालाना प्रति एकड़ 10,000 किलोग्राम मोरिंगा पत्तियों की कटाई करते हैं। कटाई साल में लगभग चार बार की जाती है।

जितेंद्र मान को बेंगलुरु में अपने दोस्त के घर से मोरिंगा के कुछ पौधे मिले थे। उन्होंने उन्हें दिल्ली में अपनी घर की छत पर गार्डन में लगाया। वे अच्छी तरह से बढ़े। इसकी पत्तियां स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। दंपति उन पौधों के बीज हरियाणा ले गए और मोरिंगा की खेती के लिए जमीन तैयार करने का फैसला किया। उन्होंने जमीन को जैविक खेती के लिए उपयुक्त बनाया। आज, सरला और जितेंद्र महमूदपुर में 10 एकड़ में मोरिंगा उगाते हैं। पत्तियों को पाउडर और कैप्सूल में बदल देते हैं। इन्हें हसबैंड वाइफ फार्म ब्रांड के तहत बेचा जाता है। ब्रांड प्रोडक्टों के खरीदार देश-विदेश में हैं। इनमें ब्रिटेन, कनाडा और यूएई शामिल हैं।

कटाई के बाद पत्तियों को दो बार धोया जाता है। फिर मोरिंगा पाउडर में बदलने से पहले छाया में सुखाया जाता है। दंपति ने ग्रामीणों और स्थानीय छात्रों के साथ पाउडर साझा किया। उनके स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दिया। इसके बाद मियां-बीवी ने उत्पाद की स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग शुरू की। आज उन्होंने 12 स्थानीय महिलाओं को रोजगार दिया हुआ है। वे पत्तियों की कटाई और धुलाई के साथ पैकेजिंग में मदद करती हैं। लगभग 10,000 किलो पत्तियों से एक एकड़ में 1,000 किलो सूखी पत्तियां मिलती हैं। प्रति एकड़ टर्नओवर 10 लाख रुपये है। वे अपनी वेबसाइट, स्थानीय स्टोर और सीधी थोक बिक्री के माध्यम से मोरिंगा पाउडर, मोरिंगा कैप्सूल और चुकंदर पाउडर बेचते हैं। सर्दियों में जितेंद्र और सरला मोरिंगा के पेड़ों के साथ चुकंदर की खेती करते हैं और चुकंदर पाउडर बनाते हैं। यह जोड़ी अब अन्य किसानों को जैविक रूप से मोरिंगा उगाने के लिए प्रेरित कर रही है। अभी, उनके उत्पादों की मांग सप्लाई से कहीं अधिक है।

## आलू और प्याज के दाम 2 साल में डबल, दालें भी महंगी, त्योहारों से पहले खाद्य तेलों में उबाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खुदरा महंगाई बीते दो माह से चार फीसदी से नीचे है, लेकिन आपकी थाली में मुख्य भोजन के तौर पर शामिल प्रमुख सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। बीते दो साल में आलू-प्याज और टमाटर की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। मसूर को छोड़ अन्य दालों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। मसाले भी अब चटकारे लेने लगे हैं। पेश है अरुण चड्ढा की रिपोर्ट..



आरबीआई ने मासिक समीक्षा में माना है कि इन तीनों सब्जियों के दाम बीते दो वर्ष में करीब दोगुना या उससे अधिक बढ़ गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2022 से सितंबर 2024 के बीच दाम तेजी से बढ़े हैं। उदाहरण के लिए सितंबर 2022 में टमाटर का औसत मूल्य 20 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे थे लेकिन अब यह 50 रुपये के करीब है। इसी तरह से प्याज के औसत दाम देश के कई हिस्सों में 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। आलू की कीमत भी 60 रुपये प्रति किलोग्राम से ऊपर चली गई है।

### मसालों की कीमतों में भी तेज उछाल

बीते कुछ महीनों में मसालों और खाद्य तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। जीरा 27 हजार रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया है, जिसके 29 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंचने का अनुमान है। यह आंकड़ा रिजर्व बैंक द्वारा जारी रिपोर्ट से अलग है।

### सरसों और सोया तेल में उबाल

उधर, सरसों, सोयाबीन और रिफाइंड समेत अन्य खाद्य तेल की कीमतों में त्योहार से पहले 15 से 20 रुपये प्रति लीटर की तेजी देखने को मिल रही है। वहीं, अरहर दाल की कीमतों में सबसे ज्यादा तेजी आई है। इसका भाव करीब 50 से 60 रुपये प्रतिकिलो तक चढ़ चुका है। वहीं, उड़द करीब 10 रुपये और मूंगदाल 8 से 10 रुपये प्रतिकिलो तक महंगी हुई है। जेएनयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरुण कुमार का कहना है कि देश में सप्लाई व्यवस्था उतनी बेहतर नहीं है, जितनी किसी विकसित देश में होती है। सरकार स्टोरेज और आपूर्ति का बेहतर तरीके से प्रबंधन करे तो कीमतों को बेतहाशा बढ़ने से रोका जा सकता है।

## एक डील से रॉकेट बन गया मुक्ता आर्ट्स का शेयर, सुभाष घई की है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुक्ता आर्ट्स के शेयर आज कारोबार के दौरान फोकस में हैं। हिंदी फिल्म के फेसम प्रोड्यूसर और डायरेक्टर सुभाष घई की कंपनी के शेयर आज इंट्रा डे में 20 प्रतिशत चढ़ गए और 97.09 रुपये के हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डील है। दरअसल, मुक्ता आर्ट्स ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के साथ अगले छह सालों के लिए एक डील साइन की है।

### क्या है डिटेल

मुक्ता आर्ट्स ने ऐलान किया है कि 25 अगस्त 2027 से अगले 6 साल की अवधि के लिए कंपनी की 37 फिल्मों के सैटेलाइट और मीडिया अधिकारों के लिए जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के बीच असाइनमेंट एग्रीमेंट और शीट एग्जिक्यूट की गई है। हालांकि, कंपनी ने डील की



कीमत का खुलासा नहीं किया है। मुक्ता आर्ट्स ने कहा कि यह सौदा पिछले समझौते की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक पर और कंपनी और जी के बीच दर्ज नियमों और शर्तों के अनुसार एग्जिक्यूट किया गया था।

### कंपनी का कारोबार

सुभाष घई की अगुवाई वाली मुक्ता आर्ट्स एंटरटेनमेंट कंपनी है। कंपनी फिल्म बनाती हैं और टेलीविजन कंटेट क्रिएट करती हैं। साथ ही कंपनी फिल्म डिस्ट्रिब्यूटशन और फिल्ममेकिंग के लिए इक्विपमेंट किराए पर भी देती है। बता दें कि यह कैपिटल मार्केट में प्रवेश करने वाली पहली हिंदी फिल्म निर्माण कंपनी थी। 7 सितंबर 1982 को स्थापित मुक्ता आर्ट्स के नाम कई हिट फिल्मों का रिकॉर्ड है। कंपनी आधुनिक स्टूडियो छ्श्वस्का मालिक है, जो विश्व स्तरीय उत्पादन और पोस्ट-प्रोडक्शन सेवाओं के लिए अत्याधुनिक तकनीक पेश करता है। इसके अलावा कंपनी ने एंटरटेनमेंट में अपनी उपस्थिति को और बढ़ाते हुए डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर में अपने परिचालन का विस्तार किया है।

### वित्तीय हालात

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 27.52 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया और इस अवधि के दौरान 10.33 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। स्नङ्ख25 की पहली तिमाही में, कंपनी ने 7.02 करोड़ रुपये की शुद्ध बिक्री दर्ज की, जबकि स्नङ्ख25 की जून तिमाही में 0.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के अनुसार, मुक्ता आर्ट्स का मार्केट कैप 216.37 करोड़ रुपये है। के शेयर का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 98.35 रुपये है जबकि 52 हफ्ते का निचला स्तर 61 रुपये प्रति शेयर है।

## रियल एस्टेट के कर्मचारियों को लिए पीएफ और ईएसआईसी हो अनिवार्य, पीयूष गोयल बोले-बिल्डर ईमानदारी से करें काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रियल एस्टेट उद्योग से कहा कि वे इस क्षेत्र में काम करने वाले सात करोड़ लोगों के लिए ईएसआईसी तथा भविष्य निधि पंजीकरण की गारंटी प्रदान करें। इस क्षेत्र को यह सोचना चाहिए कि क्या हम इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी सात करोड़ कामगारों तथा महिलाओं के लिए ईएसआईसी और भविष्य निधि पंजीकरण की गारंटी सुनिश्चित कर सकते हैं। रियल एस्टेट उद्योग के संगठन क्रेडाई के सम्मेलन में में गोयल ने मंगलवार को कहा, 25 नवंबर को क्रेडाई अपने 14,000 सदस्यों के साथ चर्चा के बाद एक प्रस्ताव लेकर आए। हम बात करेंगे। क्रेडाई की 25 नवंबर को 25वीं वर्षगांठ है। अगर उद्योग ईएसआईसी तथा पीएफ पंजीकरण की गारंटी सुनिश्चित करता है तो इसके कई सकारात्मक प्रभाव होंगे। आने वाले वर्षों में यह संख्या और बढ़ेगी। इस कदम से इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की क्षमताएं तथा दक्षता बढ़ेगी। इससे गुणवत्ता में सुधार होगा। गोयल ने कहा, रियल एस्टेट कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि वह अन्य उद्योगों की तरह रियल एस्टेट क्षेत्र को आसान फंडिंग उपलब्ध कराने का मुद्दा भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष उठाएंगे। रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के लिए तेजी से मंजूरी के लिए राज्य सरकारों तथा शहरी स्थानीय निकायों से बात करेंगे, बशर्ते बिल्डर ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से कारोबार करने का वादा करें।

## पहली बार शेयर बांटने की तैयारी में पीसी ज्वैलर

### एक साल में 490 प्रतिशत उछल गए शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी पीसी ज्वैलर के शेयरों में बुधवार को जबरदस्त तेजी आई है। पीसी ज्वैलर के शेयर 4 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 157.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। ज्वैलरी कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। पीसी ज्वैलर पहली बार अपने शेयरों का बंटवारा (स्टॉक स्प्लिट) करने जा रही है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि उसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सोमवार 30 सितंबर 2024 को मीटिंग होगी, जिसमें शेयरों के बंटवारे पर विचार और इसे मंजूरी दी जाएगी।




### एक साल में 490 प्रतिशत चढ़ गए हैं पीसी ज्वैलर के शेयर

पीसी ज्वैलर के शेयरों में पिछले एक साल में तूफानी तेजी आई है। पीसी ज्वैलर के शेयर पिछले एक साल में 490 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। ज्वैलरी कंपनी के शेयर 25 सितंबर 2023 को 26.58 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 25 सितंबर 2024 को 157.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पीसी ज्वैलर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 157.30 रुपये है।

### इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में 205 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी

पीसी ज्वैलर के शेयरों में इस साल अब तक 205 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। ज्वैलरी कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को 50.35 रुपये पर थे। पीसी ज्वैलर के शेयर 25 सितंबर 2024 को 157.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 6 महीने में पीसी ज्वैलर के शेयरों में 185 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 26 मार्च 2024 को 54.14 रुपये पर थे, जो कि 25 सितंबर 2024 को 157.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 3 महीने में पीसी ज्वैलर के शेयरों में 195 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पीसी ज्वैलर का मार्केट कैप 7170 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

### 4 साल में 1000 प्रतिशत से ज्यादा उछले हैं कंपनी के शेयर

पीसी ज्वैलर के शेयर पिछले 4 साल में 1000 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 25 सितंबर 2020 को 14 रुपये पर थे। ज्वैलरी कंपनी के शेयर 25 सितंबर 2024 को 157.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

## 1 जनवरी से लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर इंपोर्ट करने के लिए नए सिरे से लेनी होगी मंजूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कंपनियों के पास लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर को इंपोर्ट करने के लिए साल के अंत तक का समय होगा, लेकिन उन्हें 1 जनवरी से नए सिरे से मंजूरी लेनी होगी। 30 सितंबर तक जारी किए गए मौजूदा परमिट साल के अंत तक वैध रहेंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आगे बताया कि मंजूरी के लिए विस्तृत गाइडलाइन जल्द ही जारी किए जाएंगे। सरकार का यह फैसला तब आया है, जब भारत ने पिछले साल लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात के लिए नई प्रणाली की घोषणा की थी, जब उसने भारत में त्न20 बैठक के दौरान उद्योग की आलोचना और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (स्नत्र) के बाद लाइसेंसिंग व्यवस्था लागू करने की अपनी योजना को वापस ले लिया था।

मंगलवार को जारी एक ऑफिशियल नोटिफिकेशन में कहा गया, ÷इंपोर्टर्स को 1 जनवरी, 2025 से नए प्राधिकरणों के लिए आवेदन करना होगा, जो जल्द ही प्रदान किए जाने वाले विस्तृत मार्गदर्शन के अधीन होंगे।÷

द इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया कि मौजूदा दिसंबर की समयसीमा के बाद कम से कम एक और तिमाही तक सिस्टम का और विस्तार किया जा सकता है।



सरकार फिलहाल वेट एंड वॉच मोड में है, क्योंकि कंपनियां आईटी हार्डवेयर के लिए संशोधित उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उत्पादन शुरू करने जा रही हैं। और इस क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण के महत्वपूर्ण स्तर पर पहुंचने के बाद बैन लगा सकती हैं।

पिछले साल लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर के आयात के लिए लाइसेंसिंग व्यवस्था शुरू करने का मूल कदम चीन से आयात को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया था, जो भारत में इन डिवाइसेज की सप्लाई में सबसे बड़ा हिस्सा रखता है। हालांकि, द इंडियन एक्सप्रेस ने पहले बताया था कि उद्योग से भारी विरोध के बीच पिछले अक्टूबर में सरकार द्वारा नीति को अस्थायी रूप से वापस लेने के बाद से कुल लैपटॉप आयात में चीन की हिस्सेदारी बढ़ गई है। भारत के पास अपनी खुद की लैपटॉप मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताओं का एक मजबूत स्थिति में है। चीन वैश्विक पीसी और लैपटॉप बाजार के 81 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करता है, और वहां किसी भी व्यवधान का वैश्विक प्रभाव हो सकता है।

# हैरी ब्रुक और विल जैक्स के तूफान में उड़ा ऑस्ट्रेलिया, रोक दिया कंगारुओं का विजय रथ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने मंगलवार 24 सितंबर 2024 की देर रात पांच मैच की सीरीज के तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को 46 रन (डीएलएस पद्धति) से हरा दिया। इंग्लैंड की जीत में हैरी ब्रूक और विल जैक्स की तेज और जिम्मेदारी भरी पारियों ने अहम भूमिका निभाई। हैरी ब्रुक 13 चौके और 2 छक्के की मदद से 94 गेंद में 110 रन बनाकर नाबाद रहे। विल जैक्स ने 9 चौके और एक छक्के की मदद से 82 गेंद में 84 रन की पारी खेली।

### सितंबर 2020 में आखिरी बार जीता था

इंग्लैंड ने इसके साथ ही 4 साल का सूखा खत्म किया। इंग्लैंड की यह ऑस्ट्रेलिया पर लगातार सात हार के बाद पहली वनडे जीत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की पिछले वनडे जीत 13 सितंबर




2020 को मैनचेस्टर में आई थी। तब इंग्लैंड ने 24 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराया था। उस मैच में इंग्लैंड की कमान इयोन मॉर्गन और ऑस्ट्रेलिया की एरोन फिंच के हाथों में थी।

इस हार के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की 14 मैच की जीत का सिलसिला खत्म हो गया। उनकी आखिरी वनडे हार पिछले साल विश्व कप में लखनऊ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई थी। चेस्टर-ले-स्ट्रीट के रिवरसाइड ग्राउंड पर खेले गए इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया तीसरे वनडे मैच में कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही।

ऑस्ट्रेलिया ने 34.3 ओवर में 5 विकेट पर 172 रन ही बनाये थे। हालांकि, निचले-मध्य क्रम में बल्लेबाजी के लिए आए एलेक्स कैरी (65 गेंद, 77 रन, 7 चौके, एक छक्का), ग्लेन मैक्सवेल (25 गेंद, 30 रन, 5 चौके), एरोन हार्डी (26 गेंद, 44 रन, 3 चौके, 2 छक्का) ने तेजी से रन बनाये।

इसी का नतीजा था ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 50 ओवर में 7 विकेट पर 304 रन तक पहुंच पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने 37.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 254 रन बना लिये थे। उसके बाद बारिश आ गई। बारिश बहुत ज्यादा नहीं थी, लेकिन लगातार होने के कारण खिलाड़ियों को मैदान छोड़ना पड़ा। अंपायर्स को भी काफी परेशानी हुई।

लगातार बूंदाबांदी जब थोड़ी तेज हुई तो अंपायर्स ने खेल रोक दिया। करीब 45 मिनट तक जब बारिश नहीं रुकी तो डीएलएस पद्धति के आधार पर इंग्लैंड को विजेता घोषित कर दिया गया। हालांकि, श्रृंखला अब भी जीवंत है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2-1 से आगे है और दो मैच होने बाकी हैं।

## 7 छक्के, 86 चौके और 498 रन... द्रोण देसाई ने बल्ले से मचाई तबाही



**नईदिल्ली,एजेंसी।** 18 साल के द्रोण देसाई ने दीवान बल्लूभाई कप अंडर-19 मल्टीडे टूर्नामेंट के दौरान 498 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवाया. उन्होंने अपनी पारी से मैदान में गदर काट दिया. मंगलवार को गांधीनगर के शिवाय क्रिकेट मैदान पर द्रोण ने जेएल इंग्लिश स्कूल के खिलाफ अपने स्कूल सेंट जेवियर्स (लोयोला) के लिए यह प्रचंड पारी खेली. द्रोण देसाई ने अपनी मैराथन पारी के दौरान 320 गेंदों का सामना किया, इसमें सात छक्के और 86 चौके शामिल थे. रिपोर्ट के मुताबिक- यह वार्षिक टूर्नामेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया जाता है जो गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आता है. देसाई ने मैच के बाद कहा कि वह इस बात से निराश हैं कि वह 500 रन के आंकड़े से चूक गए क्योंकि उन्हें नहीं पता था कि वह इस रिकॉर्ड के इतने करीब हैं. देसाई ने कहा- मैदान में कोई स्कोरबोर्ड नहीं था और मेरी टीम ने मुझे नहीं बताया कि मैं 498 रन पर बल्लेबाजी कर रहा हूं, मैंने स्ट्रोक खेला और आउट हो गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैं उन रनों को बनाने में कामयाब रहा.

द्रोण ने कहा- मैंने सात साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और मेरे पिता ने मुझे बहुत पुश किया क्योंकि उन्हें लगा कि मेरे अंदर एक अच्छा क्रिकेटर बनने की क्षमता है. वह मुझे जेपी सर (जयप्रकाश पटेल) के पास ले गए जिन्होंने 40 से ज्यादा क्रिकेटरों को कोचिंग दी थी. मैं क्लास 8 से 12 तक मैं स?िर्फ अपनी परीक्षाओं के लिए स्कूल जाता था. मैंने बस क्रिकेट खेलना जारी रखा और उम्मीद है कि एक दिन मैं नाम कमाऊंगा. द्रोण देसाई की पारी के बदौलत उनकी टीम ने जेएल इंग्लिश स्कूल पर एक पारी और 712 रन से जीत दर्ज की. अपनी टीम के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज देसाई गुजरात अंडर 14 टीम के लिए खेल चुके हैं और अब उन्हें राज्य की अंडर 19 टीम में जगह मिलने की उम्मीद है. उनका कहना है कि सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी देखने के बाद उन्हें खेल में उतरने की प्रेरणा मिली.


## भारतीय पुरुष हॉकी टीम अक्टूबर में जर्मनी की मेजबानी करेगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम अक्टूबर में दिल्ली में दो मैचों की द्विपक्षीय हॉकी श्रृंखला के लिए जर्मनी की मेजबानी करेगी। भारतीय हॉकी टीम आत्मविश्वास से लबरेज है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बरकरार रखा है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले सप्ताह मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर फाइनल में मेजबान चीन को 1-0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हासिल की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, जर्मनी के खिलाफ यह द्विपक्षीय श्रृंखला विश्व स्तरीय हॉकी का एक शानदार और यादगार प्रदर्शन होगा। भारत और जर्मनी दोनों का इस खेल में एक समृद्ध इतिहास है, और यह श्रृंखला प्रशंसकों को दुनिया की दो सबसे मजबूत टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाने का मौका देगी। हम इस आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित हैं, जो न केवल हॉकी की भावना को बढ़ावा देगा बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को भी मजबूत करेगा।

# युवराज के बिना हम 2007 टी20 विश्व कप नहीं जीत पाते: श्रीसंत

**जोधपुर, एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर श्रीसंत को लगता है कि तेजतर्रार ऑलराउंडर युवराज सिंह के बिना, भारत 2007 में पहला टी20 विश्व कप नहीं जीत पाता। 17 साल पहले 24 सितंबर को ही खचाखच भरे वांडरर्स स्टेडियम, जोहान्सबर्ग में भारतीय टीम ने उद्घाटन टी20 विश्व कप खिताब जीता था। भारत का मुकाबला पाकिस्तान के साथ था जहां धोनी के नेतृत्व में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की थी। एक रोमांचक रोमांचक मुकाबले में, खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास ने भारत को जीत दिला दी और खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई। इस महत्वपूर्ण जीत पर विचार करते हुए श्रीसंत ने महसूस किया कि यह एक सामूहिक टीम प्रयास था और किसी एक व्यक्ति की कड़ी मेहनत नहीं थी जिसने भारत को इतिहास बनाने की अनुमति दी। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सीनियर और जूनियर संयोजन था। धोनी कप्तान थे, लेकिन युवराज के बिना मुझे नहीं लगता कि हम विश्व कप जीत पाते। हमने सिर्फ धोनी की वजह से विश्व कप नहीं जीता। उनकी कप्तानी अच्छी थी, लेकिन याद रखना होगा कि पूरी टीम में पारिवारिक माहौल था। पूरा प्रबंधन हमारे साथ था। हमने किसी एक व्यक्ति की वजह से विश्व कप नहीं जीता। बता दें कि इसी संस्करण में युवराज चमके थे। उन्होंने ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में अपनी चमक दिखाई थी और छह छक्के लगाए थे।






बता दें कि फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान एक समय जीत की पोजीशन में था। धोनी ने अंतिम ओवर में जुआ खेला और गेंद जोगिंदर शर्मा को दे दी। मिस्बाह-उल-हक के स्ट्राइक पर होने से पाकिस्तान लगभग जीत की कगार पर था। लेकिन पाकिस्तान का बल्लेबाज स्कूप करने गया और श्रीसंत के हाथों लपका गया, जिससे टी20 प्रारूप में भारत का दबदबा कायम हो गया। श्रीसंत ने इस पर कहा कि हां, मैंने आखिरी कैच लिया था और उससे पहले मैंने अफरीदी का कैच पकड़ा था। मैंने यॉर्कर के साथ सोहेल तनवीर का नौवां विकेट लिया। इसलिए यह अच्छा लगा। यह भारत के लिए खेलने और विश्व कप जीतने का एक बड़ा मौका था। फाइनल में इरफ़ान पठान को उनके सनसनीखेज स्पेल के लिए मैन ऑफ द मैच का ताज पहनाया गया।

## कोहली और पंत रणजी खेल सकते हैं

### 2019 के बाद पहली बार दिल्ली के संभावित खिलाड़ियों की सूची में नाम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी 2024-24 के कुछ मैच खेल सकते हैं। 2019 के बाद पहली बार इन दोनों खिलाड़ियों को दिल्ली के संभावितों की सूची में शामिल किया गया है। जबकि तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा को जगह नहीं दी गई है। बुधवार को दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 84 खिलाड़ियों की सूची जारी की।

विराट कोहली ने आखिरी रणजी मुकाबला 2012-13 के सीजन में खेला था। जबकि ऋषभ पंत ने 2015 में आखिरी रणजी मैच खेला था। रणजी ट्रॉफी का मौजूदा सीजन 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। दिल्ली का पहला मुकाबला छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेला जाएगा, हालांकि इस मुकाबले का वेन्यू तय नहीं है।कुछ ही मैच खेल सकेंगे कोहली और पंत कोहली और पंत मौजूदा रणजी के कुछ ही मैच खेल सकेंगे, क्योंकि टीम टीम को अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 मैच खेलने हैं। फिर 16 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज भी होनी है। इसी बीच, 11 अक्टूबर से दिल्ली का रणजी मैच भी होगा।ऐसे में विराट कोहली इस मुकाबले का हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि वे टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं, जबकि ऋषभ पंत को टी-20 सीरीज से आराम दिया जा सकता है।

## सीपीएल 2024 में जमाए सबसे ज्यादा छक्के, फाफ डु प्लेसी के साथ तोड़ा पार्टनरशिप रिकॉर्ड, 40 गेंदों में कमाल कर टीम को जिताया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीपीएल 2024 की पिच पर 24 सितंबर की शाम छक्कों की बारिश देखने को मिली. 35 साल के एक बल्लेबाज ने इस मैच में इतने छक्के मारे कि छ्ठ्ठके इस सीजन में वो सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाला बल्लेबाज बन गया. त्रिनबागो



नाइट राइडर्स के खिलाफ सेंट लुसिया किंग्स की ओर से खेल रहे इस बल्लेबाज का नाम जॉनसन चार्ल्स था. 35 साल के चार्ल्स मिजाज से विस्फोटक बैटर हैं. और, इस मैच में उन्होंने खेला भी उसी अंदाज में. उन्होंने छक्कों की बारिश करने के अलावा अपने कप्तान फाफ डु प्लेसी के साथ इस मैच में सेंट लुसिया किंग्स के लिए पार्टनरशिप का रिकॉर्ड भी तोड़ा.मुकाबले में टॉस जीतकर त्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लुसिया किंग्स को पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा. लेकिन, ये दांव उलटा पड़ गया क्योंकि ओपनिंग करने उतरे सेंट लुसिया किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसी और जॉनसन चार्ल्स विकेट पर आकर जम गए. विकेट के दोनों छोर से रनों की बारिश होने लगी. और, जब ऐसा हुआ तो एक रिकॉर्ड पार्टनरशिप की स्क्रिप्ट लिखी गई.

## चौथी कक्षा के बाद नहीं ली क्लास फिर भी स्कूल ने दी 90 लाख की गाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में कई सालों तक शतरंज का केवल का एक ही चेहरा था, नाम था विश्वनाथन आनंद। कई सालों तक आनंद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल्स जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। कई सालों तक आनंद के अलावा कोई और यह कामयाबी हासिल नहीं कर सका। हालांकि 2024 में यह स्थिति अलग है। भारत में एक नहीं कई ऐसे नाम हैं जिन्हें आनंद का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। इसमें प्रमुख नाम है डी गुकेश। 18 साल का यह खिलाड़ी कई ऐसे कारनामे कर चुका है जो भारत के लिए अब तक केवल आनंद ने ही किए हैं।

### 17 साल की उम्र में कैंडिडेट्स चैंपियन बने गुकेश

डी गुकेश ने इस साल 17 साल की उम्र में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता। इस टूर्नामेंट को जीतने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी थे। वहीं आनंद के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे। इतनी कम उम्र में गुकेश की यह सफलता आपको हैरान कर सकती है लेकिन इस सफलता के लिए बहुत कुछ त्याग किया है।



### गुकेश लगातार नहीं गए स्कूल

गुकेश ने चेस बेस इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने आम बच्चों की तरह बचपन नहीं जिया। वह चौथी के बाद लगातार स्कूल नहीं गए। हालांकि उन्हें इस बात का अफसोस नहीं है। गुकेश का यह भी कहना है कि वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे और जब तक लगातार स्कूल गए वह टॉपर थे। इसके बाद उन्होंने एक ही चीज पर फोकस करने का फैसला किया और शतरंज को चुना।

### गुकेश को गिफ्ट में मिली लग्जरी कार

गुकेश ने भले ही लगातार स्कूल जाना छोड़ दिया हो लेकिन उनका स्कूल उनकी हर कामयाबी का जश्न मनाता है। गुकेश जब कैंडिडेट्स जीतकर देश लौटे तो वेलामल विघालय अयनामबक्कम ने एक बड़ा कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम में गुकेश को गिफ्ट के तौर पर 90 लाख रुपए की मर्सिडीज बेंज दी थी। सिर्फ गुकेश नहीं बल्कि वर्ल्ड कप के रनरअप आर प्रज्ञानंद भी इसी स्कूल के छात्र रहे हैं। वहीं विश्वनाथन आनंद भी इसी स्कूल के छात्र हैं।

### गुकेश ने गर्लफ्रेंड के सवाल पर दिया जवाब

इसी इंटरव्यू में गुकेश से पूछा गया कि क्या उनकी कोई गर्लफ्रेंड है। गुकेश ने हंसते हुए जवाब दिया कि उनकी कोई गर्लफ्रेंड नहीं है। इसके बाद उनसे सवाल किया, 'क्या आपको लगता है कि गर्लफ्रेंड होने का असर आपके खेल पर होगा।' गुकेश ने जवाब देते हुए कहा, 'मैंने इस बारे में कभी सोचा नहीं है। हालांकि अगर ऐसा होता है तो चेस को दिए जाने वाले समय में कमी होगी। वह रिश्ता चेस का समय लेगा। जरूरी नहीं इसका खेल पर असर हो लेकिन यह आपका समय जरूर डिमांड करता है। मुझे नहीं लगता मेरी अभी उम्र है कि मैं यह सब करूं।'

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मंगलवार 24 सितंबर की देर रात 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की टीम में वापसी हुई है। अफरीदी को खराब फॉर्म के कारण इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। 15 टेस्ट मैच में 47 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली चोटिल तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद की जगह लेंगे। खुर्रम शहजाद बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान लगी चोट से अब तक उबर नहीं पाए हैं। नोमान अली को बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में हुई दो टेस्ट मैच की सीरीज में नहीं चुना गया था। बांग्लादेश ने उन दोनों मैच में जीत हासिल की, जिससे बड़ा उलटफेर हुआ था।

### प्रभावशाली हैं नोमान अली के फर्स्ट क्लास आंकड़े

नोमान अली के फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए आंकड़े काफी प्रभावशाली हैं। सिंध के संघर में 7 अक्टूबर 1986 को जन्मे



नोमान ने 115 फर्स्ट क्लास मैच में 394, 92 लिस्ट ए मुकाबलों में 119 और 45 टी20 मैच में 41 विकेट लिये हैं। हालांकि, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट क्रिकेट में ही पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है।

फिटनेस समस्याओं के कारण बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से बाहर रहे ऑलराउंडर आमिर जमाल को ठीक होने के बाद टीम में बरकरार रखा गया है। टीम के बाकी खिलाड़ियों में वही खिलाड़ी शामिल हैं, जो बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में हुई सीरीज का हिस्सा थे।

### कामरान गुलाम और मोहम्मद अली भी योजना का हिस्सा

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में बांग्लादेश टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा रहे कामरान गुलाम और मोहम्मद अली को भी इंग्लैंड श्रृंखला के लिए चयनकर्ताओं की योजनाओं में रखने का फैसला किया है। हालांकि, मैच फिटनेस बनाए रखने के लिए उन्हें चैंपियंस वन-डे कप और प्रेसिडेंट्स कप जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलना जारी रखने की सलाह दी गई है।

### 7 से 11 अक्टूबर तक मुल्तान में होना है पहला टेस्ट

पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच 7 से 11 अक्टूबर तक मुल्तान में होने वाला है। टीम की घोषणा के बाद और मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी की सिफारिश के आधार पर, चयनित खिलाड़ियों को चैंपियंस वन-डे कप प्लेऑफ से रिलीज कर दिया गया, ताकि उन्हें सीरीज से पहले कुछ आराम मिल सके। टीम 30 सितंबर सोमवार को मुल्तान में एकत्रित होगी और एक अक्टूबर से प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा।

### ये है इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम

शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, मीर हमज़ा, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नसीम शाह, नोमान अली, सैम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर) और शाहीन शाह अफरीदी।

पाकिस्तान पुरुष रेड-बॉल टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी का कहना है, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के कारण, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले हमारे खिलाड़ियों को कुछ आराम देना समझदारी है। हम पाकिस्तान में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हम घरेलू समर्थकों के सामने खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

### ये है पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जॉर्डन कॉक्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जोश हल, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन, क्रिस वोक्स।



# कृतिका कामरा की बंबई मेरी जान को एक साल पूरे

● एक्टर बोलीं- ऐसा किरदार हमेशा आपके साथ रहता है

अपने शो बंबई मेरी जान के रिलीज होने के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कृतिका कामरा ने कहा कि हबीबा उन भूमिकाओं में से एक है, जो हमेशा कायम रहेगी। इस तरह की कहानियों का हिस्सा होने पर मुझे गर्व है। बंबई मेरी जान में अभिनेत्री कृतिका ने बोल्ड महिला हबीबा की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, एक साल बाद बंबई मेरी जान को वापस देखना अकल्पनीय है। हबीबा का किरदार निभाना एक अविस्मरणीय एवम् शानदार अनुभव था। मुझे अभी भी सेट पर शो खत्म होने के बाद मिला प्यार याद है।

कृतिका ने कहा, हबीबा उन भूमिकाओं में से एक है, जो आपके साथ हमेशा रहती है। मुझे इस तरह की कहानी का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है। कृतिका ने दो साल पूरे कर चुकी फिल्म हश हश का भी जिक्र किया। इस फिल्म में उनके साथ जूही चावला, सोहा अली खान और शहाना गोस्वामी जैसी एक्ट्रेसेज ने काम किया था। उन्होंने कहा, हश हश एक यादगार यात्रा थी। अविश्वसनीय सह-कलाकारों के साथ काम करना और एक ऐसी कहानी का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात थी, जिसका मुझ पर गहरा प्रभाव पड़ा। शो को दो साल से जो प्यार मिला है, वह अब भी मुझे हैरान करता है। अभिनेत्री ने कहा, इन दोनों शो ने सशक्त भूमिकाएं प्रदर्शित करने का एक अविश्वसनीय अवसर दिया।



# अपने जन्मदिन से पहले ही जश्न में डूबी हिना खान

स्तन कैंसर से लड़ रहीं अभिनेत्री हिना खान की इन दिनों कीमोथेरेपी चल रही है। 2 अक्टूबर को वो सैंतीस साल की हो जाएंगी, लेकिन अभिनेत्री ने अपने जन्मदिन से पहले ही इस जश्न में डूबने का फैसला कर लिया है।

इंस्टाग्राम स्टोरीज पर हिना ने अपने 20.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ एक दिल छू लेने वाला पल शेयर किया, जिसमें उन्होंने गुलाब की नाजुक पंखुड़ियों से सजे एक शानदार केक का स्नैपशॉट पोस्ट किया और उसके ऊपर एक सुनहरी मोमबत्ती रखी। केक की खूबसूरती उनके फैशन से मेल खाती है, जिसमें लिखा है, जश्न शुरू हो गया है, फर्स्ट केक। यह सरल लेकिन सुंदर इशारा उनके जन्मदिन के जश्न की शुरुआत को दर्शाता है, जो इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान जीवन के खास पलों को गले लगाते हुए आशा और खुशी बिखेरता है। हिना ने 11 सितंबर को अपनी हेल्थ के बारे में अपडेट शेयर किया था। उन्होंने कहा कि उनका म्यूकोसाइटिस पहले से काफी बेहतर है। इसके साथ ही उन्होंने अपने फैंस को ढेर सारा प्यार भेजने के लिए धन्यवाद दिया।

अभिनेत्री ने लिखा, मैं आपको कुछ अपडेट देना चाहती हूं। मेरा म्यूकोसाइटिस पहले से बहुत बेहतर है। मैंने आपके सभी कमेंट और सुझावों को पढ़ा है। आप सभी ने मेरी बहुत मदद की है, आप सभी को ढेर सारा प्यार भेज रही हूं।

# मेरी मां नीना गुप्ता ने मुझे अभिनेत्री बनने की इजाजत नहीं दी: मसाबा गुप्ता



अपने स्ट्रीमिंग शो 'मसाबा मसाबा' से अभिनय में कदम रखने वाली प्रमुख फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता ने बताया कि उनकी मां और अनुभवी अभिनेत्री नीना गुप्ता ने उन्हें अभिनय की दुनिया में आने से मना कर दिया था। मसाबा ने अपनी मां की सोच के पीछे का कारण बताते हुए कहा कि बाजार की ताकतें उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में एक दायरे में रखती थीं, क्योंकि उस समय इंडस्ट्री अलग तरीके से काम करती थी। छीनी सिंह द्वारा होस्ट किए गए पॉडकास्ट में मसाबा ने कहा, उन्होंने मुझे अभिनेत्री बनने की अनुमति नहीं दी।

मुझे याद है कि मुंबई में अनुपम खेर का एक्टिंग स्कूल है, और मैंने कहा कि मैं एक्टिंग की पढ़ाई करना चाहती हूं क्योंकि मैं अभिनेत्री बनना चाहती हूं, और उन्होंने कहा कि इसके बारे में सोचना भी मत। तुम्हें पता है कि तुम्हारा लुक आर्टिस्टिक, इंटरनेशनल और लगभग नॉन-इंडियन है। तुम्हें एक बॉक्स में डाल दिया जाएगा। और उस समय इंडस्ट्री बहुत अलग थी। डिजाइनर-अभिनेत्री ने आगे बताया, मेरी मां ने कहा कि तुम निराश हो जाओगी तुम कुछ ऐसा करो जिसके लिए तुम्हें अपना दिमाग लगाना पड़े और जो तुम जीवन भर कर सको। उन्होंने कहा, अरे, तुम एसएनडीटी में कोशिश करना चाहती हो एडमिशन खुले है।

मैं वहां गई और मैंने अपना फॉर्म भर दिया। मेरे टेस्ट ग्रेड मार्क्स उस फॉर्म को लेने के लिए पर्याप्त थे। मेरे मार्क्स अछे थे और उन्होंने मुझे एडमिशन दे दिया। उन्होंने कहा, ठीक है, एक सप्ताह में प्रवेश परीक्षा दो। मसाबा ने यह भी बताया कि नेपोटिम केवल फिल्म उद्योग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर उद्योग या पेशे में है। उन्होंने कहा, नेपोटिम हर उद्योग में है। वकील का बेटा वकील बनता है। डॉक्टर का बेटा डॉक्टर बनता है, और उनके पिता उनकी सिफारिश करते हैं। यही दुनिया का तरीका है। यह सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में है। हां,मगर कभी-कभी मुझे लगता है कि बॉलीवुड में नेपोटिम के कारण गलत लोगों को अवसर मिल जाता है। उन्होंने कहा, यह दुनियाभर में होता है। मगर यह पब्लिक इंडस्ट्री है और इसे सब आराम से देख पाते हैं।



# 'जून' एक्ट्रेस नेहा दिनेश आनंद आईफा ग्रीन कार्पेट करेंगी होस्ट

बहुप्रतीक्षित आईफा 2024 बस आने ही वाला है और इसने लोगों के बीच काफी उत्सुकता पैदा करदी है। इस उत्साह को और बढ़ाने वाली हैं 'जून' एक्ट्रेस नेहा दिनेश आनंद, जो अवॉर्ड शो के ग्रीन कार्पेट की होस्टिंग करती नज़र आएंगी। वह बॉलीवुड के साथ-साथ इंटरनेशनल पर्सनालिटीज से भी बातचीत करेंगी। आईफा के ग्रीन कार्पेट पर नेहा दिनेश आनंद के साथ, दर्शक इंडस्ट्री की मशहूर हस्तियों के साथ एक मनोरंजक और यादगार शाम की उम्मीद कर सकते हैं। नेहा दिनेश आनंद ने हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म 'जून' में अपने दमदार अभिनय से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई, जो उनका एक्टिंग डेब्यू था। विभिन्न फिल्म फेस्टिवल्स में पसंदीदा बनी यह फिल्म ओटीटी पर आने के बाद से ही दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से पॉजिटिव रीव्यूज पा रही है। बरनाली रे शुक्ला द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नेहा मुख्य किरदार जून की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं, जो आजादी की तलाश में है।



# जूनियर एनटीआर ने आलिया को बताया सच्ची दोस्त

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों काफी चर्चा में हैं। दोनों अपनी आगामी फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। आलिया भट्ट जिगरा में नजर आने वाली हैं, जबकि एनटीआर देवरा में नजर आएंगे। हाल में ही दोनों देवरा का जिगरा नामक इंटरव्यू के लिए जुटे थे। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे के साथ काफी मजेदार और दिलचस्प बातें कीं। इस बातचीत के दौरान जूनियर एनटीआर ने खुलासा किया वो और आलिया अछे दोस्त हैं।

### एनटीआर ने आलिया को बताया मुंबई में सची दोस्त

आलिया और जूनियर एनटीआर इससे पहले साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म आरआरआर में साथ काम कर चुके हैं। इस इंटरव्यू के दौरान एनटीआर ने खुलासा करते हुए बताया कि आलिया शुरू से ही मुंबई में उनकी एक सची दोस्त रही हैं। इस इंटरव्यू के दौरान दोनों के साथ दिग्गज हिंदी फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर भी मौजूद थे। इस बातचीत के दौरान एनटीआर ने कहा, मैं बॉम्बे में आलिया के अलावा किसी और दोस्त की कल्पना नहीं कर सकता। निश्चित रूप से उनके बाद ही रणबीर से भी दोस्ती हुई। उन्होंने आगे कहा, रणबीर और मैं नहीं दोस्त नहीं थे, पहले मेरी और आलिया की दोस्ती हुई और फिर बाद में रणबीर के साथ मेरी दोस्ती हुई।

### एनटीआर और आलिया भट्ट का दिखा मस्तीभरा अंदाज

इस बातचीत के दौरान दोनों ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की। दोनों के बीच इस बात पर काफी विचार हुआ कि उनकी फिल्मों में से सबसे पहले किसकी फिल्म का नाम रखा गया था। हालांकि, बाद में ये निष्कर्ष निकाला गया कि देवरा ही वो फिल्म थी, जिसका नाम पहले रखा गया। दोनों इस दौरान काफी चकित थे कि कैसे दोनों की फिल्मों का उच्चारण एक जैसा ही लगता है। बताते चलें कि देवरा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जबकि आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा भाई बहन के रिश्ते पर आधारित एक भावनात्मक फिल्म है।



# तृप्ति डिमरी के डांस नंबर मेरे महबूब की हो रही चर्चा


अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, जो अपनी आगामी फिल्म विकी विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आने वाली हैं, उन्होंने हाल ही में एक दिलचस्प खुलासा किया है। तृप्ति डिमरी ने बताया कि उन्होंने अपने डांस नंबर मेरे महबूब के लिए रवीना टंडन और कैटरीना कैफ के लोकप्रिय गाने टिप टिप बरसा पानी के संस्करणों से प्रेरणा ली है। गाने में देखा जा सकता है कि तृप्ति नीले रंग की इंडो-वेस्टर्न पोशाक पहनकर बेहद खूबसूरती के साथ नृत्य कर रही हैं। गाने में एक बारिश सीन है, जहां वह राजकुमार राव के साथ झूमती दिख रही हैं।

करण जौहर का बयान

# इंडस्ट्री ने नहीं किया शाहरुख की क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल



## आमिर को बताया गेम चेंजर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान अक्सर चर्चाओं में बने रहते हैं। वह बीते कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। हाल में ही दिग्गज निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने उनके बारे में बात की है।

उन्होंने कहा कि शाहरुख को मुख्य धारा के सितारे के रूप में अपनी क्षमताओं का पूरी तरह से इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी गई। निर्देशक ने कहा, वह एक ऐसा अनोखा सितारा बनना चाहते थे, जो सिनेमा को बदल दे। हालांकि, अब कोई भी इसकी अनुमति नहीं देगा। निर्देशक ने आगे कहा कि जब शाहरुख खान का नाम लिया जाता है, तो उनके नाम के साथ एक उम्मीद जुड़ी होती है।

करण जौहर हाल में ही हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ एक इंटरव्यू के दौरान शाहरुख खान और आमिर खान को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि सुपरस्टार की छवि बनाए रखने का दबाव, अक्सर शाहरुख जैसे अभिनेता को लीक से हटकर कुछ अलग भूमिकाएं करने से रोकता है।

उन्होंने कहा कि शाहरुख ने पहेली और अशोका जैसी फिल्मों के साथ आदर्श से हटकर कदम उठाने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी कहा कि शाहरुख में हमेशा से प्रयोग करने और बदलाव लाने की इछा रही है, जो उनके करियर की शुरुआत से ही स्पष्ट रही है।

दुल्हनियां ले जाएंगे की सफलता ने उन्हें इस रास्ते पर डाल दिया। इस फिल्म के बाद उनकी कई प्रेम कहानियों वाली फिल्में आईं, लेकिन वह हमेशा से कुछ अलग तरह की भूमिकाएं करना चाहते थे। निर्देशक ने कहा कि शाहरुख का केतन मेहता, कुंदन शाह और मणि कौल जैसे निर्देशकों के साथ काम करना इस बात का सबूत है।



# क्या वाकई आम्रपाली दुबे ने मुस्लिम रीति-रिवाज से रचा ली है शादी

भोजपुरी अदाकारा आम्रपाली दुबे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में वे दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का गेटअप ऐसा है कि वे मुस्लिम दुल्हन वाले मेकअप में नजर आ रही हैं। इसके अलावा आज मंगलवार को भी आम्रपाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें साझा की है, जिनमें वे बुर्का पहने दिख रही हैं। इसके बाद यूजर्स पूछ रहे हैं कि क्या आम्रपाली ने निकाह कर लिया है। आइए जानते हैं सच

आम्रपाली दुबे की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, वह दरअसल, अभिनेत्री की आगामी फिल्म की हैं। आम्रपाली दुबे की अगली फिल्म का नाम है रोजा। इन दिनों वे इसी फिल्म की तैयारियों में जुटी हैं। शूटिंग के साथ-साथ वह इसका प्रमोशन भी कर रही हैं। आम्रपाली ने आज तस्वीरें शेयर कर लिखा है, मूवी- रोजा।

आम्रपाली का यह लुक उनकी आगामी फिल्म के लिए है, लेकिन उनके फैंस को पसंद नहीं आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, सच बताऊं तो आपको इस रूप में देखकर बहुत गुस्सा आ रहा है।

एक यूजर ने लिखा, क्या नूर है। एक अन्य यूजर ने लिखा, आप तो ऐसे भी बहुत अछी लगती हो, फिर इसकी क्या जरूरत।